सुप्रभात
रांची, सोमवार
19.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 334



12 हार्ट ऑफ स्टोन में विलेन बनेंगी आलिया भट्ट

## न्यूज डायरी

### आदिपुरुष फिल्म के संवादों में होगा बदलाव

**नयी दिल्ली।** आदिपुरुष फिल्म के निर्माताओं ने रविवार को घोषणा की है कि जनता और दर्शकों की राय को ध्यान में रखते हुए फिल्म के कुछ संवादों में बदलाव करने का निर्णय लिया गया है। कुछ संवादों में बदलाव पर विचार कर रहे हैं।

### गीता प्रेस को 2021 का गांधी शांति पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** विश्वप्रसिद्ध गीता प्रेस को 2021 का महात्मा गांधी शांति पुरस्कार दिया जायेगा। पीएम की अध्यक्षता वाली जूरी ने इसका फैसला लिया है।

### सात्विक-चिराग की जोड़ी ने रचा इतिहास

**नयी दिल्ली।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने इतिहास रच दिया है। सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। रविवार को मेंस डबल्स के फाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और सोह वुई यिक को 21-17, 21-18 से हराया।

### सात वर्षीय आशाइन ने कराटे में दो पदक जीते

**रांची।** झारखंड की सात वर्षीय खिलाड़ी आशाइन जुरिएल मिंज ने कराटे में दो पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में चल रहे इंडिया ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में भारतीय टीम के लिए रविवार का दिन खास रहा। आशाइन ने कुमिते में श्रीलंका के खिलाड़ी को सेफा में हराया।

### होटल में अगलगी से 25 लाख की संपत्ति खाक

**बोकारो।** बालीडीह थाना क्षेत्र में रांची राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 23 स्थित राजू सत्यम फूड प्लाजा होटल में रविवार सुबह भीषण आग लग गयी। जिसमें करीब 25 लाख रुपये की संपति जलकर खाक हो गयी। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

### बिहार के पांच जिलों में वार्म नाइट का अलर्ट

**पटना।** पूरा बिहार इस वक्त भीषण गर्मी की चपेट में है और पूरे प्रदेश में उष्ण लहर का प्रकोप बना हुआ है। हीट वेव ने 11 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है। पिछले तीन दिनों में लू की चपेट में आने से 40 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। पटना समेत पांच जिलों में सीवियर हीट वेव के साथ वार्म नाइट भी दर्ज है।

### पटना : झमाझम बारिश से गर्मी से मिली राहत

**पटना।** रविवार को बिहार के पटना में बारिश होने से लोगों राहत मिली। झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया, हालांकि बारिश के बाद तेज धूप भी खिल गयी थी। हई. मौसम विभाग ने पटना के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है. बढ़ती गर्मी के कारण अब तक 40 लोगों की मौत हो गयी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

# जेइइ एडवांस्ड में लोहरदगा का आयुष बना झारखंड टॉपर

खबर मन्त्र ब्यूरो



आयुष

**रांची।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने आइआइटी प्रवेश परीक्षा जेइइ एडवांस्ड 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस बार भी झारखंड के स्टूडेंट्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। लोहरदगा के छात्र आयुष ने ऑल इंडिया में 94वां रैंक के साथ झारखंड में टॉप किया है। संजय गांधी पथ निवासी रवि भूषण सिंह और नीलिमा सिंह के पुत्र आयुष सिंह को ऑल इंडिया रैंक में 94वां रैंक हासिल हुआ है। उसकी सफलता से पूरा परिवार काफी खुश है। वहीं डीपीएस रांची के किसलय का ऑल इंडिया रैंकिंग 519 है। इसी स्कूल की धृति वर्णवाल 544 रैंकिग लाने में सफल रहीं। डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने अपनी मेधा शक्ति के बल पर इस परीक्षा में एक बार फिर से शानदार प्रदर्शन करके अपनी योग्यता साबित की है।

किसलय ऑल इंडिया 519 रैंक के साथ स्कूल टॉपर बने एवं विद्यालय का नाम रौशन किया। इनके अलावा धृति बरनवाल (एआईआर 544), निशांत रंजन (एआईआर 627), आर्यन कुमार सिंह (एआईआर 1294), अपूर्वा ओजस्वी (एआईआर 1357), प्रतीक रतन (एआईआर 1382), अर्नव प्रतिव (एआईआर 2554), अक्षित अभिनव कुजूर (एआईआर 2983), इशिता बेदी (एआईआर 3315) और जय कुमार (एआईआर 3612) शामिल है। साथ ही, अक्षित अभिनव कुजूर ने एसटी रैंक-22 हासिल किया। (शेष पेज 11 पर)

## रांची के किसलय और धृति बर्णवाल भी अव्वल

### लक्ष्य के प्रति गंभीर था आयुष

आयुष की इस शानदार सफलता से झारखंड का नाम रौशन हुआ। पिता रवि भूषण सिंह हिंडालको कंपनी में लोहरदगा रेलवे साइडिंग स्थित अनलोडिंग स्टेशन के साइडिंग इंचार्ज हैं। माता नीलिमा सिंह लोहरदगा में ही शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में शिक्षिका हैं। माता-पिता के अनुसार आयुष शुरू से ही अपने लक्ष्य को लेकर गंभीर था। वह 10 से 12 घंटे रोजाना पढ़ाई करता था। अब वह अपने कॉलेज के चयन को लेकर काफी उत्साहित है। परीक्षा को लेकर उसने कड़ी मेहनत की थी। जानकारी के अनुसार आयुष ने लोहरदगा एमबीडीएवी पब्लिक स्कूल से 10वीं की परीक्षा पास की थी, जबकि 11वीं और 12वीं की परीक्षा एलले गार्डन रांची से की।

### कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई करेंगी धृति



किसलय घृति

धृति बर्णवाल को इस बात की खुशी है कि वह आईआईटी से पढ़ाई करेंगी। वह आईआईटी से कम्प्यूटर साइंस की पढ़ाई करेंगी। भविष्य में वह क्या बनना चाहती हैं, इस सवाल के जवाब में धृति ने कहा कि सबसे करीब जो लक्ष्य है, उसे पहले हासिल कर लेना है। यही मेरी सोच है। मैं लंबी प्लानिंग नहीं करती। आगे क्या करना है, उसके बारे में बाद में सोचेंगे। वह हर दिन 11 घंटे की पढ़ाई करती थी। फिजिक्स उनका पसंदीदा सब्जेक्ट है।

## लड़कों में वीसी रेड्डी, जबकि लड़कियों में भव्याश्री टॉपर



**नयी दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) में दाखिले के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेइइ-एडवांस्ड का रिजल्ट रविवार को जारी किया गया। इस बार की परीक्षाओं में हैदराबाद जोन का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। टॉप 10 में से 6 छात्र हैदराबाद जोन से हैं। हैदराबाद जोन के वाविलला रेड्डी ने 341 अंकों से टॉप किया है। वहीं, लड़कियों में भी हैदराबाद जोन की ही नयाकांति नगा भव्या श्री ने 298 अंक के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। ऑल इंडिया टॉपर की लिस्ट में तीसरे स्थान पर ऋषि कालरा, चौथे स्थान पर राघव गोयल हैं, यह दोनों ही छात्र आईआईटी रुड़की जोन के हैं। छठा स्थान आईआईटी दिल्ली जोन के छात्र प्रभव खंडेलवाल ने हासिल किया है।

## सूर्य दिखा रहा रौद्र रूप, सभी जिलों का पारा 40 पार

# जानलेवा बन गयी गर्मी 20 से बारिश की उम्मीद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में गर्मी अपने चरम पर है। भीषण गर्मी में सूर्य भी अपना रौद्र रूप दिखा रहा है। इससे पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। राज्य में कोई भी ऐसा जिला नहीं है जिसका तापमान 40 डिग्री से कम है। ऐसी भीषण गर्मी में अगर राहत देने वाली बात है तो वह है मौसम विभाग का पूवार्नुमान। मौसम विभाग ने कहा है कि 20 जून से बारिश की उम्मीद की जा सकती है। आइएमडी के अनुसार पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड में मामसून के आगे बढ़ने के की परिस्थितियां अनुकूल हैं, और जल्द ही दस्तक दे सकती हैं। राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में रविवार की सुबह और फिर शाम में हुई हल्की बारिश से लोगों ने राहत की थोड़ी सांस ली।

### विभाग ने दी खुशखबरी

मौसम विभाग ने रविवार को मॉनसून को लेकर बड़ी खुशखबरी दी है। रोजाना जारी किये जाने वाले अपडेट में मौसम विभाग ने कहा है कि साउथवेस्ट मॉनसून के लिए अगले दो से तीन दिनों के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। यानी कि इन राज्यों में जल्द ही मॉनसून की अच्छी तरह से दस्तक हो सकती है, जिससे झमाझम बारिश होने की भी संभावना है। प्रचंड गर्मी के चलते लोग मॉनसून का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मानसून में देरी से लोगों का सब्र भी टूटने लगा है। अब लोग गर्मी से राहत के लिए पूजा कर रहे हैं। झुलसाने वाली गर्मी से जनजीवन परेशान हैं। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार 20 जून से पहले झारखंड में अभी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। 20 जून से देवघर के मौसम में बदलाव आने की संभावना है। 20 जून को अधिकतम तापमान 41 डिग्री एवं उमस भरी गर्मी के बाद शाम में तीन मिमी। बारिश की भी संभावना है। 21 जून को तापमान में तेजी से गिरावट आने की संभावना है। 21 जून को अधिकतम तापमान 37 डिग्री एवं पांच मिमी तक बारिश होने की संभावना है। 21 जून को आसमान में बादल छाये रहेंगे और बारिश की भी संभावना है।

### हल्की बारिश से थोड़ी राहत



गर्मी...



बारिश...

भीषण गर्मी के बीच राजधानी रांची और राज्य के कई इलाकों में रविवार सुबह और फिर देर शाम हुई हल्की बारिश से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली है। राजधानी का तापमान 41 डिग्री के करीब बना हुआ है। पिछले चार दिनों से रांची में उच्चतम तापमान 40 डिग्री से अधिक बना हुआ है। संताल परगना के गोड्डा जिले का उच्चतम पारा 46 डिग्री के पार हो गया है। डालटेनगंज का तापमान भी 45 डिग्री के करीब पहुंच गया है। लोग परेशान हैं। पूरे राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर मौसम विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की सलाह दी है। आलम यह है कि लोगों को चेहरे पर कपड़ा बांधकर एवं छाता लेकर घर से निकलना पड़ रहा है। दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही कम देखी जा रही है। शहरों के मुख्य बाजारों और चौराहों पर सन्नाटे की स्थिति है।

## फिर बढ़ी स्कूलों में गर्मी छुट्टी, अब 22 को खुलेंगे

**रांची।** झारखंड में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण सरकार ने स्कूलों में एक बार फिर गर्मी की छुट्टी बढ़ा दी है। अब, राज्य में सभी कोटि के स्कूलों को 8वीं तक के बच्चों के लिए 21 तक बंद करने की घोषणा की। राजधानी का पारा भी 40 पार कर गया है। ऐसे में फिर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने एक बार फिर से स्कूल की छुट्टियां बढ़ा दी है। कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11 बजे तक चलेंगी। इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होने वाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए सूचना दी जायेगी। इसे लेकर झारखंड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से रविवार को आदेश जारी किया गया है।

# चाईबासा में फिर हुआ ब्लास्ट, बच्चे की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र में रविवार को आइइडी बम की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गयी। वहीं एक व्यक्ति घायल है। नक्सलियों ने पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए बम लगाये थे। घटना के बाद पुलिस को सूचना देर से मिली, इसलिए पुलिस घटनास्थल की ओर रवाना नहीं हो पायी है। सोमवार को पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना होगी। जानकारी के अनुसार नक्सल प्रभावित गोईलकेरा थाना अंतर्गत रेला गांव के समीप नक्सलियों ने पुलिस जवानों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से ये बम लगाये थे। मृतक की पहचान गोईलकेरा थाना के रेला गांव निवासी बिष्णु होनहागा (25) के रूप में की गयी। बताया जाता है कि वह रविवार सुबह जंगल लकड़ी लाने जा रहा था। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी की चपेट में आ गया। धमाके में उसका दाहिना पैर उड़ गये। शरीर के कई अंगों में क्षति पहुंची। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। बाद में ग्रामीणों के द्वारा घटना की जानकारी स्थानीय गोइलकेरा पुलिस को दी। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में काफी दहशत व्याप्त है। (शेष पेज 11 पर)

# उम्मीद बढ़ी : वंदे भारत का दूसरा ट्रायल रन भी सफल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** वन्दे भारत ट्रेन अपने दूसरे ट्रायल में रविवार को पटना से हटिया स्टेशन पहुंची। पटना से सुबह 7 बजे खुली यह गाड़ी दोपहर 1.22 बजे रांची स्टेशन आयी। इससे पहले जहानाबाद, गया, कोडरमा, हजारीबाग, बरकाकाना से मेसरा, टाटीसिल्वे स्टेशनों पर रुकते हुए वह यहां तक आयी। रांची दोपहर 1.05 बजे रांची पहुंची। 1.20 पर हटिया स्टेशन पहुंची। वहां से पटना के लिए दोपहर बाद 3:55 बजे रवाना हो गयी। दूसरे ट्रायल रन के दौरान रांची रेल मंडल के कुछ अधिकारी रांची स्टेशन पर और कुछ अधिकारी हटिया स्टेशन पर उपस्थित रहे। स्टेशन पर मौजूद कुछ लोगों ने वन्दे भारत ट्रेन के अंदर का दृश्य देख आनंद जताया। उम्मीद जतायी कि जल्द ही रेलवे मंत्रालय हटिया से पटना के बीच इस आनंददायक और आधुनिक ट्रेन की सुविधा यात्रियों को उपलब्ध हो जायेगे। वन्दे भारत ट्रेन का पहला ट्रायल 12 जून को किया गया था। रविवार को हुए दूसरे ट्रायल में भी ट्रेन में केवल टेक्निकल टीम के सदस्य ही मौजूद थे। किसी भी यात्री को इसमें परमिशन नहीं था। 26 जून से नियमित तौर पर इसके चलने की उम्मीद है। परिचालन में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। (शेष पेज 11 पर)

# आज नेत्रदान के बाद भगवान जगन्नाथ लोगों को देंगे दर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सोमवार 19 को प्रभु जगन्नाथ में नेत्र उत्सव में नव यौवन रूप के दर्शन होंगे। 14 दिनों के बाद प्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ भक्तों को देंगे दर्शन। इसके एक दिन बाद यानी 20 को रथ यात्रा निकलेगी। नेत्र उत्सव को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। मान्यता है कि प्रभु के अलौकिक रूप के दर्शन मात्र से पुण्य मिलता है। सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रभु जगन्नाथ का नेत्र उत्सव होगा। इस मौके पर जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के नवयौवन रूप के दर्शन सुलभ होंगे। इस मौके पर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जायेगी। हरिभंजा के जगन्नाथ मंदिर में दिन में ही नेत्र उत्सव किया जायेगा। साथ ही भंडारे का आयोजन कर प्रसाद का भी वितरण किया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)




# 2025 तक टीबीमुक्त भारत का संकल्प

## मोदी मन की मात

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 102वें संस्करण को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने संकल्प किया है 2025 तक टीबी मुक्त देश बनाने का। लक्ष्य बहुत बड़ा जरूर है, पर भारत इस दिशा में काम कर रहा है और यह संकल्प जरूर पूरा होगा।

एक समय था जब टीबी का पता चलने के बाद परिवार के लोग ही दूर हो जाते थे, लेकिन ये आज का समय है, जब टीबी के मरीज को परिवार का सदस्य बनाकर उनकी मदद की जा रही है। पीएम ने कहा, मन की बात कार्यक्रम को रंग बिरंगे मोतियों की एक सुंदर माला है, जो लोगों में सामूहिकता, कर्त्तव्य परायणता एवं सेवा भाव भरके भारत की सामूहिक शक्ति का जागरण कर रहा है। (शेष पेज 11 पर)

### कैच द रेन जरूरी



आपदा प्रबंधन की जो ताकत भारत ने वर्षों में विकसित की है, वह आज मिसाल बन रही है। इसका मुकाबला करने का एक बड़ा तरीका है प्रकृति का संरक्षण। आज देश 'कैच द रेन' जैसे सामूहिक प्रयास कर रहा है। आखिरकार लोगों ने अपनी इस प्राकृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने का फैसला किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में जल संरक्षण के बारे में कहा- मुझे बहुत अच्छा लगा कि कैसे देशवासियों के अच्छे काम, दूसरों को भी प्रेरित कर रहे हैं। इससे सीखकर वे भी अपने हुनर से देश और समाज के लिए कुछ बेहतर करने की कोशिश करते हैं। यही तो हम भारतवासियों की वो सामूहिक शक्ति है, जो देश की प्रगति में नयी शक्ति भर रही है। पीएम का मासिक रेडियो कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू हुआ।

### भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा

# उनके ट्वीट पर सरकार की नजर, दाहू यादव को पकड़ने का होता है मॉक ड्रिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के मुताबिक उनके ट्वीट पर सरकार नजर रखती है। वे जब भी कुख्यात दाहू यादव के आतंक की चर्चा करते हैं, तो फरार चल रहे इस अपराधी को पुलिस को उसकी खोजबीन करने की नाटक करने का आदेश दिया जाता है। अब फिर उसे पकड़े जाने का मॉक ड्रिल शुरू किया गया है। पर इसका होना क्या है, कुछ नहीं। बाबूलाल मरांडी ने ट्विटर पर अपनी बात रखते कहा है कि यह आततायी राज्य की पुलिस के हाथ नहीं आयेगा। केंद्रीय एजेंसियां चाहें तो इसे पकड़ सकती हैं। मुख्यमंत्री को उनके अन्य ट्वीट्स और पत्रवीर बोलकर उनकी चिठ्यिों का उपहास उड़ाने के बदले गंभीरता दिखानी चाहिये थी। ऐसा नहीं करने के चलते ही राज्य इतनी बदहाल स्थिति में पंहुचा है। सरकार की ऐसी दुर्गति और थू-थू हो रही है। तंज कसते उन्होंने कहा कि आखिर झामुमो का प्रण क्या है, वास्तव में प्रण है फिर



झारखंड को लूटने का। फिर बिचौलियों को पूजने का। अवैध कोयला, बालू, पहाड़ बेचने का। जनता को चूसने का। दलालों के हाथों में सत्ता देने का।

### ईमानदार अफसरों के लिए काम करना कठिन

बाबूलाल मरांडी ने ट्विटर पर गढ़वा में अवैध बालू उठाव और तस्करों को पकड़ने गये सीओ पर हमले को लेकर चिंता जतायी है। उन्होंने कहा है कि जब पत्रकारों ने सीओ से हमले के बारे में पूछा कि आप पुलिस को साथ लेकर क्यों नहीं गये तो उन्होंने कहा कि पुलिस को लेकर जाता तो सूचना लीक हो जाती। सीओ स्तर के अधिकारी की यह बेचारगी है। अपनी ही पुलिस पर उन्हें विश्वास नहीं है। वे जान जोखिम में डालकर तस्करों को पकड़ने गये। श्री मरांडी के अनुसार यह वास्तविक भी है। माफियाओं के साथ पुलिस की ऐसी साठगांठ है कि कुछ ईमानदार अधिकारी पुलिस को भी खुफिया जानकारी नहीं साझा करना चाहते हैं। क्योंकि वसूलीबाज और अक्षम पुलिस के लिए सबसे बड़ा रूपईया है।

## प्रधानमंत्री व्यस्त कार्यक्रम में भी मन की बात नहीं भूलते : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने समाज के सभी वर्ग के साथ बैठकर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को राज्य के 29 हजार से अधिक बूथों पर सुना। कार्यक्रम के बाद कार्यकताओं ने फोटो सहित सरल पोर्टल पर उसे लोड भी किया। यह कार्यक्रम भाजपा का नियमित और महत्वपूर्ण कार्यक्रम बन चुका है।



सांसद दीपक प्रकाश ने चाईबासा के पिल्लई हॉल में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। श्री प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मन की बात संबोधन में पूरा भारत समाया रहता है। यह मन की बात, भारत की बात बन चुका है। उन्होंने कहा कि अपनी आगामी विदेश यात्रा के व्यस्त कार्यक्रम के बीच भी प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम को स्थगित नही किया, जो उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जनता का एक बौद्धिक खुराक बन चुका है। नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा हर माह रंग बिरंगे फूलों से सजे माला की तरह मन की बात कार्यक्रम को जनता की सेवा में समर्पित किया जाता है। जिसकी खुशबू सम्पूर्ण विश्व को सुगंधित करती है। प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने ओरमांझी में प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने नामकुम में और बाल मुकुंद सहाय ने पहाड़ी मंदिर रांची के बूथ पर मन की बात कार्यक्रम में भाग लिया।

**खबर एक नजर में**

### सीएम सोरेन से मिले भाकपा के डी राजा



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राष्ट्रीय सचिव के नारायण और बालचंद कांगो, झारखंड प्रदेश राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवं कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंह ने औपचारिक मुलाकात की।

### सीएम से मिले मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रवींद्र सिंह



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद के नवनियुक्त अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास में मिलकर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि बोर्ड निगम का गठन कर कांग्रेस के कार्यकताओं को मान सम्मान देने के लिए आपको हार्दिक बधाई और धन्यवाद देने के लिए आया हूं।

### मन की बात का इंतजार करती है जनता : जयसवाल



**रांची।** भाजपा नेता संजय जयसवाल के नेतृत्व में पीएम मन की बात बूथ संख्या 26-27 पर सुनी गयी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के 150 लाभुकों के साथ मोदी जी की मन की बात मधुकम रुगड़ी गढ़ा में सुनी। इसमें मुख्य रूप से भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा उपस्थित थी। श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद की मन की बात में कई अहम जानकारियां हमें मिलती है। मौके पर किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ललित नारायण ओझा, युवा मोर्चा के जिला मंत्री शुभम जयसवाल, सुखदेव नगर मंडल के महामंत्री राजकुमार जयसवाल, एसटी मोर्चा के सुनीता कुमारी, विजय साहू कुकू सहित सैकड़ों लाभार्थी उपस्थित थे।

### दीपक प्रकाश आज से गिरिडीह दौरे पर

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश 19जून से गिरिडीह के प्रवास पर रहेंगे। श्री प्रकाश 19, 20 जून को विभिन्न बैठकों में शामिल होंगे। 21 जून योग दिवस को मधुबन में योग करेंगे। 22 जून को गिरिडीह में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की विशाल जनसभा में शामिल होंगे। महा जनसंपर्क अभियान के व्यस्त कार्यक्रम के बीच 19 से 23 जून तक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश गिरिडीह के प्रवास पर रहेंगे। 19 जून को श्री प्रकाश गिरिडीह में शाम 4 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की होनेवाली जनसभा की तैयारियों से संबंधित बैठक में शामिल होंगे। 20जून को प्रदेश अध्यक्ष 11बजे पूर्वाह्न गांडेय में और 3 बजे अपराह्न जमुआ में महा जनसंपर्क अभियान के तहत आयोजित वरिष्ठ कार्यकताओं एवम विशिष्ठ जन की बैठक को संबोधित करेंगे। 21 जून को वे मधुबन में पार्टी द्वारा आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## सहायक पुलिसकर्मियों की मांगों पर विचार करे सरकार : रघुवर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर सहायक पुलिसकर्मियों के संबंध में सरकार की ओर से किये गये वादों के अनुरूप मांगे मानने का आग्रह किया है। अपने पत्र में श्री दास ने लिखा है कि सहायक पुलिसकर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने मिलकर अपनी समस्याओं को रखते हुये एक आवेदन दिया है। मेरे कार्यकाल के दौरान 12 नक्सल प्रभावित जिलों में 2500 सहायक पुलिसकर्मी की बहाली की गई थी। सहायक पुलिसकर्मियों का उपयोग व्यापक स्तर पर किया भी जा रहा है। प्रतिनिधियों ने बताया कि आपके कार्यकाल में सहायक पुलिसकर्मियों के प्रतिनिधिमंडल की राज्य सरकार के साथ दो बार वार्ता हुई है। अंतिम बार 02 नवंबर



2021 में लिखित वार्ता हुई थी। जिसमें सहायक पुलिसकर्मियों के मांगो पर 60 दिनों के अंदर गंभीरतापूर्वक विचार कर समाधान के लिये सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्णय लिये जाने के बारे में लिखित दिया गया था। लेकिन, उसके बाद इस पर अग्रतर कोई कार्रवाई या प्रगति नहीं हुई है। आपसे निवेदन है की इनकी समस्याओं का समाधान करें। ताकि सहायक पुलिसकर्मियों का भविष्य अंधकारमय न हो एवं उनको समुचित हक मिल सके।

## 22 जून को संकल्प दिवस मनायेगी आजसू पार्टी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी 22 जून को पूरे राज्य में संकल्प दिवस मनाएगी। संकल्प दिवस की तैयारियों को लेकर पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान राज्य गठन के उद्देश्य का मूल्यांकन करते हुए राज्य की दिशा और दशा पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान आजसू पार्टी के नेता एवं पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित भी करेंगे। 13 जुलाई 2023 तक भी विधानसभा में जनपंचायत आयोजित की जाएगी जिसमें आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो शामिल रहेंगे। अलग अलग विधानसभा में पार्टी के पदाधिकारी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने हरमू, रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। इस दौरान आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**इन विधानसभा क्षेत्रों में ये रहेंगे मौजूद :** आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो रांची, खिजरी एवं सिल्ली विधानसभा में, डुमरी एवं रामगढ विधानसभा में चंद्र प्रकार चौधरी एवं सुनिता चौधरी, गोमिया विधानसभा में लम्बोदर महतो, बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा में उमाकांत रजक एवं बबिता देवी, पोटका एवं जुगसलाई विधानसभा में रामचंद्र सहिस, बडकागांव में रौशन लाल चौधरी, राजमहल, बोरियो एवं बरहेट विधानसभा में एम टी राजा एवं चतुरानंद पांडेय, लिटीपाड़ा, पाकुड एवं महेशपुर में अकील अख्तर, नाला में माधाव चंद्र महतो, जामताड़ा में तरूण गुप्ता एवं राजेश महतो, दुमका एवं सिकारीपाड़ा में अजय सिंह, जामा एवं जरमुंडी में सुजीत मूर्मू, मुधुपुर, सारठ एवं देवघर में आदर्श, राजा साहनी एवं महेश राय, पोडेयाहाट, गोड्डा एवं महगामा में सुरेश महतो, देवेंद्र महतो, दीपक मंडल एवं रंजीत राय, कोडरमा में शालिनी गुप्ता, मांडू में तिवारी महतो, बरकळा, हजारीबाग एवं बरही में विकास राणा, प्रदीप मेहता एवं राज सिंह, सिमरिया एवं चतरा में पारस नाथ सिंह, शीवलाल दांगी एवं छोटू गुप्ता, धनवार, बगोदर एवं जमुआ में अनुप पाण्डे एवं शंकर यादव, गाण्डेय में अर्जून बैठा, गिरिडीह में गुड्डू यादव, बेरमो में काशी नाथ सिंह, नवीन महतो एवं संतोष महतो, सिंदरी एवं नीरसा में मंटू महतो, धनबाद एवं झरिया में राधेश्याम गोस्वामी, टूंडी एवं बाघमारा में हलधर महतो एवं संतोष महतो, बहरागोरा एवं घाटशीला में फनी महतो, राजू कर्मकार एवं श्याम मूर्मू, जमशेदपुर पूर्वी एवं पश्चिमी विस में कन्हैया सिंह एवं चंद्रगुप्त सिंह, ईचागढ में हरेलाल महतो, सरायकेला एवं खरसांवा में संजय जरिका, चाईबासा, मंझगांव एवं जगरनाथपुर में दामू बानरा, नन्दलाल बिरूआ एवं मंगल सुरिन, मनोहर पुर में बिरसा मुण्डा, चक्रधरपुर में रामलाल मुण्डा, तोरपा एवं खूंटी में मथुरा साहू, तमाड में राजेंद्र मेहता, हटिया में भरत काशी, कांके, सिसई, बिसुनपुर एवं गुमला में देवशरण भगत, मांडर में निमर्ला भगत, सिमडेगा एवं कोलेबिरा में गोपीनाथ सिंह एवं धुपेन्द्र पाण्डेय, लोहरदगा में हसन अंसारी एवं नीरू शांति भगत, मनिका एवं लातेहार में लाल गुड्डू नाथ साहदेव एवं अमित पांडेय, पांकी व डालटेनगंज इम्तियाज अहमद नजमी, बिकेश शुक्ला, विजय मेहता एवं बबलू गुप्ता, बिशुनपुर, छत्तरपुर एवं हुसैनाबाद कुशवाहा शिवपुजन मेहता दिलीप चौधरी, गढ़वा एवं भवनाथपुर में सतीश कुमार, दीपक शर्मा एवं गुप्तेश्वर ठाकुर मौजुद रहेंगे।

## अधिकारी-कर्मचारी मोर्चा की प्रदेश स्तरीय कमेटी बनाने के लिए बनी 15 सदस्यीय संयोजक मंडली



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में ओबीसी संवर्ग के अधिकारी-कर्मचारियों को विभिन्न समस्याओं से गुजरना पड़ता है। मामला चाहे तबादले का हो, प्रमोशन का हो, उनके साथ भेदभाव बरती जाती है और कई जगहों पर प्रताड़ित भी किया जाते हैं। ऐसी परिस्थिति में उनकी समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के एक विंग के रूप में राष्ट्रीय ओबीसी अधिकारी-कर्मचारी मोर्चा का गठन करेगा। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में आज ओबीसी संवर्ग के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि ओबीसी अधिकारी-कर्मचारियों के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार का राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा कड़ा विरोध करेगा। राष्ट्रीय ओबीसी अधिकारी-कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश स्तरीय कमेटी गठित करने के लिए 15 सदस्यीय संयोजक मंडली बनाया गया है।

**संयोजक मंडली में इन्हें मिली जगह :** संयोजक मंडली में ध्रुव प्रसाद, पंकज कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार यादव, डॉ धर्म रक्षित विद्यार्थी, डॉ अजय कुमार गुप्ता, डॉ शिवानंद काशी, डॉ नवीन कुमार आर्य, दीपेश कुमार निराला, शिव नारायण महतो, अरविंद कुमार, जगत कुमार सोनी, डॉ राजीव कुमार, सुभाष कुमार,आनंद किशोर साहू, ज्ञानचंद साहू, कुमार ब्रजेश को जगह दी गयी है।

## वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा, बनी रणनीति



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की केंद्रीय कोर कमिटि की एक बैठक रविवार को सुकुरहुट्टू में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु के आवास पर हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। बैठक में 6 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले महाधरना कार्यक्रम की तैयारी सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों, व्यवसायियों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्यों को निशाना बनाने के खिलाफ आंदोलन और अभियान को सफल बनाने के लिए वैश्य मोर्चा के हर पदाधिकारियों को अपनी-अपनी जवाब देही पूरा करना होगा।

बैठक में तय किया गया कि सभी स्तर के पदाधिकारी नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर 6 जुलाई के महाधरना में शामिल होने के लिए अपने-अपने क्षेत्र से ट्रेन या अन्य साधन का उपयोग करेंगे।

### शिबू सोरेन ने चार जुलाई को जिला अध्यक्षों एवं सचिवों की बैठक बुलायी

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गया है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने 4 जुलाई को राज्य के सभी जिलों के अध्यक्षों एवं सचिवों की बैठक बुलायी है। यह बैठक रांची के हरमू स्थित सोहराई भवन में सुबह 10.30 बजे से होगी। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने इस बात की जानकारी दी। बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही की समीक्षा होगी। पार्टी की 12वें केंद्रीय महाधिशेवन के बाद सदस्यता अभियान पर पर भी चर्चा होगी। वहीं पार्टी की सांगठनिक स्थिति पर मंथन होगा। सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने और प्रचार-प्रसार करने की रणनीति तैयार की जायेगी।

### पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखंड के केएनजे हाई स्कूल में वन प्रबंधन एवं संरक्षण महासमिति और जोहार भारत फेडरेशन के कार्यक्रम में लिया हिस्सा

# अधिक से अधिक पौधरोपण करें, ताकि भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रहे : राज्यपाल

### पर्यावरण सुरक्षा आज विश्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखंड के केएनजे हाई स्कूल में वन प्रबंधन एवं संरक्षण महासमिति और जोहार भारत फेड्रेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा आज विश्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है और इसके लिए पूरा विश्व चिंतित है। पर्यावरण असंतुलन के कारण सूखा, अत्यधिक गर्मी, अनावृष्टि, बेमौसम अतिवृष्टि इत्यादि में वृद्धि हो रही है। इस कारण करोड़ों लोग प्रभावित हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण प्राकृतिक संसाधनों का अविवेकपूर्ण दोहन होना, कूड़े-कचड़े और अपशिष्ट पदार्थों का अनियोजित ढंग से फेंका जाना, कल-कारखानों के निर्माण के साथ ही उससे होनेवाले प्रदूषण को रोकने के उपाय का अभाव, कीटनाशक पदार्थों का अंधाधुंध प्रयोग, वैज्ञानिक तकनीक का न अपनाना तथा जानकारी का अभाव होना है।



### आज भू-गर्भ जल का स्तर निरंतर नीचे जा रहा है

उन्होंने कहा कि निरंतर बढ़ती हुई जनसंख्या की मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति तथा उनके आर्थिक स्तर मैं वृद्धि के लिए औद्योगिक विकास अत्यंत ही आवश्यक है। परिवहन के साधन में भी वृद्धि होना जरूरी है, लेकिन इसके साथ वृक्षारोपण में भी वृद्धि भी उसी अनुपात में आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि आज भू-गर्भ जल का स्तर निरंतर नीचे जा रहा है। विभिन्न जिलों में भ्रमण के क्रम में वहां जल-स्तर एवं सिंचाई संबंधी समस्या से लोगों ने मुझे अवगत कराया। उनके द्वारा उपायुक्त एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को जल-संचयन के लिए लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए राज्य सरकार का भी ध्यान आकृष्ट किया जा रहा है।

### देश की सर्वाधिक खनिज संपदा यहां मौजूद

राज्यपाल ने कहा कि हमारा राज्य खनिज संपदा से परिपूर्ण है। देश का सर्वाधिक खनिज संपदा यहां मौजूद है। यदि इसका सुनियोजित तरीके से उपयोग किया जाय तो दुनिया की कोई ताकत हमारे राज्य की समृद्धि को रोक नहीं सकती। बस पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि इस संस्था द्वारा दिनांक 5 जून से 17 जून तक गांवों में पर्यावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, आज समापन समारोह है। संस्था द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य किया जाना सराहनीय है। पर्यावरण के क्षेत्र में पद्मश्री जमुना टुडू का उल्लेखनीय योगदान रहा है। राज्यपाल ने कहा कि उनका प्रयास है कि आने वाले एक वर्ष में राज्य में 1 करोड़ से अधिक पौधे लगाये जाये जिसमें 90 प्रतिशत फलदार पौधे हों।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना होगा

राज्यपाल ने सभी से अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए आग्रह किया, ताकि आगे आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को आगे आना होगा। राज्यपाल ने कहा कि परिवार में होने वाले सभी शुभ कार्यों यथा शादी के अवसर पर, किसी शिशु के जन्म लेने के अवसर पर या अन्य महत्वपूर्ण अवसर पर पौधा अवश्य लगाएं। इतना ही नहीं पर्यावरण को बचाने के लिए कोई भी सामाग्री लेने बाहर जाये तो कपड़े का थैला लेकर जायें।

**10वीं की स्टेट टॉपर श्रेया और जिला टॉपर कुणाल को किया सम्मानित**

राज्यपाल ने उक्त कार्यक्रम में 10वीं की स्टेट टॉपर श्रेया एवं जिला टॉपर कुणाल, जो चाकुलिया के रहने वाले हैं को सम्मानित किया। साथ ही पर्यावरण के रक्षा करने वाले एवं अन्य सामाजिक कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया।

### राज्यपाल ने चाकुलिया के ग्रामीणों के साथ किया संवाद, कहा

## जनहित की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आपको स्वयं आगे आना होगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला के चाकुलिया प्रखंड के भतकूंदा ग्राम में ग्रामीणों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकती है परंतु आपको आगे बढ़ने के लिए सतत प्रयास करना होगा। यह भी जरूरी है कि आपके परिवार एवं समाज में नशापान न हो। नशापान करने से आपके एवं आपके समाज का विकास नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उनके सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। जिस किसी सरकारी योजना की जानकारी उपलब्ध नहीं



है, उसके संबंध में गंभीरता से जानकारी प्राप्त करें एवं अन्य लोगों को भी इसकी जानकारी प्रदान करें।

उन्होंने लोगों से कहा कि आप अपने बच्चों को शिक्षा प्रदान करें। शिक्षा प्राप्त कर वे सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में अपना योगदान देंगे तो आपके सामाज के अन्य लोग भी ऐसा करेंगे।

मौके पर जिला प्रशासन की ओर से राज्यपाल को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि योजना, आंगनबाड़ी योजना, बिरसा हरित ग्रामीण योजना समेत केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया।

राज्यपाल ने वन पट्टा की समीक्षा के क्रम में कहा कि यहां पर इस योजना को कार्यान्वित किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि सरकार किसानों के हित में कई योजनाएं चला रही है। राज्यपाल स्वयं सहायता समूह के कार्यों से भी अवगत हुए।

## आकाश इंस्टीट्यूट के कुमार शुभम को मिला एआइआर 4164, सेंटर टॉपर बने

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अपने नाम, इतिहास एवं परंपरा को दोहराते हुए एक बार फिर से आकाश इंस्टिट्यूट के छात्र-छात्राओं ने ना सिर्फ जमशेदपुर शहर में बल्कि संपूर्ण राज्य में अपना कीर्तिमान स्थापित किया। ज्ञातव्य है कि आज 18 जून 2023 को जेईई एडवांस्ड की परीक्षा परिणाम घोषित हुई, जिसमे आकाश के छात्र छात्राओं ने अव्वल परिणाम प्राप्त किया।

कुमार शुभम बारिक आकाश जमशेदपुर केंद्र में दो वर्ष के नियमित इंजीनियरिंग कोर्स में दाखिला लिया था, उन्होंने ऑल इंडिया केटेगरी रैंक रैंक 4164(ओबीसी एनसीएल) प्राप्त किया है। वह पूरे तीन वर्ष एक बहुत ही सुसंगत छात्र रहे है और उसने अपनी सभी कक्षाओं और परीक्षणों को पूरी ईमानदारी से लिया है।

## जेइइ एडवांस-2023 में नारायणा जमशेदपुर के 39 छात्र हुए सफल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान ह्यह्यनारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपु के छात्र-छात्राओं ने पुनः एक बार जे.ई.ई. (एडवान्स)-2023 में अपार सफलता अर्जित की है। नारायणा जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्री श्याम भूषण ने कहा कि नारायणा जमशेदपुर सेन्टर में रिजल्ट जांचे जाने तक 39 छात्र सफल हुए है। सफल छात्रों की सूची जारी की गई की है, जबकि अभी रिजल्ट की जांच होनी बाकी है। पुनः उन्होंने कहा कि नारायणा न केवल इंजिनियरिंग एवं मेडिकल इन्स्टीच्यूट के रूप में बल्कि एक ग्रुप के रूप में नारायणा अपनी इंजिनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, डेन्टल कॉलेज, जूनियर कॉलेज आदि के लिए पूरे भारत में अपना एक अहम स्थान रखता है।

# राममंदिरम, बिष्टुपुर से 20 को निकलेगी भव्य रथयात्रा, इस्कॉन ने पूरी की तैयारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



रथयात्रा की जानकारी देते इस्कॉन,जमशेदपुर के स्वामी पद्मनाभ जगन्नाथ।

**जमशेदपुर।** एक वर्ष के इंतजार के बाद इस बार फिर इस्कॉन जमशेदपुर द्वारा प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा 20 जून को बिष्टुपुर राम मंदिर से निकाली जाएगी । इस्कॉन भक्तों के साथ साथ शहर के विभिन्न धार्मिक संगठनों एवं भक्तो की कीर्तन मंडली, हरे कृष्णा -हरे रामा के महामंत्र की धुन पर अपने प्रभु जगन्नाथ, मां सुभद्रा एवं बलभद्र जी के रथ को मौसी बाड़ी तक ले जाएंगे। रथ यात्रा के लिए तीन रथ तैयार किए गए हैं , जिस पर प्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भैया बलभद्र जी विराजमान हो कर अपने भक्तो के साथ नगर भ्रमण करेंगे । इस आयोजन में जमशेदपुर एवं आसपास के इलाकों से, हजारों की संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है , और यही वजह है इस्कॉन जमशेदपुर, यात्रा से लगभग एक महीने पहले से ही इसकी तैयारी शुरू कर देते हैं।

इसी सिलसिले में आज दिनांक 18 जून दिन रविवार को बिष्टुपुर आंध्र भक्त श्री राम मंदिर में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस्कॉन मंदिर जमशेदपुर के प्रमुख स्वामी पद्मनाभ जगन्नाथ दास जी की अध्यक्षता में संपूर्ण तैयारियों की समीक्षा की गई। लगभग 750 की संख्या में विभिन्न संगठनों के स्वयंसेवक तीनो रथों की अलग-अलग जिम्मेदारी निभाएंगे। रथ यात्रा के सफल आयोजन के लिए इस्कॉन जमशेदपुर ने शहर के तमाम सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों का सहयोग लेने का निर्णय लिया । बैठक में रथ यात्रा की पूरी प्रक्रिया , संचालन, यात्रा के मार्ग में आने वाली रुकावटें एवं बाधाओं से निपटने की तैयारी, और यात्रा में शामिल भक्तो को असामाजिक तत्वों से किस प्रकार सुरक्षित रखा जाए, इसकी जानकारी दी गई ।

यह रथयात्रा दोपहर 2:30 बजे बिष्टुपुर आंध्र भक्त श्री राम मंदिर से आरंभ हो कर, गोपाल मैदान जुस्को गोल चक्कर, स्ट्रेट माइल रोड, कीनन स्टेडियम, साकची बड़ा गोल चक्कर, कालीमाटी रोड होते हुए शहीद चौक, जे एन ए सी गोल चक्कर पर जाकर संध्या 7:30 बजे समाप्त होगी। रथ यात्रा के दौरान 4.5 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी एवं रास्ते में जलपान, प्रसाद एवं विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थों से लैस स्टॉल की व्यवस्था विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं भक्तों द्वारा की जा रही है।

**ये संगठन भक्तों की करेंगे सेवा :** इस रथयात्रा में मुख्य रूप से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर एवं सैन्य मातृ शक्ति, क्रीड़ा भारती , द वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी, रॉयल योगा, रोबिन हुड आर्मी, साईं वाटिका, बाल गणपति विलास, ग्रीन कैप्स फाउंडेशन, प्रभु प्रेमी संघ, बिरसा मुंडा जन कल्याण समिति, जय हिंद क्लब एग्रिको, साइलेंट टेल्स एनजीओ, सहित दर्जनों छोटे बड़े संगठनो के लगभग 750 स्वयसेवक प्रभु जगन्नाथ जी को अपनी सेवा देंगे। यात्रा के दौरान शांति एवं सामाजिक सद्भाव का विशेष ध्यान रखने कि अपील की गई है।

## नारायण आइटीआइ में मना झांसी की रानी लक्ष्मी बाई का बलिदान दिवस

**जमशेदपुर।** रविवार को नारायण प्राइवेट आईटीआई संस्थान में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की शहादत दिवस मनाई गई। एवं सभी कर्मचारियों के दौरा उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किया गया।इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डाक्टर जटा शंकर पांडे ने कहा झाँसी 1857 के संग्राम का एक प्रमुख केन्द्र बन गया जहाँ हिंसा भड़क उठी। रानी लक्ष्मीबाई ने झाँसी की सुरक्षा को सुदृढ़ करना शुरू कर दिया और एक स्वयंसेवक सेना का गठन प्रारम्भ किया। इस सेना में महिलाओं की भर्ती की गयी और उन्हें युद्ध का प्रशिक्षण दिया गया। साधारण जनता ने भी इस संग्राम में सहयोग दिया। झलकारी बाई जो लक्ष्मीबाई की हमशक्ल थी को उसने अपनी सेना में प्रमुख स्थान दिया।1857 के सितम्बर तथा अक्टूबर के महीनों में पड़ोसी राज्य ओरछा तथा दतिया के राजाओं ने झाँसी पर आक्रमण कर दिया। रानी ने सफलतापूर्वक इसे विफल कर दिया।

एक नजर में

## फैज इमदाद ने इडब्ल्यूएस कैटगरी में पाया 535वां रैंक

खबर मन्त्र ब्यूरो



अपने मामा अकरम खान के साथ फैज।

**जमशेदपुर।** शहर के बच्चो ने जेईई एडवांस में बेहतरीन प्रदर्शन किया है. शहर के ही फैज इमदाद ने जेईई एडवांस में इडब्ल्यूएस कैटेगरी में 535 वां रैंक हासिल किया है। उन्होंने एलेन कोटा से जेईई की तैयारी की थी। फैज इमदाद झारखंड युवा मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष अकरम खान के भगने है। फैज की सीएमएल रैंक 4602 है। उन्होंने ने मैट्रिक जेवियर स्कूल तमुलिया से किया है और इंटर की पढ़ाई करीम सिटी कॉलेज से पूरी की है। कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग करना चाहते है फैज : फैज इमदाद ने कहा की वो आईआईटी रुड़की या आईआईटी मुंबई से वह कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी में इंजीनियरिंग करना चाहते है। फैज इमदाद के पिता इमरान खान और माता जीनत परवीन उसके इस परिणाम से काफी खुश है। उन्होंने कहा की पूरे परिवार की मेहनत का यह नतीजा है की फैज ने हमारा नाम रोशन किया है।

**दिन में 16 घंटे करता था पढ़ाई, मोबाइल से बनाई दूरी :** फैज इमदाद ने बताया कि उन्होंने दिन में 16 घंटे पढ़ाई कर इस परीक्षा की तैयारी की थी, और वो मोबाइल से पूरी तरह दूरी बनाए हुए थे। उन्होंने कहा मोबाइल को सिर्फ बुनियादी या पढ़ाई संबंधित जानकारी के लिए ही इस्तेमाल करते है। पढ़ाई पूरी एकाग्रता से करने पर अच्छे नंबर आ सकते है।

## आर्यन सिंह को जेइइ एडवांस में मिला 1293वां रैंक

खबर मन्त्र ब्यूरो



अपनी माता शालिनी सिंह के साथ आर्यन।

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर निवासी आर्यन सिंह ने देश के प्रतिष्ठित जेईई एडवांस एग्जाम में 1293 एआइआर हासिल कर अपने परिवार को गौरवान्वित किया है। आर्यन देश के किसी बड़े आईआईटी से कंप्यूटर साइंस में बीटेक करना चाहते है। आर्यन के पिता राजेश कुमार सिंह सेंट्रल जीएसटी विभाग में अधीक्षक है एवम माता शालिनी सिंह गृहणी है। पिता के मुताबिक आर्यन पढ़ने में बचपन से ही तेज है। वह जेईई की कोचिंग के सिवा बचपन से कभी कोई ट्यूशन नही लिया था। उसकी बड़ी बहन इसी साल आईआईटी से कंप्यूटर साइंस में बीटेक कंप्लीट की है। दोनो बच्चो के आईआईटियन बनने पर पूरा परिवार बहुत ही खुश है।

## डॉ रामसेवक विकल की कृति श्रीमद्भागवत गीता का भोजपुरी भावानुवाद लोकार्पित



पुस्तक को लोकार्पित करते दिनेश्वर प्रसाद सिंह, अरविंद विद्रोही एवं अन्य अतिथि।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** रविवार 18 जून 2023 को गोलमुरी स्थित भोजपुरी भवन में डा रामसेवक विकल जी की कृति श्रीमद भागवत गीता का भोजपुरी भावानुवाद का लोकार्पण उपस्थित अतिथियों द्वारा हुआ। आयोजक डा आदित्य कुमार अंशु(सुपुत्र डा रामसेवक विकल)थे। मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश्वर प्रसाद दिनेश उपस्थित थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद विद्रोही व संचालन वरुण प्रभात ने किया। सर्व प्रथम डा रामसेवक विकल के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके प्रति अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। स्वागत भाषण राधेश्याम शर्मा ने किया। तत्पश्चात उपस्थित अतिथि साहित्यकारों द्वारा डा रामसेवक विकल की कृति श्रीमद भागवत गीता का विधिवत लोकार्पण किया गया। डा रामसेवक विकल के लिखे गीत की प्रस्तुति जीतेश कुमार तिवारी ने अपने सुमधुर आवाज में किया। इस अवसर पर डा रामसेवक विकल से जुड़े शहर के बारह साहित्यकारों को डा रामसेवक विकल स्मृति सम्मान और डा विकल राष्ट्रीय कीर्ति विदश्री सम्मान से सम्मानित किया गया,

**जो इस प्रकार है -** हरिवल्लभ सिंह आरसी,दिनेश्वर प्रसाद दिनेश,अरविंद विद्रोही, रघुनाथ प्रसाद,शैलेंद्र अस्थाना,गंगा प्रसाद अरुण,मनोकामना सिंह अजय, विक्रमा सिंह देहदुबर,कन्हैया सिंह सदय,राजदेव सिन्हा,सुनील कुमार दे,चंद्रकांत सरीखे साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। डा रामसेवक विकल जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर राजदेव सिन्हा,दिनेश्वर प्रसाद दिनेश और अरविंद विद्रोही ने विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें ज्योस्थाना अस्थाना, सुनील कुमार दे, गौहर अजीम, गंगा प्रसाद अरुण, मनोकामना सिंह अजय सरीखे कवियों ने काव्य पाठ कर तालियां बटोरी। इस अवसर पर शहर के गण्यमान्य कवि व साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डा आदित्य कुमार अंशु ने किया।

## मुखी समाज ने अपने होनहार बच्चों को किया सम्मानित

**जमशेदपुर।** रंगारंग कार्यक्रम के आयोजन के साथ ही हर साल की भांति इस साल भी गोलमुरी केबल मुखी समाज बस्ती के द्वारा जमशेदपुर के उत्कल समाज भवन परिसर में आज दिनांक 18 जून 2023, दिन रविवार को पूर्वाहन 11:00 बजे से जमशेदपुर में स्थित मुखी समाज बस्तियों के मेधावी छात्रों हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे माननीय पूर्व विधायक बहरागोड़ा कुणाल सारंगी, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कार्यालय अधीक्षक ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय- सुग्रीव मुखी, टाटा फाउंडेशन के अधिकारी अभिषेक मुखी, सम्मानित अतिथि के रूप में परिषद आदित्यपुर नगर निगम वार्ड संख्या 27 के पार्षद पांडे मुखी, उत्कल समाज गोलमुरी के अध्यक्ष अनंत पाढी, खेल प्रशिक्षक जगन्नाथ बेहरा, जमशेदपुर उरांव समाज के अध्यक्ष राकेश उरांव, युवा 'हो' महासभा संगठन के संगठन सचिव उपेंद्र बानरा, शिक्षक एवं प्रशिक्षक श्याम शर्मा, भालूबासा मुखी समाज के मुखिया परेश मुखी, सचिव मुजीम, मुखी बिरसानगर मुख्य समाज के मुखिया मनोज मुखी, बमार्माइंस मुखी समाज के मुखिया सुरेश मुखी, तीनप्लेट मुखी समाज के मुखिया त्रीनाथ मुखी , ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए सर्वप्रथम बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## यूपी के पूर्व मंत्री व विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने भालूबासा में सुनी 'मन की बात'

खबर मन्त्र ब्यूरो



चैंबर भवन में आइएमए के नेताओं से मिलते एसएन सिंह।

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भाजपा की ओर से महा जन संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। महा जनसंपर्क अभियान के तहत लोकसभा स्तरीय जनसभा में शामिल होने हेतु एकदिवसीय प्रावस पर जमशेदपुर पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सह पश्चिमी प्रयागराज के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने रविवार को कई कार्यक्रमों में शिरकत की।

पूर्व मंत्री ने पुर्वी विधानसभा के सीतारामडेरा मंडल अंतर्गत आशीष किशोर संघ सभागार में भाजपा कार्यकताओं के संग पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात के 102वें संस्करण का श्रवण किया। वहीं, पार्टी की ओर से निर्देशित 'संपर्क से समर्थन' अभियान के तहत पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 9 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड लेकर दोपहर में साकची एमएनपीएस स्कूल परिसर स्थित उत्तर प्रदेश संघ के लोगों से भेंट-वार्ता, बिस्टुपुर स्थित चैम्बर भवन में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बैठक में शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों से मुलाकात एवं सोनारी स्थित चित्रगुप्त भवन में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के लोगों से मुलाकात कर कई चचाएं की। यहां उन्होंने कायस्थ परिवार के संग भोजन भी किया। इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह क्लस्टर प्रमुख जवाहर पासवान एवं भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत कई नेतागण मौजूद रहे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सभी संस्थाओ द्वारा पूर्व मंत्री सिद्धार्थ सिंह का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर अभिनंदन किया गया। विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने मोदी सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इससे पहले, पूर्व मंत्री सिद्धार्थ सिंह के डोबो पुल के रास्ते शहर प्रवेश करने पर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा, महामंत्री राकेश सिंह, उत्तर प्रदेश संघ के अध्यक्ष विजय राणा सिंह, सचिव डीपी शुक्ला, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष जी सी माझी, सचिव सौरव चौधरी, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ए के श्रीवास्तव एवं जमशेदपुर महासभा के अध्यक्ष मनोज सिन्हा समेत अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे। पुर्वी विधानसभा के सीतारामडेरा मंडल अंतर्गत भालूबासा स्थित आशीष किशोर संघ सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 102वें एपिसोड का प्रसारण किया गया। भाजपा सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में बड़े एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं ने पीएम मोदी के मन की बात का सामूहिक रूप से श्रवण किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सह पश्चिमी प्रयागराज के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह क्लस्टर प्रमुख जवाहर पासवान एवं भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव आदि उपस्थित थे।

## कदमा की परिधि मित्तल को मिला जेइइ एडवांस में 4660वां रैंक

खबर मन्त्र ब्यूरो



अपने माता- पिता व भाई के साथ परिधि।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष एवं सिंहभूम चैम्बर और कॉमर्स एंड इंडस्ट्री उपाध्यक्ष मुकेश मित्तल की सुपुत्री एवं श्री श्री लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी मंदिर, कदमा अध्यक्ष शंकर लाल मित्तल की सुपौत्री सुश्री परिधि मित्तल ने जेईई एडवांस परीक्षा में आल इंडिया रैंक 4660 लाकर सफलता प्राप्त की। परिधि मित्तल शांत स्वभाव होने के साथ-साथ शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। उसने 2021 में आइसीएससी बोर्ड की सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल से 10वीं की पढ़ाई करके 97% अंक एवं 2023 में 12वीं की पढ़ाई सीबीएसई बोर्ड से करके 94% अंक प्राप्त किये। शंकर लाल मित्तल खुद एनआइटी (तत्कालीन रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी), जमशेदपुर से 1973 बैच के मैकेनिकल इंजीनियर हैं। उनका सपना था उनके परिवार की नई पीढ़ी का सदस्य एनआइटी से पढ़े। इसलिए परिधि की उपलब्धि मित्तल परिवार के लिये खुशी का मौका है। परिधि के पिता मुकेश मित्तल मित्तल ने चार्टर्ड एकाउंटेंसी की पढ़ाई की है। परिधि मित्तल की दादी सरोज मित्तल और माता ममता मित्तल है।

## इलेक्ट्रिक स्कूटी से घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**जमशेदपुर।** टेल्को थाना के अंतर्गत प्रेम नगर अरुण सिंह के घर में खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी में लग गई आग जिसके चलते बगल में खड़ी टेम्पू में आग पकड़ लिया थोड़ी देर बाद एसी की आउट डोर मशीन में आग लग गई। यह घटना रात 12:30 की है। आग लगने का पता चलते ही सब परिवार घर से बाहर निकल के जान बचाए।

# अर्पण परिवार की कार्यशैली, समर्पण और सामाजिक दायित्वों के प्रति सजगता सराहनीय : अर्जुन मुंडा

### रक्तदान सबसे बड़ा दान है, इससे बड़ा कोई दान नही है : सरयू राय, अर्पण का प्रत्येक सदस्य देश व समाज सेवा को समर्पित : अमरप्रीत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सामाजिक संगठन अर्पण की और से रविवार 18 जून को आयोजित रक्तदान शिविर भगवान बिरसा मुंडा को माल्यार्पण कर प्रारम्भ किया गया। इस मौके पर रक्तदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिला, और मौके पर 1133 रक्तदाताओं ने रक्त देकर जीवन बचाने का संकल्प लिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से 3000 पौधें वितरित किए। रेडक्रॉस सोसाइटी जमशेदपुर में लगाए रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, विशिष्ट अतिथि सांसद विद्युतवरण महतो, जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के विधायक सरयू राय, विधायक मंगल कालिन्दी, समाज सेवी मीरा मुंडा, वरीय आरक्षी अधीक्षक प्रभात कुमार , तख़्त हरमंदिर साहिब के महासचिव सरदार इंदरजीत सिंह ने अपनी उपस्थिति प्रदान की, अतिथि के रूप में मजदूर नेता राकेश्वर पांडे, वरीय कांगेस नेता अजय सिंह, टाटा मोटर्स यूनियन अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, महामंत्री आर के सिंह, समाजसेवी शिव शंकर सिंह, उपस्थित हुए और संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने की। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा ने युवा रक्तदाताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि आज सैकड़ों की संख्या में युवा रक्तदातों की सहभागिता ये सुनिश्चित करने के लिए काफी हैं कि ये युवा समाज की चुनौतियों से लड़ने के लिए स्वयं को तैयार रखे हैं। ये सुखद अनुभव हैं जब सैकड़ों की संख्या में वैसे युवा शामिल हैं जो आज पहली बार रक्तदान कर रहे हैं। ये उदाहरण हैं भावी पीढ़ी के लिए जो नशा से स्वंय को अलग रखकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि रक्तदान महादान है, आपके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी की जीवन का रक्षण हो सकता है, अर्पण परिवार पिछले 8 वर्षों से यह कार्य सफलतापूर्वक कर रहा है, मेरी शुभकामनायें अर्पण परिवार के साथ है।

### सामाजिक संगठन अर्पण ने बनाया रिकॉर्ड, 1133 यूनिट रक्त एकत्र किया



रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने पहुंचे केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा, मीरा मुंडा व अन्य।

अपने संबोधन में विधायक सरयू राय ने कहा कि रक्त जीवन की सृजन की मूल हैं और कोई भी रक्त के अभाव में दम न तोड़े ऐसी प्रतिवद्धता के साथ युवाओं का आत्मबोध उसी कड़ी का एक अंग है। उपस्थित विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि रक्तदान का कोई विकल्प नहीं है यह जात-पात धर्म-सम्प्रदाय से ऊपर उठकर किया जाता है किसका रक्त किसके काम आ जाएगा यह कहा नहीं जा सकता, उन्होंने इस अवसर पर अर्पण परिवार की प्रशंसा करते हुए संस्था के कार्यों की सराहना की। मीरा मुंडा ने महिलाओं की सहभागिता पर कहा कि आज आधी आबादी भी यहां अपनी जिम्मेदारी का सहजता से निर्वाह कर रही हैं। जिसे देखना सच मे सुखद अनुभव है और ये सारी बातें अर्पण की सेवा भाव में छिपी समर्पण की भावना का अप्रतिम उदाहरण हैं जो हमें अभिभूत करती हैं। उपस्थित प्रदेश भाजपा प्रवक्ता कुणाल सारंगी ने कहा कि युवाओं की अनुशासित, समर्पित संगठन अर्पण एक विचार बन चुकी है कि किस प्रकार से समाज को दिशा दिखाया जाये, झारखंड जैसे प्रदेश में ऐसे संस्थाओं की नितांत आवश्यकता है मैं अर्पण परिवार के अपने सभी साथियों को अपनी शुभकामना देता हूं और उनके साथ सदैव खड़ा हूं।

इस अवसर पर वरीय आरक्षी अधीक्षक प्रभात कुमार ने उपस्थिति युवा वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि अर्पण परिवार अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाहन निष्ठापूर्वक व गंभीरता से कर रही है, विभिन्न अवसरों पर इस परिवार की सामाजिक भूमिका देखने को मिलती है उन्होंने उपस्थित विभिन्न राजनीतिक सामाजिक, शैक्षणिक धार्मिक संगठनों एवं संस्थाओं से अपील की कि नशा उन्मूलन हेतु एक बड़ा सामाजिक आंदोलन करें और इस शहर को नशामुक्त करने में प्रशासन को सहयोग करें उन्होंने कहा कि मुझे अर्पण परिवार से उम्मीद है कि नशा मुक्ति हेतु भी संस्था आगे आ कर और भी गतिपूर्वक कार्य करेगी। उन्होंने प्रशासन द्वारा इस कार्य में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम को मजदूर नेता राकेश्वर पांडेय ने भी संबोधित किया। संस्था के संरक्षक श्री अमरप्रीत सिंह काले ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम एक साथ कई लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य कर स्वंय को गर्वान्वित महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर संस्था के मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने बताया कि शिविर में अब तक रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 से 2023 तक संस्था द्वारा आठवां रक्तदान शिविर का आयोजन करवाकर 6002 यूनिट रक्त एकत्रित किया है । अर्पण संस्था रक्तदान को लेकर हमेशा से संजीदा रहा है और रक्तदान के प्रति समाज में युवाओं के मध्य अलख जगाने का प्रयास करता रहा है। कार्यक्रम में मंच संचालन डी. डी. त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन जूगुन पांडे ने किया।

## झारखंड ताइक्वांडो अकादमी एवं सोशल एक्शन के सात खिलाड़ी को मिला ब्लैक बेल्ट



खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। विगत दिनों तूरी स्थित टाटा स्टील एडवेंचर कैंप में आयोजित ब्लैक बेल्ट परीक्षा में उत्तीर्ण सात ताइक्वांडो खिलाड़ी शेखर घोषाल, अभिजीत मंडल, अशोक महतो, सहदेव सरदार, रवि मिश्रा अभिषेक दास एवं राजा बारीक को आज झारखंड ताइक्वांडो अकैडमी एवं सोशल एक्शन के निदेशक रवि शंकर ने राजेंद्र भवन गोलमुरी जमशेदपुर में ब्लैक बेल्ट पहना कर सम्मानित किया उक्त सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि श्री रमाकांत गिरी जनरल मैनेजर क्रॉस लिमिटेड कंपनी ने ताइक्वांडो वर्ल्ड हेड क्वार्टर दक्षिण कोरिया से आए प्रमाण पत्र एवं परिचय पत्र खिलाड़ियों को प्रदान किया।

साथ ही जे एम एम जिला संगठन सचिव अभिजीत सरकार समाजसेवी संजय कुमार ताइक्वांडो एवं खेल शिक्षक श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल बिस्टुपुर दयाल सिंह मेहरा ताइक्वांडो एवं खेल शिक्षक दिल्ली पब्लिक स्कूल बिजनौर उत्तर प्रदेश के विक्रम बारीक ने बुके एवं उपहार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया इस अवसर पर आयुष पांडे समृद्धि मिश्रा मौसमी गोराई मनप्रीत सिंह सुमन कुमारी के साथ ही बहुत सारे अभिभावक एवं खिलाड़ी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### शहर के यात्री शेड के पास मजदूर की हुई मौत



**हरिहरगंज पलामू।** शहर के न्यू बस स्टैंड यात्री शेड के समीप 45 वर्षीय विलास रजवार नामक मजदूर की मौत हो गई। मृतक पिपरा प्रखंड के मधुबाना गांव का रहने वाला था। वह शहर में मजदूरी कर यात्री शेड में ही रहता था। उसकी मृत्यु की सूचना पाकर भाई कैलाश रजवार घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक को मिर्गी की बीमारी थी। वहीं युवा समाजसेवी राजीव रंजन तथा हरिहरगंज पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। वहीं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के पहल पर पिकअप वैन से शव को उसके पैतृक घर मधुबाना भेजा गया।

### घरेलू विवाद में पिटाई से वृद्ध की हत्या



**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम पकरी में घरेलू विवाद में पिटाई कर रविंद्र दूबे नामक वृद्ध की हत्या कर दी गई। मृतक के पुत्र आलोक दूबे ने पाटन थाना में अपने पिता की हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में आलोक ने कहा है कि 17 जून को हिमांशु दूबे, दिपांशु दूबे व कलिन्दा देवी मिलकर मेरे पिता रविंद्र दूबे को लाठी डंडे से पिटाई कर दी। इसके बाद लोढ़ा से सिर में मार दिया। इससे पिता को गंभीर चोट लग गई। घटना के बाद रविंद्र दूबे बेहोश होकर गिर गये। लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र पाटन ले गये जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। आलोक ने पाटन थाना प्रभारी से घटना में शामिल हिमांशु, दिपांशु व कलिंदा देवी को गिरफ्तार कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### लू लगने से एक व्यक्ति की मौत

**मेदिनीनगर।** लू लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। शनिवार को उसका तबीयत काफी बिगड़ गया। तेज बुखार व उल्टी होने लगा, हालत बिगड़ने के बाद परिजनों ने शनिवार शाम को एमआरएमसीएच में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान आवादगंज निवासी जुगल राम उम्र 50 वर्षीय के रूप में हुई है। अस्पताल में इलाज कर रहे डॉक्टर ने मरीज की मौत लू लगने से ही होने की संभावना जताया है। जुगल अपने पीछे पत्नी, चार बेटी और एक बेटा समेत पूरा परिवार छोड़ गए। परिजनों से मिलने पहुंचे वार्ड नंबर 14 के पूर्व पार्षद समाजसेवी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जुगल का परिवार अत्यंत गरीब है, वह अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था। उन्होंने परिजनों को आर्थिक मदद करते हुए सरकारी प्रावधान के तहत परिवार लाभ दिलाने की बात कही।

### नौनिहालों का भविष्य संवारनेवाले सहायक अध्यापक असमंजस में : दिलीप



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य सहायक अध्यापक महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता दिलीप पांडे ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि झारखंड राज्य के सरकारी विद्यालयों में नौनिहालों का भविष्य सवारने वाले सहायक अध्यापक खुद अपने भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। पांडे ने कहा कि पिछले 20 - 21 वर्षों से काम करने के बावजूद सहायक अध्यापकों को कार्य अनुभव का लाभ किसी भी सरकार ने अब तक नहीं दिया है। हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति में सरकारी शिक्षकों के लिए 50% सीट रिजर्व था हजारों सहायक अध्यापक ऐसे हैं जो एमए, बीएड होने के साथ-साथ हाई स्कूल के बच्चों को पढ़ा रहे थे आखिर सहायक अध्यापक / पारा शिक्षक भी सरकारी कार्य कर रहे हैं इन्हें क्यों नहीं इसका लाभ मिला। उन्होंने कहा कि में कहा कि सरकार को इस बात पर भी विचार करना चाहिए ।

### ऑन लाईन क्लासेज में डा राजेश और विशाल ने दिये सफलता के टिप्स

**सतबरवा पलामू।** राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के विज्ञान शिक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को बच्चों का ऑनलाइन मार्गदर्शन कराया जाता है ।इसके तहत ऑन लाईन मार्गदर्शन क्लास आयोजित किया गया। इस शनिवार को डॉ राजेश मिश्रा शिक्षा सलाहकार जेसीईआरटी झारखंड सरकार तथा विशाल गौरव सम नायक जेसीईआरटी ने संयुक्त रूप से बच्चों को बताया कि किसी विषय को समझने का मूल आधार उसकी व्यक्तिगत सोच आधारित शिक्षा तथा प्रतिस्पर्धा है। सफलता प्राप्त करना प्रत्येक विद्यार्थी का स्वर्णिम सपना होता है। इस प्रकार के लगातार परिश्रम करना तथा खुद पर भरोसा रखना विद्यार्थियों को सफलता दिलाने का एक मार्ग है अतिरिक्त क्लास क्लास के माध्यम से बच्चों को भविष्य में बेहतर परिणाम मिलेंगे तथा उनके प्रतिभा को निखारने का भी अवसर मिलेगा।

### कक्षा केजी से कक्षा 8 तक के स्कूल 21 जून तक रहेंगे बंद

बढ़ती लू के कारण लिया गया निर्णय

**मेदिनीनगर।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार ने राज्य में अत्याधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा 8 तक 21 जून (बुधवार) तक बंद रहेंगे। वहीं कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं प्रातः7 बजे से 11 बजे तक संचालित होगी। इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होने वाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए संसूचित किया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### केल्हार पंचायत में झामूमो का सदस्यता शिविर आयोजित



**पाटन पलामू।** केल्हार पंचायत में झामूमो प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह के द्वारा झामूमो का सदस्यता शिविर लगाया गया। इसमें मुख्य रूप से उपाध्यक्ष पप्पू सिंह, अवधेश प्रसाद, सिकंदर ठाकुर, मनोज कुमार, बिट्टू प्रसाद ,अभिषेक प्रसाद, नीरज प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे। सदस्यता अभियान के तहत कई लोगों को झामूमो का सदस्यता ग्रहण कराया गया। मौके पर रंजीत ने कहा कि नये युवाओं को झामूमो में आना बेहतर संदेश है। उन्होंने कहा कि युवा से ही समाज व क्षेत्र का बदलाव होगा। झामूमो सभी जाति व धर्म से उपर उठकर कार्य करनेवाली पार्टी है। झामूमो के नेतृत्व में झारखंड का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

## 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत भाजपा की टिफिन बैठक आयोजित

# मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल, सभी वादों को किया पूरा : विधायक डॉ मेहता

अवध किशोर राय राजू

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** भाजपा के पांकी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ टिफिन बैठक रविवार को विधायक के मौर्या फार्म हाउस में हुई। पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता मुख्य अतिथि शामिल थे। इसमें विधायक ने कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 102 वीं मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की पिछले नौ साल की उपलब्धियों पर चर्चा की और उनको जन-जन तक पहुंचाने का दायित्व सौंपा। विधायक डॉ मेहता ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों और अपने द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर ही दो बार केंद्र में मोदी सरकार बनी। वो कार्यकर्ता ही थे, जिन्होंने लोगों के बीच जाकर वोट के बदले एक अच्छी सरकार देने का वादा किया होगा। मोदी सरकार ने उन वादों को पूरा किया है। अब उन उपलब्धियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना हम सबका दायित्व है। यह कार्यक्रम 20 से 30 जून तक हर घर में जन जन तक पहुंचाना है और मोदी जी की 9 साल की उपलब्धियां के बारे में सभी को बताना है।





### लोगों ने थामा भाजपा का दामन

विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में सतबरवा प्रखंड के घुटवा पंचायत के कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी छोड़ भाजपा का दामन थामा। विधायक डॉ मेहता ने सभी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करनेवालों में गुलाब भुईया, वीरेंद्र सिंह, उमेश भुईया, जमुना सिंह, संतोष सिंह, छोटेलाल सिंह, जगनारायण सिंह, बालेश्वर सिंह का नाम शामिल है।

### टिफिन बैठक में जो थे शामिल

बैठक में भाजपा के नीलांबर पीतांबरपुर के स्थाई प्रभारी अजय तिवारी, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमित तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, ओबिसी मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकर गुप्ता ,साधु मांझी, जगत नारायण सिंह, सुंदर सिंह, अजित गुप्ता, लाला प्रसाद यादव, अरूण सिंह, विनय साव, विजय ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

# मोदी सरकार में समाज के अंतिम व्यक्ति को मिल रहा लाभ : विधायक डॉ मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण ने नीलांबर पीतांबरपुर स्थित अपने फार्म हाउस में प्रेसवार्ता कर केन्द्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों के जानकारी दी। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि नरेंद्र मोदी के केंद्र सरकार मे देश का मान सम्मान बढ़ा है, समाज के अंतिम व्यक्ति तक अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना आयुष्मान भारत योजना गरीब कल्याण योजना किसान सम्मान निधि योजना जैसी जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे बताया और कहा कि इनसे जरुरतमंद परिवारों का काफी फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की महत्वकांक्षी योजना जोकि जल नल के जरिए प्रत्येक घर में पीने के लिए शुद्ध पानी की व्यवस्था कराई जा रही है लेकिन राज्य के हेमंत सरकार के नियत और नीति साफ नहीं रहने के कारण जल नल योजना को टुकड़ों में करके बोरिंग कर छोटे-छोटे जल मीनार लगाकर पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है जोकि कारगर साबित नहीं हो रहा है। कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 400 से अधिक सांसद दिल्ली पहुंचेंगे और फिर से तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार होगी तथा राज्य में भी डबल इंजन की सरकार बनना तय है। विधायक मेहता ने कहा कि प्रदेश हेमंत सरकार की विफलताओं और कुशासन का दंश झारखंड के जनता ने झेलना पड़ रहा है अब जनता बदलाव चाहती है। अबकी बार झारखंड में डबल इंजन की सरकार होगी उन्होंने बताया कि पिछले 9 वर्षों का केंद्र सरकार के कार्यकाल बेमिसाल रहा है और इन 9 वर्षों में जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं जिसका सीधा लाभ आम लोगों तक पहुंच रहा है। इस मौके पर लाला प्रसाद यादव, शंकर शुक्ला, राजेंद्र सिंह चेरो अजीत कुमार पप्पू मिश्रा सहित कई लोग शामिल थे।

# छोटू रंगसाज पर कई आपराधिक मामले हैं दर्ज : एसडीपीओ ऋषभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू व गढ़वा जिला में आतंक का पर्याय बना छोटू रंगसाज उर्फ वाजीदीन रंगसाज को पलामू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गढ़वा जिला के कचहरी के पास से गिरफ्तार की है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने बताया कि 18 जून 2022 को डालटनगंज रेड़मा सब्जी बाजार स्थित काफिला मोटर पार्टस कंपनी रांची के सेल्स मैनेजर अंजनी कुमार सिन्हा को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में हत्या के साजिशकर्ता अमजद हुसैन उर्फ गुड्डू तथा जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जबकि इस मामले में शातिर अपराधी छोटू रंगसाज फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि 17 जून को पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के गुप्त सूचना के आधार पर पलामू पुलिस गढ़वा जिला के कचहरी के पास जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया। अपराधी छोटू रंगसाज ने पूछताछ के क्रम में पुलिस को बताया कि इस घटना में शुटर सुहैल के अतिरिक्त मिंटु रंगसाज तथा शाबीर अंसारी भी शामिल था। एसडीपीओ गर्ग ने बताया कि काफिला मोटर पार्टस कंपनी के सेल्स मैनेजर का व्यवसायिक कारोबार अमजद हुसैन उर्फ गुड्डू के साथ था। अमजद हुसैन पर मृतक का एक लाख 55 हजार रूपये बकाया था। उसने छोटू रंगसाज से दो लाख रूपये सुपारी दिये जाने पर अंजनी कुमार सिन्हा को हत्या कराने का योजना बनाया। जितेंद्र चंद्रवंशी के रेकी पर 18 जून 2022 को रेड़मा सब्जी बाजार स्थित गोली मारकर अंजनी सिन्हा की हत्या कर दी गई। एसडीपीओ ने बताया कि छोटू रंगसाज पलामू व गढ़वा जिला में आतंक का पर्याय बना हुआ था।

## सांसद के नेतृत्व में भाजपाईयों ने सुनी पीएम के मन की बात

# मन की बात प्रेरणादायक : बीडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 102 वां एपिसोड सतबरवा के आदिवासी बहुल इलाका दुलसुलमा पंचायत के बूथ संख्या 336,37 पर रविवार को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के नेतृत्व में सुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय पाठक ने किया। इस क्रम में सांसद बीडी राम अपने सहयोगियों के साथ पंसस जगदीश सिंह की पत्नी स्वास्थ सहिया बसंती देवी के आकस्मिक निधन की खबर सुनकर उनके घर पहुंचे और शोक संवेदना प्रकट करते हुए आर्थिक मदद भी की। वही पीएम मोदी जी की बात को सुनने के बाद पलामू सांसद ने कहा कि भारत को 2025 तक टीवी मुक्त बनाने में सभी लोगों को सहयोग करने की आवश्यकता है। अभी तक भारत में 10 लाख टीवी मरीजों को गोद लिया गया है जिसमें नैनीताल के 6 मरीज भी शामिल हैं। ऊना के एक सात साल की बच्ची नलिनी अपने गुल्लक से पैसा निकालकर मरीजों की सेवा करती है। उन्होंने मोदी जी के मन की बात को प्रेरणा स्वरूप लेते हुए कहा कि खेलो इंडिया का आयोजन से भारत के खिलाड़ियों में उत्साह बढ़ा है । योग दिवस पर हर बार की तरह इस बार भी देश के कोने- कोने में योग दिवस 21 जून को आयोजित की जाएगी। सांसद श्री राम ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि योग को दिनचर्या में शामिल करें और स्वस्थ रहें।वही रथ यात्रा के अवसर पर भगवान जगन्नाथ से पलामू वासियों को सुखी और संपन्न बनाने की कामना की। इस अवसर पर सांसद को अंगवस्त्र और फूल माला देकर स्वागत किया गया। सांसद ने एसटी मोर्चा के अध्यक्ष मनोज सिंह, डॉक्टर रविंद्र सिंह शिवपूजन सिंह, गुड्डू सिंह, वकील सिंह, बिमली देवी, नंदू सिंह, प्रीति गुप्ता समेत दर्जनों लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

### मौके पर मौजूद लोग

इस मौके पर एसटी मोर्चा अध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, मनीष कुमार, रमेश कुमार, विभाकर नारायण पांडे, प्रफुल्ल सिंह, विजय ओझा, राणा प्रताप कुशवाहा, आशीष सिन्हा, अनुज चंद्रवंशी, महेश्वर सिंह, संदीप कुमार, प्रभु प्रसाद, रवि प्रसाद, बैजनाथ आर्य समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### एक ही जमीन को दो बार सेल करने एवं जालसाजी में हुआ मुकदमा

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखण्ड के ग्राम पंचायत दरुआ बेनी के कठौन्धा गांव में एक ही जमीन डबल सेल डीड का मामला प्रकाशित हुआ है। इस सबन्ध में उसी गांव की एक महिला ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पलामू के अदालत में अपने ही गाँव के उषा देवी, किरण कुमारी,दोनो पिता स्वर्गीय विश्वनाथ पाठक, राजेन्द्र मिश्र, ग्राम कुंडा, जिला औरंगाबाद बिहार, अभिनव कुमार पाठक,अभिजीत कुमार पाठक, दोनो पिता नवलकिशोर पाठक, मंजू देवी पति नवल किशोर पाठक, एवं अंचल देवी अभिनव कुमार पाठक सभी ग्राम कठौन्धा, वर्तमान पता हाउसिंग कॉलनी बरालोटा डालटनगंज को सामुहिक रूप रंगबाजी व जलसाजी करने के आरोप लगाते हुए न्यायालय से मुकदमा चलाने का गुहार लगाया हैं पत्र में कहा गया हैं की उक्त जमीन उषा देवी, व किरण कुमारी देवी,राजेन्द्र मिश्रा ने ग्राम मौजा कठौन्धा खाता संख्या 70प्लॉट संख्या क्रमश 313, 388, 289, 526, 453 का कुल रकबा 71.5 डिसमिल बिक्रय की बात किये और दिनांक 29 नवम्बर को 2022 को बिक्रय पत्र निबंधन करवाई जिसका निबंधन केवला नम्बर 6775 एवं 6776 हैं अब जब उक्त जमीन को हासिल हेतु अंचल कार्यालय हुसैनाबाद गया तो उक्त लोगो के द्वरा आवेदन देकर व्यवधानन करते हुए उल्टा 70 लाख रुपया और मांग की जा रही हैं नही देने पर हम दोनों पत्ती पत्नी को जान से मारने और गाँव छोड़ देने की धमकी दि गयी हैं हालाँकि यह पूरा मामला माननीय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पलामू के पास चल रही हैं। इस सबन्ध में आवेदिका ने बताया कि मैं पीड़ित हूं और मुझे न्याय चाहिए।

# सेल्समैन के नाम पर ठगी का आरोप

कंपनी संचालक ने आरोप को बताया निराधार

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** शराब दुकान में सेल्समैन की नौकरी दिलवाने के नाम पर पच्चास हजार ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में हैदरनगर थाना क्षेत्र के पचम्बा गांव निवासी रामानूज सिंह ने हुसैनाबाद थाना में जपला स्थित जीडीएक्स कार्यालय के स्टाफ बिहार के टंडवा थाना क्षेत्र के बेनीगंजहर गांव निवासी पवन सिंह, अरुण सिंह वा जीडीएक्स कंपनी के संचालक अमित सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है, प्राथमिक्की में कहा है की सेल्समैन की नौकरी के पहले मुझसे कम्पनी के नाम पर 50 हजार का बैंक डीडी लिया गया, डीडी लेने के बाद मुझे जपला दंगवार रोड स्थित बुधुआ देशी शराब दुकान पर नियुक्त कर दिया, एक माह के बाद मुझे नहीं तो कंपनी द्वारा वेतन मिला न ही ज्वाइनिंग लेटर मिला, मुझे बाद में कुछ जानकार लोगों ने बताया की नौकरी के नाम पर तुमसे ठगी की गई है, इस संबंध में थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया की युवक की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

### कंपनी की छवि को धूमिल करने का प्रयास, आरोप निराधार

इस संबंध में जीडीएक्स के संचालक ने बताया की हैदरनगर थाना क्षेत्र के पचम्बा गांव निवासी रामपरिखा सिंह का पुत्र रामानुज सिंह मार्च 2023 को जपला स्थित कार्यालय में सेल्समैन की नौकरी के लिया आए थे, कंपनी के नियमनुसार उनसे सेल्समैन की नौकरी के संबंधित कुछ जानकारी ली गई। सिक्यूरिटी के तौर पर 50 हजार रुपए का बैंक डीडी कम्पनी के नाम से लिया गया। उन्हें अप्रैल 2023से बुधवा केशवाही स्थित देशी शराब दुकान पर सहायक विक्रेत्रा के रख लिया गया, कंपनी द्वारा उनके पीएनबी बैंक खाता में 26 मई को अप्रैल माह का वेतन भेज दिया गया, लेकिन अप्रैल माह के बाद दुकान से बिना सुचना के लागतार अनुपस्थित रहने लगे, जिसके चलते दुकान संचालन परेशानी होने लगा, इसलिए उनका सेवा समाप्त कर हिसाब किया गया उनके उपर किसी भी तरह कोई बकाया प्रतिवेदित नहीं हुआ, उन्हें कंपनी द्वारा नोटिस भेज कर अपना जमा सिक्योरिटी राशि कार्यालय में आकर प्राप्त कर लें, नोटिस के बाद उनके द्वार झूठा केस दर्ज करा कर कंपनी की छवि को धूमिल किया गया है।

### विशिष्ट जनों के सम्मान पर पार्टी को है अभिमान : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सह महा जनसंपर्क अभियान पलामू के सह- संयोजक अविनाश कुमार वर्मा ने 10 से अधिक विशिष्ट जनों को सम्मानित किया, जिनमें मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता बैजनाथ चौबे, जे एस कॉलेज के सेवानिवृत्त कर्मी डी झा, आशी लाइफ केयर हॉस्पिटल के निदेशक मनीष तिवारी, पूर्व वार्ड पार्षद राजीव शुक्ला, स्वास्तिक सिलाई सेंटर संचालिका किरण कुमारी, छात्र नेता प्रकाश राय, जिम संचालक प्रधान सक्सेना, समृद्धि की रोटी संचालिका शीला श्रीवास्तव, पूर्व सैनिक दामोदर मिश्रा एवं विद्यालय संचालक आनंद कुमार के साथ बुटीक संचालिका पिंकी वर्मा, शिक्षिका अभिलाषा वर्मा एवं भाजपा सोशल मीडिया टीम के सदस्य आकाश वर्मा शामिल है।

### हर मोर्चे पर फेल है केंद्र की भाजपा सरकार : श्याम नारायण सिंह



**मेदिनीनगर।** मनिका प्रखंड स्थित अंबेडकर भवन में कांग्रेस जनों की एक बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर उरांव ने की। मौके पर शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन एवं राज्य कार्यकारिणी के सदस्य श्याम नारायण सिंह ने कहा कि आज हर मोर्चे पर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरी तरह से विफल हो चुकी है। देश में संपूर्ण रुप से राजनीतिक सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति पूरी तरह से बदहाल हो चुकी है। मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता रविंद्र प्रसाद चौबे,पृथ्वी नाथ पांडे, अर्जुन सिंह, राज किशोर सिंह आदि उपस्थित थे।

# जिप सदस्य ने किया धान बीज बिक्री केंद्र का उदघाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज पूर्वी नोडल पैक्स में रविवार को धान बीज बिक्री केंद्र का विधिवत शुभारंभ जिला परिषद सदस्य मंजू देवी द्वारा किसानो के बीच धान बीज का वितरण कर किया गया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आये किसानों के बीच उन्नत किस्म का धान बीज अनुदानित दर पर वितरण की गई। वहीं जिला परिषद सदस्य मंजू देवी ने बताया कि मानसून शुरू होने के पूर्व ही सरकार के द्वारा किसानों को 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर उत्कृष्ट किस्म का धान बीज मुहैया कराई जा रही है। ताकि धान की अच्छी उपज हो सके। इस दौरान समाजसेवी राजेश राम, पैक्स अध्यक्ष अमलेश कुमार सिंह, कृषक मित्र रामजन्म मेहता, किसान रामजी मेहता, अरविंद सिंह, लखन पासवान, सुनील साव, श्याम बिहारी प्रसाद, परमानंद कुमार, मो. शकील आलम सहित कई किसान उपस्थित थे।

### विधायक समेत कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड नीलाम्बर पीताम्बरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 102 वी मन की बात कार्यक्रम भाजपाईयों ने सुना। मौके पर मौजूद पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ,भाजपा नेता अजय तिवारी, पूर्व प्रत्याशी अमित तिवारी और अन्य लोगों ने मन की बात कार्यक्रम को लोगों के लिए प्रेरणादायी बताया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व देश उंचाईयों को छू रहा है। उन्होंने मोदी जी के मन की बात को प्रेरणा स्वरूप लेते हुए कहा कि खेलो इंडिया का आयोजन से भारत के खिलाड़ियों में उत्साह बढ़ा है।

# आर्य समाज धर्म नहीं जीवन शैली है : डॉक्टर जे.पी. शूर

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डी.ए.वी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान आर्य रत्न,पद्मश्री, पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉ.जे.पी शूर निदेशक पी.एस-1 के आशीष की छत्रछाया में संचालित एम. के. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल डालटनगंज में यज्ञशाला के शिलान्यास का कार्यक्रम में डी.ए.वी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के उच्च पदाधिकारी, आर्यवीर डॉ. जे.पी. शूर पधारे। मुख्य अतिथि को प्राचार्य कक्ष तक सरदार सतवीर सिंह उपाध्यक्ष एम के डी.ए.वी झारखंड जोन ए,बी, सी, एवं जी,डी तथा एच के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एवं विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य ले गए। अतिथि गण हवन हेतु गए और यज्ञशाला का शिलान्यास हुआ। मौके पर डॉक्टर जे.पी. शूर ने कहा कि विद्यालय के भूमि प्रदाता सरदार सतवीर सिंह की उदारता के बल पर ही हम इस क्षेत्र के छात्रों हेतु ऐसे भवन खड़ा करने में समर्थ हुए। डॉक्टर जे.पी.शूर ने कहा कि मैंने इस संस्थान में 1966 में योगदान दिया। उन्होनें कहा आर्य समाज धर्म नही जीवन शैली हैं। डालटनगंज में दूसरी शाखा भी खुलने जा रही है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ जी.एन खान ने कहा कि महोदय डी.ए.वी संस्था को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का कार्य किया है। मौके पर डीएवी उपाध्यक्ष सरदार सतवीर सिंह राजा, ए. आर.ओ. झारखंड जोन ओ. पी.मिश्रा, जोंन बी एम.के. सिन्हा,जोन सी एवं जी अरुण कुमार, जोन डी उर्मिला सिंह एवं जोन एच पी. हाजरा तथा प्राचार्य डी.ए.वी गांधीनगर रांची, हेहल रांची, बरियातू रांची, बरकाकाना, गिरिडीह, गढ़वा, भवनाथपुर इंजीनियरिंग कॉलेज डालटनगंज एवं पूर्व प्राचार्य वी.के.सिंह रूप से उपस्थित थे।

# मुखिया ने किया पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के ग्राम बिकुआ में कल्याण विभाग अल्पसंख्यक मंत्रालय झारखंड सरकार मद से पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी के प्रयास से कब्रिस्तान के चारदीवारी का शिलान्यास ग्राम पंचायत सगुना मुखिया मंजू देवी, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह ने किया। वहीं मुखिया मंजू ने 15वें वित्त आयोग मद से नीरज सिंह के घर से आंगनबाड़ी केंद्र तक पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, विधायक जिला परिषद प्रतिनिधि , किशुनपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि उमेश सिंह, भाजपा नेता लॉलेश सिंह, प्रमोद सिंह, डा शमीम आलम, डा मजलूम हुसैन, समाजसेवी रंजीत सिंह, सुभाष सिंह, प्रिंस कुमार, संदीप कुमार , राम आशीष सिंह, अनिल सिंह, उदय सिंह, मंटू साव, रूस्तम अंसारी, महबूब अंसारी, सुरेश सिंह, अवधेश सिंह, नरेश भुइयां, बुधन, पानो, नीतीश, निखिल, रविंद्र, विशाल, राणा, अनुज, राजा बाबू, चंचल कुमार, सूफी मियां, दोष मोहम्मद मियां समेत कई ग्रामीण शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## विद्यालय से दो पंखों की चोरी

**बेरमो/ गोमिया।** गोमिया थाना क्षेत्र के स्वांग उत्तरी पंचायत के प्राथमिक विद्यालय से एक कमरा का ताला तोड़ कर दो पंखे की चोरी कर ली गई। विद्यालय के रसोईया गीता कोर ने बताया की छुट्टी के कारण विद्यालय बंद थी जो सोमवार से स्कूल खुलेगी विद्यालय में साफ सफाई के लिए शनिवार लगभग 10.00 बजे विद्यालय पहुंचे तो देखा कि कक्षा पर ताला नहीं था जब कमरे के अंदर गए तो 4 सीलिंग फैन में दो सीलिंग फैन गायब थी। उसके बगल के कक्षा का भी ताला तोड़ने का प्रयास किया गया था। इसकी सूचना मुखिया विनोद कुमार विश्वकर्मा को और विद्यालय के प्राचार्य को दी। इसके बाद इसकी सूचना थाना को दी गई। गोमिया थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि चोरी की घटना की छानबीन की जा रही है।

## प्रचंड गर्मी में सुरक्षा प्रहरियों का आरामगाह बना एटीएम सेंटर

**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर सहित बोकारो थर्मल में इन दिनों एसबीआई एवं बीओआई के सभी एटीएम सेंटर लोगों की सुविधा नहींए सुरक्षा.प्रहरियों का आरामगाह और शोभा की वस्तु बनकर रह गए हैं। एटीएम में कैश नहीं रहने के कारण एक ओर जहां आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर एटीएम का शटर गिराकर उसके अंदर एसी चलाकर गार्ड आराम फरमाते देखे जा सकते हैं। बैंक के प्रबंधक से पूछे जाने पर उनका कहना होता है कि एटीएम में एजेंसी के द्वारा रुपया जमा किया जाता है इसलिए वे इस पर कुछ ज्यादा नहीं कह सकते हैं।

## बेरमो : बिजली चोरी में 23 धराये, केस दर्ज

**बेरमो।** विद्युत प्रमंडल तेनुघाट की ओर से बिजली चोरी के खिलाफ शनिवार 17 जून को छापेमारी अभियान चलाया गयाण तेनुघाट विधुत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता समीर कुमार के निर्देश पर छापामारी दल का गठन किया गया थाण छापामारी दल ने गोमिया के चोरगावांए खखंडाए जागेश्वरए हरदगडाए गोडराए बारीदारीए कंडेरए महुआटांड़ सहित विभिन्न जगहों पर छापामारी कीण जहां बड़े पैमाने पर लोग अवैध कनेक्शन कर बिजली चोरी करते पाये गयेण अभियान के दौरान 23 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गयाण इनके विरुद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैण छापामारी दल में विद्युत विभाग गोमिया के कनीय अभियंता नरेंद्र मिंजए ध्रुप सिंह और राजन कुमार शामिल थे।

## अंगार पथरा ओपी क्षेत्र में धड़ल्ले से जारी है कोयले का काला धंधा

**कतरास।** जहां एक और पूरे जिले में कोयला का अवैध कारोबार लगभग बंद है वही धनबाद जिले के बाघमारा अनुमंडल स्थित अंगारपथरा ओपी क्षेत्र में रात के अंधेरे में ट्रकों में अवैध कोयला लोड कर बाहर भेजने का काम जारी है। बताते चलें कि नए ओपी प्रभारी द्वारा 25 अप्रैल 2023 को कार्यभार ग्रहण किया गया है उसके बाद क्षेत्र में धड़ल्ले से कोयला का अवैध कारोबार शुरू हो गया है। इसकी जानकारी क्राइम विभाग सीआईएसएफ एवं स्थानीय प्रशासन को भी है ,इसके बावजूद धनबाद पुलिस कप्तान संजीव कुमार को अंधेरे में रखकर प्रत्येक दिन ट्रकों में कोयला लोड कर बाहर भेजने का काम जारी है।

### व्यापारियों से पैसा वसूलने वाले प्रिंस खान गैंग का पुलिस ने किया खुलासा

# एक करोड़ नकदी बरामद महिला समेत 10 गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद में गैंगस्टर प्रिंस खान व्यापारियों, कारोबारियो धमकी देकर बड़े पैमाने पर पैसे की वसूली कर रहा है इसके लिए प्रिंस खान के कई गुर्गे काम कर रहा है 6 महीने में इसके गुर्गे के द्वारा करोड़ो का लेनदेन हुआ है। इसका खुलासा रविवार को हुआ। एसएसपी संजीव कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता किया ,जिसमे बताया गया की फरार प्रिंस खान अपने गुर्गे से फायरिंग करवाकर और धमकी दिलवाकर पैसा वसूल रहा है इसमें सफेदपोस भी शामिल है। इसमें पुलिस की विशेष टीम ने एक महिला समेत 10 अपराधियो को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक करोड़ रुपया नगद, पैसा लेनदेन के कई स्लिप और रजिस्टर भी बरामद हुआ है । साथ ही एक देशी कट्टा तीन जिंदा गोली बरामद हुआ है। गिरफ्तार सद्दाम अंसारी पैसा पंहुचाने वाला मुख्य सरगना है, जबकि इसकी पत्नी नर्गिश बानो पैसे का हिसाब किताब रखती हैं। साथ ही गैंग्स के मो शाहिद, मो सद्दाम, खुर्शीद आलम, सिराज अंसारी, बाबर अहमद, मोहम्मद साजिद अंसारी, अमन कुमार वर्मा और संतोष कुमार गोस्वामी को भी गिरफ्तार किया गया है इसमें कई और लोगो को भी गिरफ्तार किया जा सकता है। एसएसपी ने कहा की इससे प्रिंस खान आर्थिक रूप से कमजोर होगा। पुलिस की विशेष टीम में मुख्य रूप से डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा, बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडे, केंदुआडीह इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार, केंदुवाडीह इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार सिंह, राजगंज थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह, जोगता थाना प्रभारी दीपक कुमार झा, अंगारपथरा ओपी प्रभारी सुरेंद्र पाल सहित कई थाना प्रभारी शामिल थे।

### तीन लाख नकद सहित 20 लाख के जेवरात की चोरी

**कुमारधुबी।** रविवार की अगले सुबह शिवलीबाड़ी रहमत नगर निवासी रियाज अहमद के घर पर चोरों ने तीन लाख नगद सहित 20 लाख की जेवरात की चोरी कर ली। घटना लगभग 2 से 4 बजे की है। चोरी की घटना आसपास के लोगों को लगी तो लोगों की भीड़ जुट गई।वही भुक्तभोगी ने इसकी जानकारी कुमारधुबी पुलिस को दी। वही मौके पर कुमारधुबी पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गए। भुक्तभोगी रियाज अहमद का कुमारधुबी बाजार में इलेक्ट्रिक दुकान है। वही इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी देते हुए भुक्तभोगी रियाज अहमद ने कहा कि वे पूरा परिवार के साथ छत पर सोये थे। घर के सभी दरवाजे एवं छत के दरवाजे भी लॉक कर दिए थे। सुबह करीब 4 बजे नमाज पढ़कर घर आए उस वक्त तक मुझे जानकारी नहीं थी। जब मेरी पत्नी छत से नीचे घर में गई तो देखी की पूरा सामान बिखरा पड़ा हुआ है, अलमारी का लॉक टूटा हुआ है। लॉकर में रखे ?3 लाख नगद , 20 लाख के जेवरात, मोबाइल सहित अन्य सामग्री की चोरी हो गई है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि कोई करीबी आदमी ही होगा जो मेरे घर पर हमेशा आने जाना करता था है और चोरी में उनकी भी संलिप्त जरूर है। इधर इस घटना के संबंध में एसआई वसीम अनवर खान ने बताया कि ऐसा लगता है कि इस चोरी की घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति कोई करीबी ही है, हम लोग जांच कर रहे हैं जल्द ही यह लोग पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनिरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
G20

सूचना

सामग्री, कार्यों एव सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## बीएसएल में ठेका मजदूर प्रकोष्ठ का संवाद कार्यक्रम



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के कार्मिक विभाग के ठेका मजदूर प्रकोष्ठ ने एचआरडी सेंटर में विभिन्न कायार्देशों के प्रभारी अभियंताओं और कार्मिक विभाग के अधिकारियों के लिए ईडी ;वर्क्सद्ध बीके तिवारीए ईडी ;पी एंड एद्ध राजन प्रसाद एवं 250 प्रतिभागियों की उपस्थिति में एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। सभी उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए सीजीएम हरि मोहन झा ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इसके बाद पंकज कुमार ने एक प्रस्तुतीकरण के जरिए ठेका श्रमिकों को मिलने वाली सुविधाओं से सम्बंधित जानकारी साझा की। मौके पर ईडी श्री तिवारी एवं ईडी श्री प्रसाद ने कहा कि वर्तमान समय में प्लांट की प्रगति में ठेका श्रमिकों के योगदान को अनदेखा नहीं किया जा सकता है और यह हमारी जिम्मेवारी बनती है कि उन्हें प्राप्य समुचित सुविधाएं उन तक पहुंचे लेकिन इसके साथ ही ठेका श्रमिकों को भी प्लांट के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य करना है।ओपन हाउस सत्र में ईडी ;वर्क्सद्ध एवं ईडी ;पी एंड एद्ध ने प्रतिभागियों के जिज्ञासाओं का निवारण भी किया।कार्यक्रम का संचालन जीएम प्रांजलि ने किया।

## बोकारो में भाजपा कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक

**बोकारो।** बोकारो विधायक के कार्यालय में 30 मई से 30 जून तक चलने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में कार्यक्रम के बोकारो विधानसभा प्रभारी शशि भूषण ओझा मुकुल ने 20 जून से 30 जून तक होने वाली विशेष कार्यक्रम की चर्चा सभी 9 मंडलों के अध्यक्ष तथा जनसंपर्क अभियान के मंडल संयोजकों व सह संयोजकों के साथ की। प्रभारी ने कहा कि 18 जून को बूथ स्तर पर मन की बातए 21 जून को योग दिवसए लाभार्थी सम्मेलनए व्यापारी सम्मेलनए 25 जून को आपातकाल पर काला दिवसए श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस आदि को बूथ स्तरए शक्ति केन्द्रों व विधानसभा स्तर पर कार्यक्रम प्रदेश द्वारा तय किया गया है।

## कतरास : भूमि कन्या आउटसोर्सिंग फायर पेच में लगी आग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** तेतुलमारी थाना अंतर्गत बीसीसीएल एरिया 4 के मोदीडीह कोलियरी में संचालित भूमि कन्या आउटसोर्सिंग कंपनी में शनिवार रात लगभग नौ बजे भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी जबरदस्त और भयावह है कि किसी को भी विचलित कर सकती है। आउटसोर्सिंग स्थल से महज 50-100 मीटर की दूरी पर बस्ती भी है। बस्ती के लोग इस भयावह आग के कारण दहशत में हैं। उन्हें अपने जानमाल की सुरक्षा की चिंता सता रही है। जिस प्रकार ब्लास्टिंग से आग की तेज लपटें निकल रही है। लोग आशंकित है कि कहीं बस्ती को भी आग अपनी चपेट में ना ले। आस पास के लोगों के मुताबिक शनिवार को शाम 6:00 बजे ब्लास्टिंग हुई। ब्लास्टिंग के बाद चारों ओर धुंआ धुंआ हो गया। लेकिन उस समय तक आग नजर नहीं आई। शनिवार की रात करीब 9:00 बजे अचानक से भीषण आग की लपटें उठने लगी। आग की लपटें आसमान छू रही हैं। वहीं कंपनी की ओर से आग पर काबू पाने के लिए जेसीबी और हाइवा लगाया गया है। जेसीबी के द्वारा मिट्टी काट कर हाईवा के जरिये मिट्टी डाला जा रहा है, ताकि आग को बुझाया जा सके। लेकिन मिट्टी डालने के बावजूद आग की लपटें नाम मात्र की भी कम नहीं हो रही है।

### लोगों को हटने का आदेश

वहीं आसपास में बसे लोगों का कहना है कि प्रबंधन के द्वारा उन्हें यहां से हटने का आदेश दिया गया है। इसके लिए उन्हें प्रबंधन ने जमीन भी मुहैया कराई है। लेकिन इतनी जल्दी हम अपने सामान लेकर कैसे जा सकते हैं। प्रबंधन से लोगों ने मांग की है कि तत्काल उन्हें किसी बीसीसीएल क्वार्टर में शिफ्ट करें, जिस स्थान पर प्रबंधन के द्वारा बसने का निर्देश दिया गया है। धीरे-धीरे उस स्थान पर बसने की कवायद शुरू की जाएगी।

### प्रक्रिया के तहत आग भड़की

वहीं बीसीसीएल प्रबंधन का कहना है कि यह फायर पैच है। फायर पैच से ही कोयला निकालना है। एक प्रक्रिया के तहत आग भड़की है। उन्होंने बताया कि अंडरग्राउंड माइंस में पहले से ही आग मौजूद रहती है। उत्खनन की प्रक्रिया के तहत एक एक पार्ट अलग किया जाता है। अलग करने के दौरान आग भड़कना स्वभाविक है। उन्होंने कहा कि लोगों को दूसरे जगह शिफ्टिंग के लिए जगह मुहैया करा दिया गया है।

### एक नजर में

## वृद्ध आश्रम में कपड़े एवं फल का वितरण



बोकारो। बोकारो जायंट्स ग्रुप के तरफ से संस्थापक स्वर्गीय पद्मश्री नाना चुडासमा जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आज वृद्ध आश्रम में कपड़े एवं फल का वितरण किया गया। जन कल्याणार्थ स्थापित जायंट्स संस्था वर्तमान में सामाजिक सौहार्द एवं समाज के जरूरतमंद लोगों के बीच अथवा प्राकृतिक आपदा विपदा की घड़ी में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी सामाजिक गतिविधि करते रहने को प्रतिबद्ध रही है। मौके पर ग्रुप के सभी सदस्य व जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डीपीएस चास के युवराज को जेइइ एडवांस में मिला 461वां रैंक



**बोकारो।** आईआईटी जेईई एडवांस की परीक्षा में डीपीएस चास के युवराज कुमार को 461वां रैंक ;एसटीद्ध एवं सृजन सिन्हा को ऑल इंडिया रैंक 20420 प्राप्त हुआ है। विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉण हेमलता एसण मोहन ने कहा कि यह विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने व उनके सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ .साथ शिक्षकों के परिश्रम और अभिभावकों के सहयोग के लिए उन्हें बधाई दी। स्कूल की कार्यवाहक प्राचार्य दीपाली भुस्कुटे व डीएस मेमोरियल के सचिव सुरेश अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार को बधाई दी।

## रागिनी सिंह ने किया समाज को अपमानित : किन्नर समाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झरिया।** हमारा किन्नर समाज लोगों को आशीर्वाद और दुआ देने का काम करती है। हमारे पास लोग दुआ लेने हमारे पास आते है। गत दिनों भाजपा नेत्री रागिनी सिंह द्वारा हिजडा शब्द का प्रयोग कर किन्नर समाज को अपमानित किया वही सरकार द्वारा थर्ड जेंडर का दिये गया मान्यता को ठोस पहुचाया। रागिनी सिंह ने डीएसपी को हिजड़ा शब्द का संबोधन कर दी। जो हम लोगों को अच्छा नहीं लगा । उन्हें यह शब्द को वापस लेना चाहिए क्योंकि अपमानित करने वाले जन प्रतिनिधि रागिनी सिंह भी हमारे समाज से आशीर्वाद लेने आती है । हमारे समाज के लिए सभी बराबर है। हमारा समाज कभी भी किसी को बद्दुआ नहीं देती है। यह बातें आज झारखंड प्रदेश किन्नर समाज के अध्यक्ष छम छम देवी के आवास पर किन्नरों ने प्रेस वार्ता कर कहीं। इस मौके पर बंसी किन्नर, निर्मला किन्नर, और राखी किन्नर ने बताया कि आज हमारे समाज में वकील भी है मेयर भी हैं जिला परिषद भी है हर पद पर धीरे-धीरे हर सम्मानित पद पर अपनी पहचान बना रही है। हम लोगों का भी एक सम्मान है और यह सम्मान को आप सभी लोग बनाए रखें । हिजड़ा शब्द बोलना हमें अपमानित करना है । हिजड़ा शब्द अब लगभग लोग प्रयोग नहीं करते हैं हम लोगों को सरकार के द्वारा थर्ड जेंडर का अधिकार मिला है । और लोग इज्जत से किन्नर भी कहते हैं हिजड़ा शब्द अब लोग नहीं कहते इसलिए हम सभी से आग्रह करेंगे कि कोई भी मामला हो किसी तरह के मामला हो उस में हिजड़ा शब्द का प्रयोग कोई ना करें अगर कोई करता है तो हिजड़ा समाज उसके खिलाफ आंदोलन करेगा । प्रेस वार्ता में किन्नरों ने कहा कि चाहे नेता हो मंत्री हो या कोई और हो अगर वह हिजड़ा समाज का शब्द का प्रयोग करते हैं तो हम लोग कभी भी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## राजनीतिक पार्टियां बीएलए करें नियुक्त

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मौके पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह डीसीएलआर जेम्स सुरीन, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक सुमन समेत अन्य उपस्थित थे। बैठक में श्री चौधरी ने सभी पार्टियों को बीएलए नियुक्त करने एवं उसकी सूची निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को अविलंब उपलब्ध कराने को कहा ताकि बीएलओ एवं बीएलए आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य को गति दें। बैठक में विभिन्न दलों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## धनबाद : झारखंड खतियानी भाषा संघर्ष समिति का महाधिवेशन



**धनबाद।** धनबाद के बलियापुर हवाई पट्टी ग्राउंड में रविवार को झारखंड खतियानी भाषा संघर्ष समिति का प्रथम महाधिवेशन आयोजित किया गया। जिसमें इस प्रथम महाधिवेशन में भागा लेने के लिए धनबाद,बोकारो,गिरिडीह, हजारीबाग, सरायकेला खरसावां के कुर्मी समुदाय के लोग शामिल हुए हजारों की संख्या पुरुष व महिला उपस्थित हुए। मौके पर झारखंड खतियानी भाषा संघर्ष समिति के राजनीतिक ,सामाजिक मुद्दा और एजेंडा पर विस्तृत चर्चा की गई। जहां झारखंड खतियानी युवा नेता जयराम महतो ने अपने पार्टी के जनसभा में उमड़े भीड़ को जनता का प्यार और समर्थन बताया और कहा कि झारखंड को औपनिवेशिक गुलाम से से मुक्ति के लिए हम लोगों ने संघर्ष का रास्ता चुना है। 23वर्षो में भी झारखंड को उसका हक और अधिकार नहीं मिल पाया है। झारखंड का नौकरी बेचा जा रहा है। लैंड बैंक और ऑनलाइन के नाम पर शोषित वंचित लोगो की जमीन छीनी जा रहीं है।अब हम लोग आगामी लोकसभा विधानसभा चुनाव में भी उतरेंगे। और झारखंडियों को उनका अधिकार दिलाएंगे।

## श्री श्री शीतला माता मंदिर के वार्षिकोत्सव पर कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोमो।** रेल नगरी गोमो के साहू मोहल्ला स्थित श्री श्री शीतला माता मंदिर का वार्षिक उत्सव शनिवार 17 जून को शुरू हो गया. इस अवसर पर सुबह 9 बजे मंदिर प्रांगण से गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकली। कलश यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं, पुरुष व बच्चे शामिल हुए। तपती गर्मी में माथे पर कलश लिये महिलाएं नंगे पांव हर हर महादेव, जय श्री राम का जयकारा लगाते चल रही थी. कलश यात्रा गोमो के पुरानी बाजार, मुख्य सडक से जीतपुर गांव होते हुए लगभग चार किलोमीटर दूरी तय कर जमुनिया नदी छठ घाट पहुंची। पंडित अवधेश पांडेय, अजीत पांडे ? व अनिल पांडेय की देखरेख में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 151 महिलाओं एवं कुमारी कन्याओं ने कलश में जल भरा और पुनः उसी मार्ग से वापस मंदिर पहुंची।

### कलश यात्रा में शामिल हुई महिलाएं

कलश यात्रा में जिला परिषद सदस्य बिजली देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य हीरामन नायक, साहू समाज के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार साव, अमरीका प्रसाद, जितन नायक, नीलम देवी, सुशीला देवी, महंगी देवी,उषा देवी, मुनकी देवी, यशोदा देवी, आशा देवी, संतोष साव, राज कुमार साव, अरुण गुप्ता, श्रवण कुमार, बीरेन्द्र कुमार आदि गणमान्य लोग शामिल हुए। समिति के सदस्यों ने बताया कि अनुष्ठान 21 जून तक चलेगा. इस बीच वेदी पूजन, यज्ञ, हवन, राम चरित मानस पाठ, नगर भ्रमण, प्रवचन, शिव चर्चा होती रहेगी. 21 जून को जागरण होगा।

## भाजपाइयों ने सुनीं प्रधानमंत्री के 'मन की बात'

**बेरमो/फुसरो।** गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय के आवासीय कार्यालय फुसरो मे प्रधानमंत्री की मन की बात का 102 वां एपिसोड सुना गयाण यहॉ गिरिडीह के पूर्व सांसद श्री पांडेय ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन का महत्वपूर्ण संदेश का सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ष्मन की बातष के जरिए लोगों के बीच सुना गयाण मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष भाई प्रमोद कुमार सिंहए दिनेश कुमार सिंहए टुनटुन तिवारीए शंकर सिन्हाए नवल किशोर सिंहए मनोज चंद्रवंशीए अशोक सिंहए उमेश रविदासए किसान मोर्चा नेता वैभव चौरसियाए भरत वर्माए रामलाल गोस्वामीए अशोक सिंहए विद्यार्थी पांडेयए मूलचंद खुरानाए यीशु सिन्हा आदि लोग मौजुद थे। वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात 102 वां एपिसोड कार्यक्रम डॉ रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के प्रधान कार्यालय फुसरो में भाजपा नेत्री डॉ उषा सिंह ने अपने समर्थकों के साथ सुनीण डॉ रविंद्र उषा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के विकास के लिए रात दिन मेहनत करने वाले नरेंद्र मोदी पर हम लोगों को गर्व है और जिस तरह प्रत्येक महीने मन की बात के कार्यक्रम को लेकर अच्छी अच्छी सोच कर हम लोगों के बीच बताते हैंण इनसे हमें सीख लेनी चाहिए और आज मन की बात कार्यक्रम में बहुत बातें बोलेण जैसे भारत के आपातकाल को किया यादए 2025 तक भारत को टीबीए मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## अपहरण मामले में परिजनों ने किया हंगामा, तीन पर लगाया आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के ढोरी स्टाफ क्वार्टर निवासी लक्ष्मण सिंह के दामाद रंजय सिंह का अपहरण होने से आक्रोशित लोग ने जनता ऑयल मिल को घंटों घेरे रखा और जमकर हंगामा किया। आक्रोशित लोगो ने जनता आयल मिल के समीप सोनू नामक युवक को घर से निकालने के लिए हंगामा किया। हालांकि दुकानदार ने इस मामले से अपने आपको अलग बताया। कहा कि सोनू से मेरा कोई संबंध नही है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले मे आक्रोशित लोगों को शांत रहने की अपील की। परिजन का आरोप है कि सोनू समेत तीन युवकों ने ढोरी स्टाफ क्वार्टर निवासी लक्ष्मण सिंह के दामाद रंजय सिंह का अपहरण कर रखा है। इधर लोगों के आक्रोश को बढ़ा देख सोनू ने थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। इसकी सूचना सोनू के परिजन ने घर से निकलकर दुकान में आकर लोगों को दी। सोनू को थाने में सरेंडर किए जाने की सूचना पर सभी आक्रोशित परिजन थाने पहुंचे और वहां जाकर भी सोनू को दिखाने की मांग पर अडिग रहें हालांकि बेरमो पुलिस ने सूझबूझ से परिजनों को शांत कराया। थाने में ही रंजय के परिजनों को फोन आया कि वह आसनसोल में है और सुरक्षित है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि पुलिस के दबाव और आक्रोशित लोगों के दबाव के कारण ही रंजय को करीब 24 घंटे के बाद छोड़ा गया। थाना परिसर में रंजय के ससुर लक्ष्मण सिंह और रंजय की पत्नी प्रियंका सिंह घटना को याद कर बार.बार बेहोश हो जा रहे थे। उसके परिजन बार.बार कह रहे थे कि किसी तरह से हमारे दामाद और पति को वापस लाया जाए।

BEFORE, THE NOTARY PUBLIC AT DHANBAD
AFFIDAVIT

I, ABU FAISAL SIDDIQUEE son of Md. Abuzar siddiquee, aged about-45 years, by religion-Muslim, by occupation-Business, R/o. Near Vodaphone Tower, Chhatabad, P. S.Katras, District- Dhanbad (Jharkhand). having Andhar card No. 7322 7217 2344, do hereby solemnly affirm on oath & deciare as follows:
1) That, I am residing in afore mentioned address,
2) That, I am a passport holder having my Passport no. is K6 377835, date of issue :- 8/10/2012 in which my name is wrongly mentioned as " Abu Faisal instead of Abu Faisal siddiquee which is my actual and correct name.
3) That, I am affixing my passport size photograph on the top of this affidavit for my proper identification.
4) That, my aforementioned statements are true and correct to the best of my knowledge, information & belief. And I have concealed nothing in it.
5) That, I am swearing this affidavit to produce it before the Authority concern for needful purpose.
SL. NO. 20. Dt. 07.06.2023 **DEPONENT**

# भक्ति की डोर से आस्था का रथ खींचने आते हैं भक्त

### 90 वर्षों से झरिया में निकाली जा रही है रथयात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झरिया।** झरिया निवासी रामखेलावन साव पुत्र कामना की कामना पूर्ण होने पर 9 0वर्ष पूर्व 1932 में पहली बार झरिया में रथ यात्रा का शुरूआत की।इस वर्ष 20 जुन मंगलवार को रथ यात्रा निकलेगा। जिसके बाद प्रभू जगन्नाथ ,भाई वीर भद्र व बहन सुभद्रा का पूजा अर्चना कर नेह की डोर में बंधे रथ को खिचते है। रथ यात्रा के अवसर पर झरिया चिल्ड्रेन पार्क में क ई दिनों तक मेला का आयोजन किया जाता रहा है। प्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के प्रति भक्तो की आस्था। जबकि भक्तों द्वारा रथ के साथ ( खीचते) हुए नगर भ्रमण करने में भक्तों की भीड जुटती रही। पूजन अर्चना इस वर्ष भी पारंपरिक तरीके से करने को श्रद्धालु उत्साहित है।

### पुत्र प्राप्ति पर रामखेलावन ने शुरू की रथयात्रा

झरिया निवासी अजय गुप्ता नेकहा कि मेरे परदादा द्वारा रामखेलावन साव पुत्र कामना की इच्छा से वर्ष 1930 में भगवान जगन्नाथ के दरबार पूरी पहुंचे थे।भगवान जगन्नाथ के दरबार में माथा टेका था।कहा कि पुत्र होने पर रथयात्रा निकालने की मन्नत की। भगवान जगन्नाथ की आशीर्वाद से रामखेलावन साह को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई।हर्ष और आनंद के साथ काठ का भव्य रथ बनवा और सर्व साधारण की पूजा के लिए समर्पित कर दिया। तब वर्ष 1932 में पहली बार झरिया में आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि को रथ यात्रा निकली।तब से यह रथ यात्रा झरिया में अनवरत जारी है।

# खबर मन्त्र

रांची . सोमवार .19 जून 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net


## बंजर भूमि की चिंता

पीएम मोदी ने दुनिया के तमाम देशों को आगाह किया कि अगर भूक्षरण और मरुस्थलीकरण को मिल कर रोकने का प्रयास नहीं किया गया, तो इससे आने वाले समय में गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। पर्यावरण और कृषि क्षेत्र में काम करने वाले वैज्ञानिक लंबे समय से इस समस्या की तरफ ध्यान आकर्षित करने का प्रयास करते रहे हैं। मगर विकास परियोजनाओं को दी जाने वाली अंधाधुंध मंजूरी और कृषि उत्पादन बढ़ाने की होड़ में अतार्किक ढंग से रसायनों, उर्वरकों तथा प्रसंस्कृत जीन वाले बीजों के उपयोग पर लगाम लगाने का कोई व्यावहारिक कदम नहीं उठाया जा सका है। यह कोई छिपा हुआ तथ्य नहीं है कि विकास परियोजनाओं के लिए जंगलों की अंधाधुंध कटाई की वजह से भूक्षरण की समस्या बढ़ी है। इससे जमीन के जल सोखने की क्षमता काफी कम हुई है। मगर औद्योगिक उत्पादन बढ़ाने के मकसद से नए कल-कारखानों को मंजूरी देते समय पर्यावरणीय तकाजों को लगातार नजरअंदाज किया जाता रहा है। तमाम देशों ने अपनी औद्योगिक नीतियों में पर्यावरणीय नियम-कायदों को काफी लचीला बना दिया है। भारत ने भी नए उद्योगों के लिए पर्यावरणीय बाधाओं को काफी हद तक दूर कर दिया है। खेती योग्य जमीन के बड़े हिस्से के बंजरीकरण का एक बड़ा कारण जीन प्रसंस्कृत बीजों का बड़े पैमाने पर उपयोग है। भारत में कई कृषि अनुसंधान केंद्र खोले गए, जिनके प्रसंस्कृत बीज भारतीय वातावरण के अनुकूल होते थे। उनसे पैदावार भी अच्छी होती थी। इसके अलावा हर साल बढ़ते वैश्विक तापमान की वजह से ग्लेशियरों का पिघलना, हरित क्षेत्रों का उजड़ते जाना और मरुस्थल का विस्तार जारी है। इसे रोकने के लिए दुनिया के तमाम देश हर साल अपने कार्बन उत्सर्जन में कटौती का संकल्प तो दोहराते हैं लेकिन अमल नहीं करते।

## लड़ाकू लड़कियां

अब भारतीय सेना ने देश सेवा का सपना देख रही युवतियों-महिलाओं के लिए महिला सैन्य पुलिस में सैनिकों के रूप में भर्ती का अवसर मिलेगा। अभी तक शॉर्ट सर्विस कमीशन के जरिए सेना की मेडिकल, सिग्नल, एजुकेशन और इंजीनियरिंग कोर में भर्ती की जाने वाली महिलाओं को सीधे मोर्चे पर लड़ाकू भूमिका में भेजने से परहेज था। पूछा जाता था कि क्या महिलाएं दुश्मन से मोर्चा लेने के लिए सरहद पर जाने और सीमा पर वापस आते ताबूतों को देखने के लिए तैयार हैं (संदर्भ-पिछले वर्ष सेना प्रमुख बिपिन रावत का बयान)। महिलाओं की दृढता पर सवाल उठाती आशंकाओं का ही प्रतिफल है कि थल सेना में महिलाओं की हिस्सेदारी सिर्फ 3.80 फीसद, वायु सेना में 13.09 फीसद और नौसेना में 6 फीसद है। करीब 14 लाख सशस्त्र बलों के 65 हजार अफसरों के कैडर में देखें तो थल सेना में 1500, वायु सेना में 1600 और नौसेना में मात्र 500 महिलाएं हैं। बेशक, सेना में महिलाओं को अब से दो की बजाय दस शाखाओं में परमानेंट कमीशन देने पर तो सहमति है, लेकिन उन्हें कमांड भूमिकाओं में अब भी नहीं लाया जाएगा। तात्पर्य यह कि महिलाओं को किसी यूनिट के नेतृत्व का मौका नहीं मिलेगा। कमांडिंग अफसर बनने की बजाय परमानेंट कमीशन मिलने के बावजूद कर्नल के पद तक ही पहुंच सकेंगी। वैसे हर साल सशस्त्र सुरक्षा बलों की तीनों शाखाओं में करीब 3300 महिलाओं की भर्ती होती है, लेकिन वे सीधे दुश्मन से नहीं भिड़ती हैं। महिलाओं को लड़ाकू भूमिका नहीं देने को लेकर कुछ बाधाओं की बात कही जाती रही है। लेकिन वर्तमान समय में उनकी बहादुरी और होशियारी के साथ विश्व के विकसित देशों में जिस प्रकार की उन्हें जिम्मेदारी दी जा रही है उसकी चर्चा कम ही होती है। आज भारतीय परिवेश में उनकी भी एक समृद्ध परम्परा है।

# शिक्षा से दूर वे बच्चे ही मजबूर






-सुनील पाण्डेय

> पीढ़ी दर पीढ़ी गरीबी के चक्रव्यूह से बाहर नहीं निकलने देता। साल 2011 की जनगणना के के अनुसार, भारत में बाल मजदूरों की संख्या 1.01 करोड़ है। इसमें 56 लाख लड़के और 45 लाख लड़कियां हैं। दुनिया भर में 6.4 करोड़ लड़कियां और 8.8 करोड़ लड़के बाल मजदूर होने का अनुमान लगाया गया है। अगर इस अनुमान पर भरोसा किया जाए तो विश्व में प्रत्येक 10 बच्चों में से एक बच्चा बाल मजदूर है।

**पढ़ने**-लिखने की उम्र में श्रम के तंदूर में झुलसता बचपन किसी के लिए भी त्रासद हो सकता है। आखिर कौन माता-पिता नहीं चाहता कि उसका बेटा भी पढ़-लिखकर सुसभ्य नागरिक और देश का निमार्ता बने। यह तब है जब भारत में बाल श्रम के खिलाफ राष्ट्रीय कानून और नीतियां प्रभावी हैं। भारत का संविधान (26 जनवरी 1950) मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांत की विभिन्न धाराओं के माध्यम से कहता है-14 साल के कम उम्र का कोई भी बच्चा किसी फैक्टरी या खदान में काम करने के लिए नियुक्त नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य खतरनाक नियोजन में नियुक्त किया जाएगा (धारा 24)। राज्य अपनी नीतियां इस तरह निर्धारित करेंगे कि श्रमिकों, पुरुषों और महिलाओं का स्वास्थ्य तथा उनकी क्षमता सुरक्षित रह सके और बच्चों की कम उम्र का शोषण न हो तथा वे अपनी उम्र व शक्ति के प्रतिकूल काम में आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रवेश करें (धारा 39-ई)। बच्चों को स्वस्थ तरीके से स्वतंत्र व सम्मानजनक स्थिति में विकास के अवसर तथा सुविधाएं दी जाएंगी और बचपन और जवानी को नैतिक व भौतिक दुरुपयोग से बचाया जाएगा (धारा 39-एफ)। संविधान लागू होने के 10 साल के भीतर राज्य 14 वर्ष तक की उम्र के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा देने का प्रयास करेंगे (धारा 45)। बाल श्रम एक ऐसा विषय है, जिस पर संघीय व राज्य सरकारें, दोनों कानून बना सकती हैं।

इस संबंध में संघीय सरकार ने कानून भी बनाए गए हैं। इनमें प्रमुख हैं-बाल श्रम (निषेध व नियमन) कानून 1986। यह कानून 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को 13 पेशा और 57 प्रक्रियाओं में, जिन्हें बच्चों के जीवन और स्वास्थ्य के लिए अहितकर माना गया है, नियोजन को निषिद्ध बनाता है। इन धंधों और प्रक्रिया का उल्लेख कानून की अनुसूची में है। दूसरा है-फैक्टरी कानून 1948। यह कानून 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के नियोजन को निषिद्ध करता है। 15 से 18 वर्ष तक के किशोर किसी फैक्टरी में तभी नियुक्त किए जा सकते हैं, जब उनके पास किसी अधिकृत चिकित्सक का फिटनेस प्रमाण पत्र हो। इस कानून में 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए हर दिन साढ़े चार घंटे की कार्यावधि तय की गई है और रात में उनके काम करने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

भारत में बाल श्रम के खिलाफ कार्रवाई में महत्वपूर्ण न्यायिक हस्तक्षेप 1996 में सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले से आया, जिसमें संघीय और राज्य सरकारों को खतरनाक प्रक्रियाओं और पेशों में काम करने वाले बच्चों की पहचान करने, उन्हें काम से हटाने और उन्हें गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया गया। देश की सबसे बड़ी अदालत ने यह हुक्म भी दिया था कि एक बाल श्रम पुनर्वास सह कल्याण कोष की स्थापना की जाए। इसमें बाल श्रम कानून का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं के अंशदान का उपयोग हो। बाल श्रम ऐसा दुश्चक्र है, जो बच्चों से स्कूल जाने का अधिकार छीन लेता है। पीढ़ी दर पीढ़ी गरीबी के चक्रव्यूह से बाहर नहीं निकलने देता। साल 2011 की जनगणना के के अनुसार, भारत में बाल मजदूरों की संख्या 1.01 करोड़ है। इसमें 56 लाख लड़के और 45 लाख लड़कियां हैं। दुनिया भर में 6.4 करोड़ लड़कियां और 8.8 करोड़ लड़के बाल मजदूर होने का अनुमान लगाया गया है। अगर इस अनुमान पर भरोसा किया जाए तो विश्व में प्रत्येक 10 बच्चों में से एक बच्चा बाल मजदूर है।

हालांकि कुछ वर्षों से बाल श्रमिक दर में कुछ कमी आई है। बावजूद इसके बच्चों को कुछ कठिन कार्यों में अभी भी लगाया जा रहा है। मसलन बंधुआ मजदूरी, बाल सैनिक (चाइल्ड सोल्जर) और देह व्यापार। भारत में विभिन्न उद्योगों में बाल मजदूरों को काम करते हुए देखा जा सकता है। देश में बाल मजदूरी और शोषण के कई कारण हैं। इनमें गरीबी, सामाजिक मानदंड, वयस्कों तथा किशोरों के लिए अच्छे कार्य करने के अवसरों की कमी, प्रवास आदि हैं। ये सब वजह सिर्फ कारण नहीं बल्कि भेदभाव से पैदा होने वाली सामाजिक असमानता का परिणाम हैं। अब तो यह साबित हो चुका है कि बाल मजदूरी शिक्षा में बहुत बड़ी रुकावट है। इससे बच्चों के स्कूल जाने में उनकी उपस्थिति और प्रदर्शन पर खराब प्रभाव पड़ता है।

बाल तस्करी तो बाल मजदूरी से भी बड़ा अभिशाप है। बाल मजदूरी और शोषण को एकीकृत दृष्टिकोण और सामुदायिक प्रयासों से रोका जा सकता है। इसमें स्वैच्छिक संगठनों और शिक्षकों का अहम योगदान हो सकता है। यूनीसेफ, सरकार और निजी एंजेसियों के साथ मिलकर इस संबंध में जरूरी नीतियां तैयार करता है। वक्त आ गया है कि हमें बाल मजदूरी की सांस्कृतिक स्वीकृति को खारिज करने की जरूरत है। बाल अधिकारों पर वैश्विक स्तर पर विचार-विमर्श विभिन्न स्तर पर जारी रहता है। संयुक्त राष्ट्र अधिवेशन में तो कई बार चर्चा हो चुकी है। देश के स्कूली बच्चों को श्रम के भंवरजाल से बाहर निकालने का संकल्प हाल ही में नई दिल्ली में भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ और एजुकेशन इंटरनेशनल ने लिया है। इस अंतरराष्ट्रीय पहल पर दुनिया भर के शिक्षाविदों ने चर्चा की है। एजुकेशन इंटरनेशनल की अध्यक्ष मिसेज सुजन हॉपगूड ने कहा, दुनिया में भारत ऐसा देश है जहां सबसे अधिक बाल श्रमिक हैं। इनमें स्कूल गोइंग स्टूडेंट्स की संख्या में इजाफा चिंताजनक है। इसे समाप्त करना महत्वपूर्ण चुनौती है। शिक्षक संगठनों और सरकार के प्रयासों के बावजूद ऐसी स्थिति गंभीर इशारा कर रही है। उल्लेखनीय है कि 2009 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम पारित हो चुका है। इसमें मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान है। हॉपगूड ने हैरानी जताई कि इस अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए भगीरथ प्रयास नहीं हो रहे। (लेखक, प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।)

### खास बात

## मोतीलाल की यादें

अजय कुमार शर्मा

**हिंदी** सिनेमा के इतिहास में नैसर्गिक अभिनय यानी स्वाभाविक अभिनय के लिए सबसे पहले याद किए जाने वाले अभिनेता मोतीलाल हैं। इसके बाद की कड़ी में अशोक कुमार, बलराज साहनी और संजीव कुमार के नाम लिए जाते हैं। मोतीलाल की विशेष पहचान फेल्ट हैट, भड़कीले कपड़े, चमचमाते जूते, मस्त चाल-ढाल, शाही अंदाज, नफासत से भरे हाव-भाव आदि थे। मोतीलाल ने अस्सी से अधिक फिल्मों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शुरू में नायक और फिर चरित्र अभिनेता के रूप में उनकी यादगार फिल्में हैं- अनाड़ी, पैगाम, लीडर, परख और जागते रहो।

चार दिसंबर, 1910 को शिमला में जन्मे मोतीलाल का परिवार दिल्ली का रहने वाला था। वह एक साल के थे, जब उनके पिता का निधन हो गया। उनके पिता शिक्षा विभाग में थे। उनका पालन-पोषण उनके चाचा ने किया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा शिमला, उत्तर प्रदेश और आगे की पढ़ाई दिल्ली में हुई। अपनी जवानी के दिनों में वे नेवी में नौकरी करने के इरादे से बंबई आए, लेकिन ठीक परीक्षा के दिन बीमार हो गए और परीक्षा नहीं दे पाए। इसी दौरान एक दिन वे सज-धज कर शूटिंग देखने सागर स्टूडियो जा पहुंचे। वहां निर्देशक काली प्रसाद घोष किसी फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। युवा मोतीलाल को देखकर वे चौंक गए, क्योंकि उन्हें अपनी फिल्म के लिए ऐसे ही हीरो की तलाश थी। इस तरह बिल्कुल फिल्मी अंदाज में वे सागर मूवीटोन की फिल्म शहर का बाबू (1934) के हीरो चुन लिए गए। उनकी नायिका थी सवितादेवी। सागर मूवीटोन उस समय का प्रसिद्ध स्टूडियो था। वहां सुरेंद्र, बिब्बो, याकूब, जद्दनबाई, कुमार जैसे श्रेष्ठ कलाकार महबूब खान, सर्वोत्तम बादामी और चिमन लाल लोहार जैसे निर्देशक और केसी डे, प्राणसुख नायक तथा अनिल विश्वास जैसे संगीतकार काम करते थे। तब तक फिल्मों में पार्श्व गायन की शुरूआत नहीं हुई थी। इसलिए यहां मोतीलाल को अपने गाने खुद गाने पड़े थे। साल 1937 में सागर मूवीटोन छोड़ने से पहले उन्होंने वहां के लिए दस फिल्में कीं और संवाद बोलने के स्वाभाविक ढंग, साफ सुंदर कॉमेडी से दर्शकों को लुभाया।

## पात्रता

### धर्म-प्रवाह

महर्षि अरविंद

पात्रता के अभाव में सांसारिक जीवन में किसी को शायद ही कुछ विशेष उपलब्ध हो पाता है। अपना सगा होते हुए भी एक पिता मूर्ख गैर जिम्मेदार पुत्र को अपनी विपुल सम्पत्ति नहीं सौंपता। कोई भी व्यक्ति निर्धारित कसौटियों पर खरा उतरकर ही विशिष्ट स्तर की सफलता अर्जित कर सकता है। मात्र मांगते रहने से कुछ नहीं मिलता, हर उपलब्धि के लिए उसका मूल्य चुकाना पड़ता है। बाजार में विभिन्न तरह की वस्तुएं दुकानों में सजी होती हैं, पर उन्हें कोई मुफ्त में कहां प्राप्त कर पाता है? अनुनय विनय करने वाले तो भीख जैसी नगण्य उपलब्धि ही करतलगत कर पाते हैं। पात्रता के आधार पर ही शिक्षा, नौकरी, व्यवसाय आदि क्षेत्रों में भी विभिन्न पात्रता विकसित हो जाने पर बिना मांगें ही वे साधक पर बरसती हैं। उन्हें किसी प्रकार का अनुनय विनय नहीं करना पड़ता है। दैवी शक्तियां परीक्षा तो लेती हैं, पर पात्रता की कसौटी पर खरा सिद्ध होने वालों को मुक्तहस्त से अनुदान भी देती हैं। अध्यात्म का, साधना का चरम लक्ष्य सिद्धियां-चमत्कारों की प्राप्ति नहीं है, पर जिस प्रकार अध्यवसाय में लगे छात्र को डिग्री की उपलब्धि के साथ-साथ बुद्धि की प्रखरता का अतिरिक्त अनुदान सहज ही मिलता रहता है, उसी तरह आत्मोत्कर्ष की प्रचण्ड साधना में लगे साधकों को उन विभूतियों का भी अतिरिक्त अनुदान मिलता रहता है, जिसे लोक-व्यवहार की भाषा में सिद्धि एवं चमत्कार के रूप में जाना जाता है। पर चमत्कारी होते हुए भी ये प्रकाश की छाया जैसी ही हैं।

**दुनिया** भर के गंजों को समर्पित.. आज से 40 साल पहले जब मैं मुंबई फिल्मों में अपनी किस्मत आजमाने आया था तो मेरे बाल झड़ रहे थे और अस्त व्यस्त थे। लोग इसे मेरी किस्मत कहते थे और मैं इसे अपनी खासियत कहता था।

**-अनुपम खेर अभिनेता**

### रोचक ट्वीट

कितना कमा लेते हो? कुछ गाने बजा लें? सिद्धू मूसेवाला के? हम ट्रक वालों के कारण ही मैन्युफैक्चरर्स का काम चलता है।

अमेरिका में एक भारतीय ड्राइवर के साथ ट्रक यात्रा, उनके अनुभव और कहानियां!

**- राहुल गांधी, कांग्रेस**





**दुनिया** की आबादी सात अरब से ज्यादा है। इसमें से कोई भी कष्ट उठाना नहीं चाहता और न ही कोई समस्याओं का सामना करना चाहता है। इसके बावजूद हम कई सारी समस्याओं का सामना कर रहे हैं जो खुद हमने खड़ी की हैं।

**-दलाई लामा**

# पुलिस- सैन्य बलों के जवान हत्या-आत्महत्या के शिकार क्यों?

### समस्या

**अर्धसानिक** बलों के जवान उचित खानपान न मिलने, छुट्टियां न मिलने जैसी शिकायतें सोशल मीडिया पर भी करते रहे हैं। झारखंड के सरायकेला में एक जवान ने अपने असिस्टेंट कमांडेट सहित छह जवानों को मार डाला था। हत्यारोपी जवान अवसाद से पीड़ित था।

कुछ दिन पहले नक्सल प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) के एक जवान ने अपने ही छह साथी जवानों की गोली मार कर हत्या कर दी थी। दो दिन पहले झारखंड में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों में संघर्ष के दौरान गोलियां चलीं, जिसमें दो जवान मारे गए। ये घटनाएं विचलित करने वाली हैं। इन घटनाओं के कारण जो भी रहे हों, लेकिन इतना तय है कि हमारे अर्धसैनिक बलों की हालत अच्छी नहीं है। ये घटनाएं बता रही हैं कि सुरक्षा बलों के ज्यादातर जवान बुरी तरह अवसादग्रस्त और मानसिक दबाव में हैं, इसलिए इनके भीतर कहीं न कहीं गहरा असंतोष पनप रहा है। इसके कारण चाहे पारिवारिक हों अथवा विभागीय, लेकिन गौर करें तो साथी जवानों पर हमले और हत्याओं की घटनाएं नई बात नहीं हैं। कुछ साल पहले औरंगाबाद में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के एक जवान ने अपने ही चार साथियों को गोलियों से उड़ा दिया था। इसी तरह झारखंड के सरायकेला में एक जवान ने अपने असिस्टेंट कमांडेट सहित छह जवानों को मार डाला था। हत्यारोपी जवान अवसाद से पीड़ित था।

आमतौर पर आत्महत्या की प्रवृत्ति उन जवानों में सर्वाधिक देखी जाती है जो सीमा पर पहरा देते हैं या जोखिम भरे क्षेत्रों में काम करते हैं। अक्सर इन कार्यों में जवानों को अपनी जान भी गंवानी पड़ती है। आंकड़ों पर गौर करें तो भारत-पाक सीमा पर गोलीबारी, आतंकवादी और उग्रवादी गतिविधियों के कारण पिछले तीन वर्षों में सुरक्षा बलों के तकरीबन चार सौ से अधिक जवानों ने जान गंवाई है। इनमें सबसे अधिक जवान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के शहीद हुए हैं। इस बल ने 2015 से 2017 के दरम्यान एक सौ सड़सठ जवानों को खोया है। अपने साथी जवानों की शहादत को देख कर अन्य जवानों का विचलित होना स्वाभाविक है।

मनोवैज्ञानिकों की मानें तो इनमें से कुछ जवान अवसाद में चले जाते हैं। गृह मंत्रालय ने एक रिपोर्ट में जवानों की आत्महत्या और अवसाद के कई कारण गिनाए थे, जिसकी वजह से पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न अर्ध सैनिक बलों के चार सौ से अधिक जवानों ने आत्महत्या की और साथ ही अपने साढ़े तीन दर्जन से अधिक साथियों को निशाना बनाया। आमतौर पर अर्धसैनिक बलों के उच्चाधिकारी यह दलील देते हैं कि जवानों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति का मूल कारण उनका पारिवारिक तनाव है, न कि नौकरी के दौरान उपजने वाला मानसिक दबाव। इसमें कोई दो राय नहीं कि जवानों के आत्महत्या करने और नौकरी छोड़ने के पीछे पारिवारिक तनाव बड़ा कारण है। लेकिन दूसरे कारण भी हैं जो जवानों को विचलित करते रहते हैं। सच तो यह है कि नौकरी की कठिन सेवा शर्तें भी जवानों की परेशानी और आत्महत्या की बड़ी वजह है। कुछ वर्षों से सेना द्वारा नौकरी की सेवा-शर्तें एवं वेतन में व्याप्त विसंगतियों को लेकर सवाल उठाया जाता रहा है। कठिन सेवा शर्तें कई किस्म की परेशानियां खड़ी कर रही हैं। केवल सीआरपीएफ की ही बात करें तो अस्सी प्रतिशत जवानों को पिछले दो दशक से एक जगह पर स्थायी रूप से नियुक्ति नहीं मिल पाई है और वे समय-समय पर मिलने वाली प्रोन्नति से भी वंचित हैं। सच कहें तो उनका जीवन खानाबदोशों की तरह हो गया है। सरकार को समझना होगा कि वे भी समाज का हिस्सा हैं और उन्हें भी मानवीय संवेदनाएं प्रभावित करती हैं।

### कॉर्टून वर्ल्ड

हमारा पैसा कहां जाता है?




साभारः कॉर्टूनमूवमेंट डॉटकॉम

### लेटर टू एडिटर

#### ममता की नीति

**ममता** बनर्जी ने यह सब मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के तहत किया है। ऐसे नेता जो देश में विकास करने की जगह हिंदू-मुस्लिम करने की कोशिश करते हैं, इनसे देश कैसे उम्मीद रख सकता है? हमारे नेताओं को ऐसी हरकतों से बाज आना चाहिए। भारतीय कानून ने भले ही मतदान के वैयक्तिक अधिकार दिए हों, परन्तु व्यवहार में ऐसा नहीं होता है। ममता बनर्जी को नीति बदलना ही होगा।

**-रविकांत झा, खूंटी**

#### महिलाओं का उत्पीड़न

**परिवार** और समाज के अन्य सदस्य, जिसे मतदान करते हैं, उसी को मतदान करने के लिए अन्य सदस्यों पर दबाव डालते हैं। हाल ही में झारखंड में एक महिला द्वारा अपने मनचाहे प्रत्याशी को मतदान करने पर उनके परिजनों ने प्रताड़ित किया। ऐसे कृत्यों पर रोक लगाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है। साथ ही, ऐसा किए जाने से मतदाताओं का किसी खास जाति-धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण पर भी रोक लगेगी। **-रवि, रांची**

# साइबर अपराध की बढ़ती संख्या और हमारे युवा

अभिषेक विश्वकर्मा

### अपराध

कंप्यूटर और इन्टरनेट के माध्यम से किये जानेवाले सभी प्रकार के गैर - कानूनी और धोखाधड़ी की एक्टिविटीज साइबर क्राइम की श्रेणी में शामिल किये जाते हैं । सूचना तकनीक के रूप में कंप्यूटर, मोबाइल और इन्टरनेट के बढ़ते प्रयोग के फलस्वरूप साइबर क्राइम का दायरा भी बड़ी तेजी से बढ़ता जा रहा है। किसी यूजर के कंप्यूटर से इन्टरनेट की मदद से उनके पर्सनल डाटा की चोरी से लेकर इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी के कॉपीराइट का गैरकानूनी प्रयोग, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, बुल्लियंग (डराना और ब्लैकमेलिंग), वित्तीय धोखाधड़ी से लेकर कई अन्य अपराध भी साइबर क्राइम के अंतर्गत आते हैं । इसके अतिरिक्त स्पैम मेल के द्वारा अपने वस्तु और सेवा का प्रमोशन करना, फिशिंग के माध्यम से किसी यूजर के प्राइवेट डाटा में सेंध लगा कर बैंकों से धन की निकासी करना, ड्रग ट्रैफिकिंग करने के अतिरिक्त कई अन्य गैरकानूनी कार्य भी साइबर अपराध की केटेगरी में सम्मिलित की जाती हैं । आज हम टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट के उस स्टेज पर पहुँच चुके हैं जहाँ पर हम इन्टरनेट और कंप्यूटर के बिना अपना काम बिलकुल नहीं चला सकते हैं ।

लिहाजा यह अनिवार्य है कि जब हम कंप्यूटर और इन्टरनेट का यूज कर रहे हों तो हमें कुछ ऐसी सावधानियों का अवश्य ध्यान रखना चाहिए जिससे हम साइबर क्राइम की घटनाओं से खुद की रक्षा कर पायें

**अपने कंप्यूटर के लिए एक स्ट्रौंग पासवर्ड सबसे अनिवार्य**

वैसे तो यह सामान्य - सी बात है कि जब आप अपने कंप्यूटर पर इन्टरनेट चला रहे हों तो आप अपने पीसी को एक स्ट्रौंग पासवर्ड से सिक्योर कर लें । किन्तु जब भी आप अपने कंप्यूटर को किसी पासवर्ड से सिक्योर करें तो इस बात का ध्यान रखें कि पासवर्ड हमेशा ही स्ट्रौंग होना चाहिए । पासवर्ड का क्रिएशन लेटर्स, सिम्बल्स और नुमेरल्स का मिक्सचर हो तो यह बहुत इफेक्टिव माना जाता है । इसके साथ-साथ आप पासवर्ड के लिए लोअर केस लेटर्स और अप्पर केस लेटर्स का भी यूज कर सकते हैं। यदि आप एक से अधिक एकाउंट्स का यूज कर रहे होते हैं तो आपको उन सब एकाउंट्स के लिए एक कॉमन पासवर्ड का यूज कभी नहीं करना चाहिए, क्योंकि ऐसी स्थिति में साइबर क्राइम का खतरा बढ़ जाता है । आप अपने मोबाइल नंबर, व्हीकल नंबर, हाउस नंबर, बर्थडे जैसे नंबर्स का भी यूज अपने पासवर्ड के लिए नहीं करें क्योंकि इस प्रकार के पासवर्ड को गेस करना कठिन कार्य नहीं होता है ।

**सोशल मीडिया के यूज के बारे में आपकी सतर्कता जरुरी**

सोशल मीडिया के रूप में फेसबुक, ट्विटर, ब्लॉग इत्यादि के यूज के बारे में हमें सावधान रहने की जरुरत है । सोशल मीडिया के इन साइट्स पर कुछ भी अपलोड करने पर वे सभी दुनिया भर के यूजर्स के लिए हमेशा के लिए पोस्ट हो जाते हैं ।

इसीलिए हमेशा इस बात की सावधानी रखनी चाहिए कि हम ऐसा कुछ भी पोस्ट नहीं करें जो हमारे लिए बेहद प्राइवेट और सेंसिटिव इनफार्मेशन वाला हो और जिनके लीक हो जाने पर हमें किसी खतरे का सामना करना पड़े।

**सेंसिटिव और पर्सनल इनफार्मेशन का प्रोटेक्शन जरुरी**

कई बार हमें ऑनलाइन शॉपिंग के अतिरिक्त इन्टरनेट बैंकिंग के यूज के लिए कई पर्सनल इनफार्मेशन शेयर करनी होती है । खासकर यूजर के एड्रेस, ईमेल और मोबाइल नंबर, बैंक्स अकाउंट नंबर इत्यादि की प्राइवेसी के बारे में ध्यान रखने की जरुरत है ।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## भाजपाइयों ने सुनी मन की बात



**रामगढ़।** बूथ नं 44 पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात भाजपाईयों ने सुनी। इस दौरान भाजपाईयों ने कहा की प्रधानमंत्री के मन की बात में प्रेरणादायक बाते कही गईं। मौके पर जिला महामंत्री रंजन फौजी, कैंट मंडल मंत्री अजीत गुप्ता, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नीरज प्रताप सिंह, हरीश मिश्रा आदि मौजूद थे।

## गुरुनानक स्कूल के पूर्व अध्यक्ष का निधन



**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह होरा रविवार को निधन हो गया। विगत दो महीनों से वो बीमार चल रहे थे। परिवार के भरपूर प्रयास के बावजूद उनका निधन हो गया। उनके निधन पर विद्यालय के प्रांगण मे शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमे गुरुद्वारा प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि सरदार सुरेंद्र सिंह होरा ने वर्ष 2010 से 2012 के बीच विद्यालय के अध्यक्ष पद पर अपनी सेवाएं दी थी और विद्यालय को एक नये मुकाम तक पहुंचाया। इसके अलावा उन्होंने गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा रामगढ़ मे जनरल सेक्रेटरी, स्कूल में ही कन्वेनर के रूप मे भी अपनी सेवाएं दी। वे विभिन्न सामाजिक संस्थाओ से भी जुड़े हुए थे। वे 40 वर्ष तक रोटरी क्लब से जुड़े रहे। वर्तमान मे इनके छोटे भाई सरदार हरदीप सिंह विद्यालय मे सदस्य के रूप मे मनोनीत है और अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## कुंटू बाबू के ऑफिस में सुनी मन की बात



**रामगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को रविवार को पूरे जिले के प्रत्येक बूथों पर सुना गया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने दिया। उन्होंने बताया की बूथ नंबर 50 के अंतर्गत निवास करने वाले भाजपा रामगढ़ के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय पर भी दर्जनों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकप्रिय कार्यक्रम को सुना। कुंटु बाबू ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यक्रम द्वारा देश में छिपी हुई प्रतिभा को उभारने का कार्य किया जा रहा है। ये आज सिर्फ एक कार्यक्रम के रूप में नही बल्कि देश में स्टार्टअप और कुछ अलग करने वाले युवा,बुजुर्ग और महिलाओं के लिए एक प्लेटफार्म बन चुका है। जहां उनके अंदर की प्रतिभा से देश और दुनियां को रूबरू करवाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेखा कुमारी, विनय, राजू बेसरा,दीपक महतो,मनोज,मणिशंकर ठाकुर,धीरज साहू,दीपक सोनकर उर्फ मुन्ना खटीक,भीमसेन चौहान,संतोष शाह आदि मौजूद थे।

## पर्वत धाम में रथयात्रा की तैयारी पूरी

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत स्थित पोना पर्वत धाम में रथ द्वितीय ( 20 जून ) के मौके पर रथ यात्रा निकलेगी। श्री श्री जगन्नाथ मंदिर का रंगरोगन पूरी कर ली गई है। 20 जून को भगवान जगन्नाथ महाप्रभु रथ पर सवार होंगे और लोग उनका दर्शन कर सकेंगे। यहां हर वर्ष भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। रथ यात्रा को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह है। आयोजन समिति के अध्यक्ष गुनी महतो ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यहां भव्य तरीके से रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान यहां मेले का भी आयोजन किया गया है। इसके लिए पूरे मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई है। देर रात यहां आश्रम आचार्य रामशरण गिरि बाबा द्वारा भजन कीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा। रथ यात्रा को लेकर उमेश कुमार, किशोरी महतो, प्रकाश कुमार, बिनोद कुमार, मुरली महतो, कन्हैया महतो, बसंत कुमार, बजरंगी महतो, सोनू, अरुण कुमार सहित कई लोग तैयारी में जुटे हुए हैं। वहीं, मेला में मुख्य अथिति सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि विधायक सुनीता चौधरी, मुखिया अरविंद कुमार सिंह सहित कई लोग सम्मानित अतिथि शामिल होंगे।

## सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा।** वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सहयोग से समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, भाजपा नेता जेपी पांडेय, उमाशंकर जयसवाल व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकु ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुड़ी-सब्जी व ठंडे शरबत का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने बताया कि वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सहयोग से पिछले 8 सप्ताह से भोजन वितरण कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है। जो कि काफी सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि सबों के सहयोग से मंच द्वारा पिछले 7 वर्षों से गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो कि आगे भी जारी जारी रहेगा। मंच के लोगों ने दो माह से गरीबों को भोजन कराने के लिए वैंकटेश फैक्ट्री परिवार सहित कमल केडिया, अंकित केडिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है। श्री सिंह ने कहा कि ऐसे नेक और सामाजिक कार्य में सब को तन मन धन से सहयोग करना चाहिए।

### 11वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में 19 राज्यों के 468 खिलाड़ी हुए शामिल

# ओवरऑल चैंपियन बना हरियाणा

### सेकंड रनरअप पंजाब और दिल्ली को तीसरा स्थान




खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** हजारीबाग जिले के बरही स्थित जवाहर घाट जलाशय में 16 जून से चल रहे 11वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में19 राज्यों के 468 प्रतिभागियों के बीच समापन किया गया।झारखंड के इतिहास में पहली बार हुए राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में 19 राज्यों के 468 प्रतिभागियों में 228 महिला एवं 240 पुरुष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। तीन दिनों तक चले ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में सभी राज्यों से आएं महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने अपने राज्य का नाम रौशन किया। विजेता सभी प्रतिभागियों को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष विनोद केबी शर्मा, मुख्य सचिव विनोद वर्मा, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, झारखंड ड्रैगन बोट के अध्यक्ष सह रिटायर्ड आईएएस बीसी ठाकुर, ऑर्गनाइजिंग डायरेक्टर रोहित कुमार सिंह, जनरल सेक्रेटरी सोनी प्रसाद, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, संयोजक आलोक कुमार, सचिव समीर अंबस्ट ने योगदान दिया। झारखण्ड के अध्यक्ष बीसी ठाकुर ने बताया कि दो दिनों तक झारखंड की टीम को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर कोच के संरक्षण एवं देखरेख में ट्रेनिंग दी जाएगी। वही वाइस प्रेसिडेंट सह कंपटीशन डायरेक्टर तापस पाठक ने कहा कि बरही के जवाहर घाट का भविष्य उज्वल है। यहां का मनोरम दृश्य एवं जलाशय को देखते हुए असीम संभावनाएं है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ने जवाहर घाट में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता होने से एक नई पहचान मिली है। यहां के बच्चों एवं अभिभावकों ने तीन दिनों तक चले राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आनंद लिया जो आने वाले दिनों में बच्चों को भी प्रेरित करेगा। वहीं जेनरल सेक्रेटरी बिनोद वर्मा ने कहा कि श्रीदास स्कूल की मेजबानी से दूसरे राज्य से आएं बच्चें काफी प्रभावित है। उन्होंने कहा कि स्कूल की मेजबानी ने सबको प्रभावित कर झारखण्ड की संस्कृति का परिचय दिया है। जिलाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सफल आयोजन को लेकर सभी पदाधिकारी व अन्य राज्य से आएं पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।

पूरे ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में ओवरऑल चैम्पियन हरियाणा बना। वहीं सेकंड रनरअप पंजाब और दिल्ली ने तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए अपनी जगह बनायी। तीनों टीम को ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित करते हुए भविष्य में भी बेहतर करने की बात कही।इस प्रतियोगिता में वीमेंस में 200 मीटर में प्रथम स्थान हरियाणा, द्वितीय स्थान पंजाब, तृतीय स्थान वेस्ट बंगाल, मेंस में प्रथम स्थान दिल्ली, द्वितीय स्थान हरियाणा, तृतीय स्थान यूपी ने प्राप्त किया। इसके अलावा वीमेंस 500 मीटर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हरियाणा, द्वितीय पंजाब, तृतीय वेस्ट बंगाल, मेंस में प्रथम स्थान दिल्ली, द्वितीय स्थान पंजाब, तृतीय स्थान वेस्ट बंगाल, वीमेंस 1000 मीटर में प्रथम स्थान हरियाणा, द्वितीय स्थान बिहार, तृतीय हिमाचल, मेंस 1000 मीटर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पंजाब, द्वितीय चंडीगढ़, तृतीय झारखण्ड बी, मेंस वीमेंस मिक्स 200 मीटर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हरियाणा, द्वितीय पंजाब, तृतीय बिहार, 500 मीटर में प्रथम हरियाणा, द्वितीय पंजाब, तृतीय झारखण्ड ए, 1000 मीटर में प्रथम पंजाब, द्वितीय राजस्थान, तृतीय स्थान वेस्ट बंगाल ने प्राप्त किया।

### बोट प्रतियोगिता से बरही को मिली नयी पहचान : चंद्रवंशी

# आजसू का संकल्प दिवस 22 को

### बड़कागांव विधानसभा में होगा परिवर्तन : विजय साहू



भुरकुंडा (रामगढ़)। पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में रविवार को आजसू पार्टी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह एवं संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय सचिव विजय साहु उपस्थित थे। बैठक के दौरान 22 जून को पार्टी के स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाने को ले विस्तृत रूप से चर्चा की गई। विजय साहू ने कहा कि 22 जून पार्टी के स्थापना दिवस को पार्टी संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। पार्टी के केंदीय नेतृत्व के निर्णय के अनुसार सम्पूर्ण झारखंड के सभी विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प दिवस मनाना है। जिसके आलोक में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र स्तरीय संकल्प दिवस पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में मनाई जाएगी। उन्होंनं कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता एकजुट होकर बड़कगाव विधानसभा क्षेत्र के विकास, यहां की जनता की उन्नति, रोजगार, मान सम्मान सुनिश्चित करने को लेकर संकल्प लेंगे। बड़कागांव विधानसभा में परिवर्तन का माहौल है।

श्री साहू ने कहा कि पार्टी के केंदीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी का संकल्प है कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र को हर मोर्चे पर अव्वल बनाना है। संकल्प दिवस की तैयारी को लेकर प्रखंड स्तरीय तैयारी समिति का गठन किया गया। प्रखंड को कुल चार जोन में बांटकर तैयारी समिति का गठन किया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजू कुमार, भुनेश्वर महतो, जिला प्रवक्ता बीरेंद्र झा, जिला संगठन सचिव अशोक पाठक, कोलेश्वर महतो, युवा मोर्चा सचिव जानकी मुंडा, विजय कुमार आदि मौजूद थे।

**इन्हें मिली जिम्मेवारी**

पूर्वी जोन हरी रत्नम साहू, अखिलेश महतो, द्वारिका महतो, हरेश राय, महेश रजवार, कोयलांचल जोन विश्वरंजन सिन्हा, ब्यास पांडेय, सतीश सिन्हा, मनोज करमाली, मध्य जोन लालू महतो, राजू मुंडा, सुखदेव महतो, अशोक पाठक, रंजीत यादव, अनिल सोनी, विदेश बेदिया, कैलाश प्रसाद, राणा प्रताप सिंह, पश्चिमी जोन गंगाधर महतो, नित्यानंद कुमार, ब्रजेश सिंह, राजू कुमार, बीरेंद्र झा, राहुल रंजन, कौलेश्वर महतो, भुनेश्वर महतो, छोटू करमाली, लक्ष्मीकांत महतो को जिम्मेवारी दी गई है।

## अखंड-कीर्तन सह रथ यात्रा 20 को

**भुरकुंडा।** नकारी कॉलोनी के शिव मंदिर में 20 जून को आयोजित रथ यात्रा को ले अखंड-कीर्तन होगा। अखंड-कीर्तन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पूजा कमेटी के संयोजक एवं स्वागत के लिए कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव सह अल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ड आशीष कुमार को स्वागत अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सचिव अमित कुमार, पूजा कमेटी के अध्यक्ष मनंजय सिंह, उपाध्यक्ष नीरज यादव, कोषाध्यक्ष पिंटू सोनी और रंजन सोनी चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों में तरुण सिन्हा, विकास पांडेय, पार्थो भट्टाचार्य, जयराम शर्मा, अखंड कीर्तन के लिए ब्यास अखिला मंडल, राजेश सिंह, पूजा-अर्चना के लिए पंडित जयवंश पांडेय, सत्येंद्र पांडेय, रामानंद पटेल, भारत ठाकुर, वीरेंद्र कुमार की 21 सदस्यीय टीम शामिल है।

## भदानीनगर में भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी भदानीनगर मंडल के भाजपाईयों ने रविवार को लपंगा पंचायत के बूथ संख्या 416 में पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। भाजपा भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर के नेतृत्व में दर्जनों भाजपाईयों ने पीएम के मन की बात सुन अपने क्षेत्र, समाज, राज्य व देश हित में कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही पीएम मोदी के हाथों को और मजबुत करने का भी संकल्प लिया गया। मौके पर अनूप ठाकुर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल में अनेको विकास के कार्य हुए। उन्होंने महा जनसंपर्क अभियान के माध्यम से अपने-अपने बूथ पर निवास करने वाले सभी भाजपाईयों से पीएम नरेंद्र मोदी के 9 वर्षों के विकास कार्यों को एक-एक घर जाकर आम जनता तक पहुंचाने का आहवान किया। श्री ठाकुर ने बताया कि 20 जून से महा जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ होगा। मन की बात सुनने वालो में सुदामा यादव, गणेश राम, ष्णा प्रसाद, चमन कुमार, सूरज सिन्हा, रविंद्र प्रसाद, निर्मल उरांव, रंजीत प्रसाद, भोला सिंह, रवि कुमार, छोटू कुमार, अमित उरांव, भरत बेदिया आदि शामिल थें।

# सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित



**चरही।** रविवार को चुरचू प्रखंड के आदर्श ग्राम जरबा में वर्ष 2023 की वार्षिक माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक परीक्षा सीबीएससी तथा जैक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र हुए सम्मानित। कार्यक्रम पंचायत शिवालय के सभागार में हुआ।प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,मुखिय सुनीता देवी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा समाजसेवीयों के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। चुरचू प्रखंड प्रमुख ने कहा कि हमारे पंचायत से प्रतिवर्ष प्रखंड के टॉपर परीक्षार्थी शामिल रहते हैं हमारे पंचायत में पढ़ाई का माहौल बहुत ही बेहतर है तथा जनप्रतिनिधियों का सहयोग हमेशा सार्थक रहता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिवर्ष हमारे पंचायत से कई अभ्यर्थी सफलता प्राप्त कर रोजगार प्राप्त करते हैं। इसके लिए उनके सहयोग हेतु मैं हमेशा प्रयासरत और प्रतिबंध रहता हूं। पंचायत में एक अच्छी पुस्तकालय हो इसके लिए सभी को प्रतिबद्धता दिखाने की बात कही गई। समारोह में सम्मानित होने वाले परीक्षार्थियों में चुरचू प्रखंड की दसवीं टॉपर नंदनी कुमारी 94.6% गणेश प्रजापति तथा दूसरे स्थान पर रही रूपा कुमारी 93.6% के साथ-साथ दुर्गेश नंदिनी, अंजली कुमारी, नेहा कुमारी, निखिल कुमार, रानी कुमारी, उत्कर्ष कुमार, शबाना परवीन, श्याम कुमार, स्नेह लता कुमारी, अमन कुमार, अभिषेक कुमार, पीयूष कुमार, आंचल कुमारी, राधिका कुमारी, सुधांशु कुमार, सीता कुमारी, जेनब प्रवीण, रिया कुमारी, ऋषिराज, ऋतुराज, ओमि कुमारी, अभिषेक कुमार, विशेष कुमार रहे, वहीं दूसरी ओर सीबीएसई से माध्यमिक उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में जिज्ञासा किरण 93%, आंचल कुमारी, श्रेया भगत 92% तथा 12वीं उत्तीर्ण आदर्श कुमार और अनीश कुमार रहे हैं।

# रैयतों के विरोध के चलते नही हुई जमीन की मापी

### जमीन बचाने को लेकर सैकड़ों की संख्या में थाना पहुंचे महिला -पुरुष



खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** अंचल क्षेत्र के पुरनी नानो मे जिरात भूमि जिसका खाता संख्या 1 व 16 विभिन्न प्लॉटों की कुल 19.88 एकड़ जमीन का मामला तीन वर्षों से चला आ रहा है। उक्त भूमि पर पुरानी नानो के रैयतों के अलावे दो अन्य दावेदार कब्जा जमाने का प्रयास करते आ रहे है। इस भूमि की मापी कराकर अपने कब्जे में लेने के लिए दोनों दावेदार कई बार प्रयास कर रहे है। जिसका विरोध ग्रामीणों द्वारा हमेशा किया जा रहा है।

शनिवार को एक बार फिर भूमि की मापी करने पहुंचे अंचल अमीन व कर्मियो का स्थानीय रैयतो का भारी विरोध का सामना करना पड़ा। मामला इतना बढ़ गया की जमीन मापी किये वगैर अमीन को वापस लौटना पड़ा।ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जमीन मापी के लिए दारू अंचल से किसी प्रकार का नोटिस जारी नहीं हुआ है। माफी संबंधी जानकारी हम सभी रैयातो को भी सूचना नहीं दी गई है। एकाएक अंचल कर्मी विवादित जमीन पर माफी के लिए पहुंच गए देखते ही देखते काफी संख्या में पूर्णि नानो के महिला पुरुष पहुंचकर माफी कार्य का विरोध किया। इस संबंध में माफी करने पहुंचे अमीन रोहित कुमार ने बताया कि दारू सीओ नीतू कुमारी के मौखिक आदेश पर हम लोग जमीन पर पहुंचे थे ग्रामीणों के विरोध करने पर माफी का कार्य स्थगित कर दी गई।

### क्या है मामला

दारू अंचल क्षेत्र दिग्वार पंचायत के पुरानी नानो मौजा में खाता संख्या 1 प्लॉट संख्या 8,19,24 ,26,107 समेत कुल 16 प्लॉट में 19. 88 एकड़ जीरात की भूमि है। इस भूमि को दारू अंचल ने पंजी 2 मे दो लोगों के नाम से अलग-अलग जमाबंदी दर्ज की गई है।इसमे अलोंजा के बसंत नारायण महतो पिता लोकनाथ महतो को 19 .88 एकड और कवालु के तुलसी गोप पिता जयनाथ गोप के नाम से 19 .88 एकड़ जमीन की जमाबंदी की है।इसके अलावे पुरानी नानो के स्थानीय लोगों ने भी अपना अपना हक जताते हुए विरोध किया है।

एक नजर में

## प्राइवेट स्कूलों का एक दिवसीय हड़ताल




**हजारीबाग।** झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन की एक बैठक जैपनीज डैफोडिल स्कूल में संगठन के अध्यक्ष विनोद भगत की अध्यक्षता में हुई। सभा का संचालन संगठन के सचिव प्रभु दयाल कुशवाहा ने किया। बैठक में सभी प्रखंड के अध्यक्ष, सचिव और शहर के कई स्कूल प्राचार्य शामिल हुए।सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि सरकार के द्वारा प्राइवेट स्कूलों पर थोपे जा रहे हैं नये-नये कानून से शिक्षा मंहगा हो जायेगा।इसके खिलाफ एक बड़ा आंदोलन करना होगा।क्योंकि ऐसे कानून से मध्यम और गरीब परिवार के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। झारखंड सरकार के दमनकारी नीति के खिलाफ प्राइवेट स्कूलों के द्वारा 19/7/23 को एक दिन की हड़ताल की जाएगी ,इस दिन सभी प्राइवेट स्कूल बंद रहेंगे।बैठक में उपाध्यक्ष मक्सीर आलम, छोटे लाल साहू ,मधुसूदन प्रसाद मेहता ,परवेज आलम,आरिज हुसैन सागर, संयुक्ता गुप्ता ,अभिषेक कुमार मेहता ,धीरेंद्र कुमार , शिव शंकर तिवारी ,नंदकिशोर राज, मदन कुमार राणा ,ऋषि राज सिन्हा, अविरल बिहारी लाल ,सोहेल अहमद नूर, राजेश शर्मा ,राज कपूर ,नंदकिशोर ,प्रेम कुमार, लक्ष्मण प्रसाद , अमरजीत कुमार वर्णवाल, राम जी ,अशोक गुप्ता, प्रदीप सिंह, राजीव चौधरी, हरिनारायण प्रसाद,दुर्गा भगत ,गजाला प्रविन,अंजली पाण्डेय, शीतल कुमारी आदि शामिल थीं।

## झरपो में बाबा सूर्य मंदिर का सौंदर्यीकरण शुरू

**टाटीझरिया।** झरपो पंचायत अंतर्गत बुध बाजार जाने के रास्ते बंधिया पोखर (छठ तालाब) के प्रांगण स्थित बाबा सूर्य मंदिर में सीढ़ी , छत में रेलिंग का निर्माण कार्य (41,080 रुपए) एकतालीस हजार अस्सी रुपए की राशि अपने निजी खर्च से शांति मार्ग मुहल्ला झरपो के मनोज कुमार पिता जगरनाथ महतो जो वर्तमान झारखंड पुलिस पेलावाल थाना में पद स्थापित है।उनके सौजन्य से मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य किया गया। उन्होंने यह भी कहा की जो भी मंदिर सौंदर्यीकरण हेतु निर्माणधीन कार्य बचा है उसे भी मैं जल्द पूर्ण करवाऊंगा। बता दे कि श्री कुमार देश सेवा समाज सेवा हित कार्य करते हुए धर्म कार्यों में हमेशा अपना यथा शक्ति योगदान देते रहे है।

## चरही में भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल

**चरही।**चरही तथा कोयलांचल में भीषण गर्मी पड़ने के कारण आमजन जीवन हाल से बेहाल हो रहे हैं।आसमान आग उगल रहा है।गर्मी के कारण लोग अपने-अपने घरों दुबक गए हैं।तपती धूप और लू के थापेडों से ग्रामीण काफी बेहाल हो गए हैं।तपती धूप के कारण लोग सिमट हैं।जरूरत कारीब को निबटाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।लोग एक जगह से दूसरी जगह आने-जाने में भारी दिक्कतें हो रही है।तेज गर्मी पड़ने के कारण लोगों को घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है।इसके चलते रोज दिन काम करने वाले मजदूरों को भी गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है।सही ढंग से मजदूरी भी नहीं कर पा रहे हैं।क्षेत्र के नदी,नाला,कुंआ, तालाब, आहरा, पोखर,डाड़ी और चवां सुख चुके हैं।यहां तक की गर्मी के कारण चापाकल और बोरिंग भी फेल हो रहे हैं।पानी के लिये मानव जीवन से लेकर पशु-पक्षी,जंगली जानवर और मवेशी में भी पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

## प्रवेश पांडेय बने मेन प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष



**हजारीबाग।** बड़ा अखाड़ा हजारीबाग में अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ कि बैठक प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय के अध्यक्षता में किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले पाँच वर्ष में अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ हजारीबाग में एक अलग पहचान बनाई है। जिला कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने पर जिला कार्यकारिणी भंग कि गई थी, जिस का आज पुनर्गठन किया जाना है। इसी क्रम में सर्व सम्मति से जिला अध्यक्ष प्रवेश पांडेय , जिला कोषाध्यक्ष रामस्वरूप पांडेय , जिला उपाध्यक्ष मिथलेश पांडेय , जिला प्रवक्ता रंजीत चौबे युवा प्रकोष्ठ से जिला अध्यक्ष पवन जिगर पाण्डेय , जिला महासचिव पवन मिश्रा , जिला सचिव के लिए धनंजय पाण्डेय का चुनाव किया गया। विधि प्रकोष्ठ से जिला अध्यक्ष शिवदत्त पाण्डेय , जिला महासचिव आशीष दुबे , जिला उपाध्यक्ष मंनोज शुक्ला का चयन किया गया। साथ जिले में बेहतर कार्य करने वाले रौशन पाण्डेय जी को प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया।

## लोन के चक्कर में ठगी का शिकार हुआ महेंद्र

**दारु।** हजारीबाग दारू थाना अंतर्गत जिनगा निवासी महेंद्र कुमार लोन लेने के चक्कर मे ठगी का शिकार हुए। धनी ऐप का द्वारा लोन लेने कि झांसे में इन्होंने फेस बुक पर इस एप्प में ऑन लाइन प्रमाण पत्र सबमिट कियेऔर पेन, आधार, पासबुक एक पासपोर्ट साइज फोटो को कंपनी के कथितअधिकारी के पास भेज दिया।इसके बाद कंपनी से कॉल आया और बोला कि आपका 50000 का लोन पास हो चुका है इसके लिए आपको 1250 रुपैया जमा करना होगा जिससे 50 रुपए कटकर आपका बचा पैसा और लोन राशि आपका अकाउंट में चला जायेगा। इस कॉल को अपने सीनियर अधिकारी के पास ट्रांसफर करने की बात कहकर कॉल आया और बोला गया कि जैसे जैसे हम बोल रहें वैसा प्रक्रिया करते जाओ फोन पे के द्वारा फिर से धीरे धीरे 12 हजार रुपए अपना एकाउंट में अधिकारी बन अपना बैंक खाते में टांसफर कर लिए फिर बोला गया कि बोला गया कि आपका अकाउंट में 54000 भेज दिया जा रहा है।पैसा का इंतजार करते महेंद्र ने फिर कॉल किए और बोला कि अभी तक पैसा नही आया तो कंपनी से जवाब आया कि इसके लिए आपको 5000 फिर से देना होगा तभी आपका लोन पास होगा। इतना कुछ बीत जाने के बाद महेन्द्र को समझ में आ गया कि वह ठगी का शिकार हो चुके है पर तबतक वह अपना नुकसान कर चुका था।

## किशुन यादव प्रशिक्षण के लिए गए हैदराबाद



**बरही।** जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ हैदराबाद में चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष हजारीबाग जिला परिषद उपाध्यक्ष सह बरही पूर्वी के जिप सदस्य किशुन यादव रवाना हुए।इस अवसर पर बरही के समाजसेवियों ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान कोडरमा जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला देवी को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस बाबत जिला परिषद उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि वे आम जनता व पंचायती राज के चुने गए जनप्रतिनिधियों के हक एवं अधिकार की रक्षा करने के लिए समर्पित एवं प्रयासरत हूँ।इस निमित आज प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद जा रहा हूं। प्रशिक्षण के बाद आपके हक एवं अधिकार की लड़ाई को एक नई धार मिलेगी। यही कामना के साथ आप लोगो को अपना प्यार और सहयोग देने के लिए धन्यवाद। मौके पर कोडरमा जिला उपाध्यक्ष निर्मला देवी, समाजसेवी सुभाष यादव, रामचंद्र यादव, युगल यादव, रामदेव यादव, अशोक यादव, महादेव यादव, ब्रमदेव यादव, सुनील सिंह, सुभाष यादव, महावीर यादव, संजय यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### जेल अदालत में एक बंदी रिहा



**लोहरदगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के निर्देशन में रविवार को मंडल कारा, लोहरदगा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने कारा में बंद महिला एवं पुरुष बंदियों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जाना तथा वैसे बंदी जिनका वकील नहीं है उनकी जानकारी लेते हुए उन्हें एलएडीसीएस पैनल से वकील दिलवाया गया। आज की जेल अदालत में प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी सुचिता निधि तिग्गा के न्यायालय से संबंधित एक आपराधिक वाद जो वन अधिनियम से संबंधित था, में अभियुक्त बिफना नागेशिया को 500 जुर्माने की अदा करने के पश्चात जेल से रिहा किया गया।

### कोयल नदी में नहाने के दौरान डूबने से किशोर की मौत, शव निकाला गया



**सेन्हा-लोहरदगा।** जोगना कोयल नदी में नहाने के दौरान पानी मे डूबने से किशोर की मौत, स्थानीय गोताखोर के प्रयास से शव को निकाला गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना पथ स्थित नवाटोली आंगनबाड़ी केंद्र के समीप दक्षिण कोयल नदी दह में रविवार को स्नान के दौरान किशोर की डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि अपने भाई एवं दोस्तो के साथ किशोर नहाने गया हुआ था। नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने से किशोर डूबने लगा तभी उसका भाई बचाने का प्रयास कर रहा था कि डूबता हुआ किशोर भाई को भी डूबा रहा था। इसी बीच गहरे पानी के कारण भाई थक गया तभी सोर गुल होने लगा तो आसपास के लोग दौड़ पड़े लेकिन किशोर डूब चुका था।

### ब्लास्ट में मजदूर की मौत के बाद मांइस संचालक समेत चार पर प्राथमिकी दर्ज

**गुमला।** विशुनपुर प्रखंड के गुरदरी थाना अंतर्गत जवाडीह स्थित बॉक्साइट माइंस में बम ब्लास्ट से हुए मजदूर की मौत मामले में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें माइंस संचालक विकास सिंह, मुंशी गुड्डू मुंडा, फोरमैन साबिर हुसैन एवं माइनिंग मेट मैनेजर सिंह के नाम शामिल है। गुरदरी थाना प्रभारी सदानंद सिंह ने शनिवार को कोरकोट गांव पहुंचकर घटना के प्रत्यक्षदर्शी मृतक के साथी मजदूरों से पूछताछ के उपरांत स्वयं के बयान पर घटना में संलिप्त लोगों पर केस दर्ज किया। प्राथमिकी में कहा गया कि बिना लाइसेंस अप्रशिक्षित मजदूर से अवैध ब्लास्टिंग कराया जाता है। मजदूर की मौत के बाद घटना को मोड़ते हुए सड़क दुर्घटना दिखाने एवं बिना पेपर के डेटोनेटर आदि का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए धारा 304/ 201/ 34 भादवि एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज किया है।

### शहर में पांच दिनों से जलापूर्ति बाधित जनता हलकान, टूट रही सब्र की बांध

**गुमला।** गुमला शहर में पांच दिनों से जलापूर्ति व्यवस्था बाधित है और जिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेवारी से पीछे भाग रहे है। जिले के वरीय अधिकारी जनता की समस्या से अनजान बने बैठे है। जिस कारण शहरवासियों के सब्र का बांध टूट रहा है और लोग आंदोलन के मूड में आ रहे है। गुमला शहर में इन दिनों लगातार कभी पाईपलाइन क्षतिग्रस्त, तो कभी बिजली की कमी जैसे कारणों की वजह से जलापूर्ति बंद हो जा रही है। जिस कारण आम जनता के बीच पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। चंकि शहर की आधी आबादी सप्लाई वाटर पर निर्भर है और अधिकांश इलाके ड्राइजोन की श्रेणी में आते है। जिस कारण सप्लाई वाटर ही सबसे बड़े सहारे के रूप में काम करता है। लेकिन गुमला में नियमित जलापूर्ति दूर की कौड़ी साबित हो रही है। नगर परिषद, पीएचईडी व बिजली विभाग एक-दूसरे पर थोपा थोपी कर अपना पल्ला झाड़ लेता है और भुगतना जनता को पड़ रहा है। अभी पारा 40 डिग्री के करीब है। आग उगलते इस तापमान के बीच आम जन पानी की जुगत में पसीने से तर बतर हो रहे है। बावजूद समस्या के निदान या जलापूर्ति की मुकम्मल व्यवस्था की दिशा में प्रयास नहीं किए जा रहे है। कई ऐसे क्षेत्र भी है। जहां सरकारी व सार्वजनिक जलस्रोतों पर निजी कब्जा कर लिया गया है। भारतीय वैश्य चेतना महासभा के जिलाध्यक्ष सह चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने इस कुव्यवस्था के लिए प्रशासन को दोषी ठहराया है। कहा है कि तपती गर्मी में एसी रूम में बैठे अधिकारियों को आम जनता की फिक्र नहीं है। जहां लाखो-करोड़ों की योजनाएं कागज पर बनाकर विकास के दावें किए जा रहे है। वहां पानी की कमी से प्रशासनिक दावों पर पानी फिर रहा है। उन्होंने कहा कि जनता खामोश है। इसलिए प्रशासन बेफिक्र है। यदि दो दिनों में जलापूर्ति बहाल नहीं होती है, तो थाली पिटावन अभियान के तहत जनसहयोग से पीएचईडी का घेराव किया जायेगा।

### विश्व शांति के लिए खोरा में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का किया गया आयोजन



**गुमला।** गायत्री शक्तिपीठ गुमला ने रविवार को दुर्गा मंदिर खोरा में विश्व शांति के उद्देश्यों को लेकर पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया। पंचकुंडीय यज्ञ में हर-हर गंगे घर-घर गंगे के अंतर्गत देव स्थापना कर ब्रह्मदेव जी, परिवार्जक बलिराम के द्वारा यज्ञ- हवन एवं संस्कार विधि विधान के साथ कराया गया। दृष्टि कुमारी, राजनंदनी कुमारी एवं माही कुमारी का विद्यारंभ संस्कार कराया गया। इस अवसर पर हम बदलेंगे युग बदलेगा,हम सुधरेंगे युग सुधरेगा का आह्वान करते हुए प्रत्येक परिवार में एवं प्रत्येक व्यक्ति को गायत्री मंत्र प्रतिदिन जपने के लिए प्रेरित किया गया। यज्ञ के पश्चात महाप्रसाद एवं भंडारा भक्तों के बीच वितरण किया गया।

# माइंस क्षेत्र में बसे गांवों की हालत आज भी है बदहाल

## अवैध माइनिंग से ग्रामीणों को मिल रही मौत, टीबी जैसी घातक बीमारी के हो रहे शिकार

- सीएसआर के तहत विकास करने के हिंडाल्को के दावे धरातल पर खोखले
- हिंडालको कंपनी क्षेत्र में करा रही है अवैध माइनिंग
- ब्लास्टिंग में मरे मजदूर के गांव जवाडीह में नहीं है पेयजल की सुविधा
- चुआं के पानी से प्यास बुझाते हैं ग्रामीण

**दीपक राम काजू**

**गुमला।** विशुनपुर प्रखंड के माइंस क्षेत्रों में बसे गांवों में आज तक बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंच पायी है। जबकि मांइस उत्खनन में लगी हिंडालको कंपनी क्षेत्र के विकास के बड़े-बड़े दावे प्रस्तुत करती है। सीएसआर के तहत भी माइंस क्षेत्रों में बसे गांवों की न तो सूरत बदली गयी और न हालत में कोई परिवर्तन हुआ। सीएसआर के तहत हिंडालको कंपनी ने विद्यालयों का रंगरोगन किया। जबकि सड़क, बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधा से आज भी ग्रामीण जूझने को विवश हैं। धरातल पर जाकर देखें तो सीएसआर के तहत कार्यों का जो बखान किया जाता है वे सभी खोखले हैं। प्रशासनिक बैठकों में केवल सीएसआर के तहत काम करने की बात कही जाती है परंतु धरातल पर आज भी लोग जीवन उपयोगी पानी जैसी समस्या से जूझ रहे हैं। ब्लास्टिंग में मरे मजदूर गुलशन मुंडा के गांव जवाडीह में पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। आज भी जवाडीह के लोग चुआं का पानी पीने को मजबूर हैं। जबकि गांव में न तो सोलर जलापूर्ति की व्यवस्था है और न ही कोई चापानल। पहाड़ की तलहटी से उतरकर गांव की महिलाएं चुआं से पानी भरकर अपनी प्यास बुझाती हैं। जवाडीह में लगभग डेढ़ सौ परिवार रहते हैं जो इस भीषण गर्मी में पानी के लिए तरस रहे हैं।

### माइंस संचालक मालामाल, ग्रामीण बेहाल

हिंडालको कंपनी के सह पर जवाडीह क्षेत्र में अवैध माइनिंग कर माइंस संचालक मालामाल हो रहे हैं और क्षेत्र के ग्रामीण अपने बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। अवैध माइनिंग के कारण सरकार को तो करोड़ रूपये राजस्व की हानि हो रही है। वहीं ग्रामीणों को अवैध माइनिंग से मौत तक मिल रही है। अवैध उत्खन्न के कारण लोग उसे उड़ने वाले धूलकण के कारण टीबी जैसे घातक बीमारी का भी शिकार हो रहे हैं। जबकि देश को यक्ष्मा मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों की हालता तो यह है कि वह अपनी पीड़ा या दुखड़ा किसको सुनायें। क्योंकि हिंडालकों कंपनी को उनकी समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। खनन विभाग वहां जाती नहीं है और प्रशासन केवल बैठकों में ही निर्देश देकर अपने दायित्व की इतिश्री कर लेता है। यही कारण है कि विशुनपुर प्रखंड के पाठ व माइंस क्षेत्रों के लोग आज भी बुनियादी सुविधा के लिए तरसते नजर आतें हैं। कभी जनता दरबार लगती भी है तो ग्रामीण सीना चिरकर अपना दर्द अधिकारी के समक्ष ज्ञापन सौंपकर रखते हैं लेकिन जनता दरबार के बाद शायद उनके ज्ञापनों पर कोई पहल होती भी है या नहीं ग्रामीण आज तक समझ नहीं पायें हैं। हालात तो यह है कि क्षेत्र के लोग भगवान भरोसे ही अपने जीवन की नैया किसी तरह खींचकर पार लगाने में जुटे हैं।



चुआं से पानी लेकर जाती महिला।

### सीएसआर के नाम पर केवल स्कूलों और भवनों का हुआ रंगरोगन

जवाडीह गांव पहुंचे इंटक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अमित कुमार साहु ने बताया कि सीएसआर के नाम पर क्षेत्र में केवल स्कूलों व भवनों का रंगरोगन किया गया है। जबकि गांव के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं की आश्य लगायें बैठे हैं। जवाडीह गांव में पेयजल की कोई सुविधा नहीं है। लोग चुंआ का पानी पीकर जीवन यापन कर रहे हैं। सड़कों की स्थिति बदहाल है। डीएमएफटी फंड से भी इन क्षेत्रों में कोई काम नहीं किया गया है। जबकि शहर में डीएमएफटी फंड का उपयोग बड़े-बड़े इमारत बनाने में किया जा रहा है। डीएमएफटी फंड से सुदूर क्षेत्रों में बुनियादी सुविधा आसानी से बहाल की जा सकती थी। अमित कुमार ने कहा कि हिंडालको कंपनी क्षेत्र में लीज लेकर अवैध माइनिंग करा रहा है लेकिन देखने वाला कोई नहीं है।

#### भाजयुमो रायडीह ने किया भव्य नवमतदाता सम्मेलन, सांसद भी रहे मौजूद

# पीएम मोदी जैसा विश्व में कोई प्रधानमंत्री नहीं: सुदर्शन भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रायडीह।** भारतीय जनता युवा मोर्चा रायडीह प्रखंड के द्वारा रविवार को मांझाटोली स्थित छतरपुर बगीचा में नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें मुख्यातिथि सांसद सुदर्शन ने केंद्र सरकार के 9 साल के कार्यकाल को बेमिसाल करार देते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा विश्व में कोई प्रधानमंत्री नहीं है। सभी देश हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सम्मान करते है। 9 वर्षों के कार्यकाल में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला व सभी वर्ग के लोगों के हित में योजनाएं चलायी। जिसका लाभ लोग प्राप्त कर रहे हैं। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किशलय तिवारी ने झारखंड सरकार की कार्यशैली पर तंज कसते हुए कहा कि मेरा कोई सागा नहीं जिसको हमने ठगा नहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार सबको ठगने का काम किया है। सबों को तीन लाख का घर देने की बात कह कर चुनाव जीत गया। उसके बाद सब जनता को ठग दी और अभी हमारे जनता को हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा ही लोगों को आवास दिया जा रहा हैं। हमारे युवाओं को रोजगार देने का वादा कर उसको भी सरकार ठगी है।



सम्मेलन को संबोधित करते सांसद सुदर्शन भगत।

- मौके पर भाजयुमो जिला रविन्द्र सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष रायडीह बलमोहन साहू, प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, जिला महामंत्री संदीप प्रसाद, अभिषेक चंद्र उराँव, कौसल साहू, बिकास साहू, महामंत्री रायडीह रवि प्रसाद, सतीश साहू जिला आई टी सेल प्रभारी सुमित प्रसाद, रायडीह मंत्री बसंत प्रसाद आई टी सेल प्रभारी डब्लू प्रधान, कार्यकारी अध्यक्ष मनोहर राय महामंत्री जोगेंद्र सिंह, राज किशोर साहू, प्रेम प्रसाद, लालो राय, राकेश झा, सुबोध प्रसाद, बिनोद प्रसाद, शंभू प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# भविष्य में व्यापारिक गतिविधियों का बड़ा केंद्र बनेगा लोहरदगा : सांसद

- भविष्य में लोहरदगा जिला का उत्तरोत्तर विकास संभव होगा : सुदर्शन भगत
- भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत चैंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तले व्यवसायियों की संगोष्ठी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी की महाजनसंपर्क अभियान के अंतर्गत लोहरदगा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के बैनर तले व्यवसायियों की संगोष्ठी खेमराज स्मृति भवन, गुदरी बाजार की प्रांगण में किया गया। जिसकी अध्यक्षता चैम्बर अध्यक्ष रितेश कुमार द्वारा किया गया, जबकि संगोष्ठी का मुख्य अतिथि, लोहरदगा लोकसभा के लगातार तीन बार चुने गये लोकप्रिय सांसद सुदर्शन भगत थे। वहीं मंच संचालन चैंबर कार्यकरिणी सदस्य चंदन गोयल ने किया।



संगोष्ठी को संबोधित करते लोहरदगा के सांसद व उपस्थित अन्य।

**खास बातें :** चैम्बर अध्यक्ष ने स्वागत संबोधन में कहा कि भाजपा द्वारा व्यवसायियों के साथ रूबरू हेतु किया गया पहल स्वागतयोग्य है तथा सांसद महोदय व्यवसायियों के समस्याओ से रूबरू हेतु जो अपना कीमती समय दियें इसके लिये धन्यवाद का पात्र हैं। हम व्यापारी वर्तमान में अफसरशाही से बेहद त्रस्त हैं। सभी विभागों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। झारखण्ड बनने के बाद आजतक मापतौल विभाग में स्थायी पदाधिकारी की नियुक्ति नहीं की गयी है तथा रांची में बैठकर व्यवसायियों के विरुद्ध नोटिस जारी कर उनके ऊपर झूठा मुकदमा कर भयादोहन किया जा रहा है, इसके साथ अन्य विभागों का भी यही हाल है कोई न कोई कमी निकालकर आये दिन व्यापारियों को परेशान किया जाता है। जबकि चैंबर सह सचिव अनीस मित्तल ने जल व बिजली की समस्याओं को लेकर बात रखी तथा व्यवसायियों के ऊपर पड़ रहे इसके असर व नुकसान को बताया। वहीं कार्यकरिणी सदस्य सुमित राय उर्फ डबलू ने शहर के ऐतिहासिक धरोहर ठकुराइन तालाब के विकास को गम्भीरता पूर्वक लेने की बात कही तथा इसकी चारो दिशा में छठ आने से पूर्व घाट निर्माण करवाने का मौखिक मांग रखा। जिस पर सांसद ने सभी के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य का विकास हेतु राज्य सरकार को विभिन्न योजनाओं को पूर्ण करने हेतु पर्याप्त कोष आवंटित करते रही है।

### वन विभाग ने ग्रामीणों के बीच बांटा टूल किट

**गुमला।** गुमला वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बेलाल अनवर एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी जॉन रॉबर्ट तिर्की गुमला ने बसिया क्षेत्र के करीब 150 ग्रामीणों के बीच लाह की खेती की जानकारी दी। साथ ही 94 टूल किट बांटे गये। जिससे ग्रामीणों को रोजगार की नई दिशा मिले और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। वहीं पर्यावरण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

# बॉक्साइट माइंस ब्लास्ट में मृत मजदूर के परिवार को इंटक ने दी सामग्री

- ग्रामीण बोले- माइंस के गुड्डू मुंडा ने पुलिस से मिल घटना के बाद शव का लोहरदगा में कराया था पोस्टमार्टम
- हिंडालको कंपनी क्षेत्र में बुनियादी सुविधा मुहैया कराये नहीं तो आंदोलन : अमित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** बॉक्साइट माइन्स ब्लास्टिंग में मरे ट्रक लोडर मजदूर गुरदरी थाना क्षेत्र के कोरकोटपाठ निवासी 27 वर्षीय गुलाशन मुंडा के परिजनों से रविवार को कांग्रेस इंटक के जिलाध्यक्ष अमित कुमार साहू अपने टीम के सदस्यों के मुलाकात की। इंटक कांग्रेस के सदस्यों के द्वारा पीड़ित परिवार को दाल चावल गेहूँ सहायता के रूप में प्रदान किया गया। इस दौरान मृतक के परिवार के साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



मृतक के परिजन को खाद्य सामग्री देते इंटक कांग्रेस जिलाध्यक्ष।

**खास बातें :** मृतक की पत्नी का मौत पूर्व में हो चुका है। अब परिवार में सिर्फ उसका तीन वर्षीय बेटा और वृद्ध माता पिता हैं। घटना के संबंध में ग्रामीणों और परिजनों ने बताया कि बॉक्साइट लोड करने दौरान ही ब्लास्टिंग किया गया। जिससे गुलशन मुंडा की मौत हो गई। ग्रामीणों ने कांग्रेसियों को बताया कि माइंस के गुड्डू मुंडा नामक व्यक्ति पुलिस से मिलकर लोहरदगा सदर से पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को 10 हजार रुपया देकर शव को खुद दफनवाया था। इंटक जिलाध्यक्ष अमित कुमार साहू ने कहा कि हिंडाल्को जैसे बड़ी कम्पनी सहित छोटे बड़े माइंस ठेकेदार मिलकर बॉक्साइट की खुलेआम चोरी कर रहे हैं। प्रकृति को नुकसान पहुंचा रहे हैं और इस काम मे गुमला जिला प्रशासन से लेकर यहां के नेताओं की भी मिलीभगत है। साथ ही रैयतों और मजदूरों को उनका हक न देकर खुद की झोली भर रहे हैं। अगर मृतक के परिवार को इंसाफ न मिला तो इंटक चरणबद्ध आंदोलन करने पर मजबूर होगा। साथ ही रैयत मजदूरों को भी उसका हक मिलना चाहिए। माइनिंग एरिया में सभी मूलभूत सुविधा नहीं मिला तो कंपनी और ठेकेदारों की ईंट से ईंट बजा देंगे। अन्यथा बॉक्साइट का एक टुकड़ा भी उठाकर लेने नहीं देंगे।

### एनडब्लूजीईएल चर्च के 23 परिवार के सदस्यों ने जीईएल चर्च की सदस्यता ग्रहण की



**गुमला।** एनडब्लूजीईएल चर्च के 23 परिवार के सदस्यों ने रविवार को जीईएल चर्च की सदस्यता ग्रहण की। रविवार को जीईएल चर्च में कार्यक्रम आयोजित कर सभी 23 परिवारों को बिशप लोलस मिंज व पादरी विनोद बरवा ने घर वापसी पर माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम स्थल पर प्रोसेशन निकालकर घर वापसी करने वाले सदस्यों का स्वागत किया गया। घर वापसी करने वाले अधिवक्ता दीमस टोप्पो का परिवार, अतुल टोप्पो का परिवार, अधिवक्ता सिंहासन मिंज का परिवार, राजनील तिग्गा, आरगेन तिग्गा का परिवार सहित 23 परिवार के लोग शामिल हैं। इस अवसर पर प्रो लोतेम डुंगडुंग, अधिवक्ता जगदीश कुजूर, मनसिद्ध एक्का, विपत केरकेट्टा, मृदुबाणी, भीमसेंट, किरण मिंज आदि उपस्थित थे। यह जानकारी अमित एक्का ने दी है।

### एक दिवसीय कराटे ट्रेनिंग कैंप सह ग्रेडिंग आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला कराटे एसोसिएशन एवं एसएस स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में ललित नारायण स्टेडियम में एक दिवसीय ट्रेनिंग कैंप सह ग्रेडिंग का आयोजन किया गया। जिसमें रेंसी श्रवण साहु ब्लैक बेल्ट 6वीं डॉन ने लोहरदगा जिला कराटे एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सेंसाई क्यूम खान की उपस्थिति में ग्रेडिंग कराया। ग्रेडिग के पहले सेंसाई क्यूम खान ने कराटेकारों को किहोन और काता का विशेष प्रशिक्षण दिया। ग्रेडिंग में सफल कराटेकार में वाईट से यलो बेल्ट मान्या राज और समृधि यलो से ऑरिंज बेल्ट मृगांक वैभव, शिवांश यादव, अभय उरांव ऑरिंज से ग्रीन बेल्ट संतुष्टी महली, प्रियांशु सिंह, तन्मय यादव, ग्रीनबेल्ट से ब्लू बेल्ट सानिया परवीन, यश उरांव, आदर्श उरांव एवं स्काई अप पब्लिक स्कूल कुम्हरिया के आनंद उरांव सफल रहे।



### विहिप-बजरंग दल के सदस्यों ने किया रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल गुमला के कार्यकर्ता घनश्याम साहू, जगदीश साहू व अभिषेक कुमार ने ब्लड डोनेशन करके सदर अस्पताल में इलाजरत मरीज की सहायता की। घनश्याम साहू ने तीसरी बार, जगदीश साहू ने प्रथम बार व अभिषेक कुमार ने नौवीं बार रक्तदान किया। मौके पर यशराज सिंह, रविंद्र सिंह, मुकेश सिंह लैब टेक्नीशियन संगीता कुमारी, रोहित खंडेलवाल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

# 22 जून को मनाया जायेगा आजसू का स्थापना दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला आजसू पार्टी द्वारा 22 जून दिन गुरुवार को दिन में 10:30 से लोहरदगा जिला आजसू कार्यालय में जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती की अध्यक्षता में पार्टी की 38 वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ बनाया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी की धर्मपत्नी और लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी निरू शांति भगत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। साथ ही लोहरदगा जिला में निवास करने वाले सभी केंद्रीय पदाधिकारी एवं सदस्य कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं जिला के सभी पदाधिकारी सम्मानित अतिथि के रूप में सादर उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने कहा कि लोहरदगा नगर एवं सभी प्रखंडों के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य पदाधिकारीगण कार्यक्रम में निश्चित रूप से भाग लेंगे।

### कैरो प्रखंड के एडादोनबगीचा में आजसू की बैठक सह कार्यकर्ताओं का वनभोज कार्यक्रम संपन्न



**कैरो।** प्रखंड के एडादोन बगीचा में कैरो प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत की अध्यक्षता में आजसू प्रखंड कमेटी के बैठक सह वनभोज कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी और लोहरदगा विधानसभा प्रभारी निरू शांति भगत उपस्थित हुई। विशेष अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव सह लातेहार जिला प्रभारी लाल गुडडू नाथ शाहदेव, केंद्रीय महिला प्रवक्ता अंजू देवी, लोहरदगा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भारती, महासचिव विलियम कुजूर, जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि, संगठन सचिव अरविंद पाठक, महिला जिलाध्यक्ष अनीता साहू जिला उपाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, विपिन सिंह एवं कुडू प्रखंड अध्यक्ष सलीम खान मौजूद थे। मौके पर मुख्य अतिथि निरू शांति भगत ने कहा कि मैं झारखंड आंदोलनकारी विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पत्नी हूं। मैंने अपने पति को झारखंड की भलाई और लोहरदगा क्षेत्र के विकास के लिए आंदोलन करते देखा है।

# अंजुमन चुनाव कमेटी ने अंजुमन चुनाव प्रक्रिया को अगले निर्णय तक किया स्थगित

- अंजुमन के नौ पंचायतों के साथ बैठक के बाद लिया गया निर्णय
- सदर और सचिव पद के प्रत्याशी के द्वारा एसडीओ को ज्ञापन सौंपने के बाद उठाया गया कदम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अंजुमन इस्लामिया गुमला के आम चुनाव की प्रक्रिया के बीच सदर पद के प्रत्याशी मुशाहिद आजमी उर्फ पम्मू और सचिव पद के प्रत्याशी मकसूद आलम के द्वारा अंजुमन संविधान से हटकर कार्य कराने का दबाव बनाने के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी गुमला के समक्ष 16 जून को आवेदन समर्पित किया गया। जिस के उपरांत एसडीओ ने अंजुमन चुनाव कमिटी का पक्ष लिए बगैर शिकायत का अनुपालन करने का निर्देश चुनाव कमेटी को दिया और चुनाव के दिन विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने पर चुनाव प्रभारी को ही जिम्मेदार बनाए जाने के एकतरफा आदेश दे दिया। इस के बाद चुनाव कमिटी ने अंजुमन इस्लामिया गुमला के सभी मान्यता प्राप्त नौ पंचायतों के अध्यक्ष व सचिव की आपातकाल बैठक बुलाई। जिसमें शिकायत कर्ता मुशाहिद आजमी उर्फ पम्मू और मकसूद आलम के संबंधित हमदर्द और इराकी पंचायत ने शिकायत कर्ता की इस हरकत से अनभिज्ञता जताया। परंतु उस पर कोई कार्रवाई करने से भी पीछे हट गये। इस परिस्थिति में अंजुमन के मान्यता प्राप्त पंचायतों से सहमति लेने के बाद अंजुमन चुनाव की प्रक्रिया को अगले निर्णय तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।



जानकारी देते अंजुमन चुनाव कमेटी के सदस्य।

**खास बातें :** शिकायत कर्ता जब तक चुनाव कमेटी के विरुद्ध दिये गये आवेदन को वापस नहीं ले लेते हैं और शांति व्यवस्था की गारंटी नहीं देते हैं तब तक चुनाव प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाने का निर्णय लेते हुए अंजुमन के आगे की कार्यवाही के लिए अंजुमन चुनाव से संबंधित फाइल को अंजुमन के निवर्तमान नाजिम ए आला अब्दुल जब्बार रजवी को वापस भेज दिया गया है। अब अंजुमन के मान्यता प्राप्त पंचायतों के निर्णय के बाद अंजुमन चुनाव कमेटी चुनाव से संबंधित प्रक्रिया को आगे बढ़ायेगी।

# केपीएल प्रतियोगिता का राज्य स्तरीय वर्ग में इंपिडेंस क्लासेज टीम बनी विजेता

- प्रखंड स्तरीय वर्ग में लावागाई और वेटरन वर्ग में केसीसी ओल्ड ने जमाया कब्जा
- दूधिया रोशनी में खेले जा रहे फाइनल में उमड़ी दर्शकों की भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुडु।** प्रखंड के संत विनोबा भावे स्टेडियम टाटी में आयोजित कुडु प्रीमियर लीग (केपीएल) के राज्य स्तरीय वर्ग में इंपिडेंस क्लासेज की टीम ने आयत क्लब लोहरदगा को एवम् प्रखंड स्तरीय का खिताब लावागाईं एकादश ने बिंदास क्लब हमीद नगर को हराकर अपने नाम कर लिया। वहीं 40 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग का खिताब केसीसी ओल्ड ने लगान एजेंट टीम को हराकर अपने नाम कर लिया। लगातार 9 दिनों से दूधिया रोशनी में खेले जा रहे प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत ने ग्रामीण क्षेत्र में खिलाड़ियों के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करने के लिए आयोजन समिति को बधाई देते हुए खिलाड़ियों को अपने लगन व परिश्रम से आगे बढ़ने का आह्वान किया। फाइनल मैच को देखने के लिए दर्शकों का हजूम संत विनोबा भावे स्टेडियम में उमड़ पड़ा। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में खिलाड़ियों व दर्शको के मनोरंजन के लिए चियर लीडर्स की व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से किया गया था।




विजेता टीम के खिलाड़ियों के साथ अतिथि व अन्य।

स्पीड न्यूज

## अज्ञात लोगों ने लगाई झोपड़ी में आग, कार्रवाई की मांग

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के खरौंधी मोड़ प्रखण्ड कार्यालय के चारदीवारी के पीछे अज्ञात व्यक्ति के द्वारा झोपड़ी में आग लगाने को लेकर बुका गांव के महेंद्र राउत, अशोक राउत, रमेश राउत, चंद्रजीत राउत ने भवनाथपुर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## अवैध लोहा चिमनी भट्ठा को एसडीएम ने किया ध्वस्त

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के बकोईया गांव के समीप पिछले कई महीनों से अवैध ढंग से संचालित लोहा चिमनी भट्ठा को गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम के द्वारा दिन रविवार को ध्वस्त कर दिया गया। इस संबंध में एसडीएम राज महेश्वरम ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मझिआंव थाना क्षेत्र में अवैध ढंग से संचालित चिमनी भट्ठा के खिलाफ विशेष अभियान चलाए जाने के दौरान यह कार्रवाई की गई है।

## शिविर लगाकर किया गया ई-केवाईसी

**गिद्धौर।** प्रखंड परिसर में संचालित पंचायत भवन में रविवार को पीएम किसान समृद्धि योजना के लाभ ले रहे लाभुकों को ई-केवाईसी करवाने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। जहां एटीएम शीला कुमारी ने लाभुकों को निशुल्क ईकेवाईसी सीएसपी के द्वारा करवा रही थी। एटीएम ने बताई की यह कार्यक्रम अगले कई दिनों तक नि:शुल्क चलता रहेगा।

## मुखिया ने छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**कान्हाचट्टी।** प्रखंड के चिरीदीरी पंचायत मुख्यालय मे मुखिया ने 1 साल कार्यकाल पूरा करने पर मैट्रिक के 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। मौके मुख्य अतिथि प्रमुख इंदु कुमारी, विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह अतिथियों को मुखिया ने माला पहना कर स्वागत किया।

## ट्रेन से गिरकर एक युवक घायल

**जयनगर (कोडरमा)।** धनबाद-गया रेलखंड परसाबाद रेल लाइन पर आसनसोल वाराणसी ईएमयू एक्सप्रेस से गिरकर एक युवक घायल हो गया। वहीं घायल युवक की पहचान 18 वर्षीय सुनील कुमार पिता जितेंद्र पासवान गांव अमरी थाना मुफस्सिल जिला गया बिहार निवासी के रुप में की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार युवक धनबाद से बंधुआ जा रहा था और वह ट्रेन के गेट पर बैठा था, अचानक आंख झपक गई और परसबाद स्टेशन के समीप गिरकर घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद आरपीएफ जितेंद्र कुमार व शैलेंद्र कुमार हेड कांस्टेबल आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया एवं परिजनों को खबर कर दिया गया।

## फादरस-डे सेल्फी कॉन्टेस्ट का आयोजन

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में रविवार को ऑनलाइन फादरस-डे का आयोजन किया गया। इस मौके पर फादरस-डे सेल्फी कॉन्टेस्ट का भी आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों व अभिभावकों ने हिस्सा लिया। वहीं सेल्फी के आलावा फादरस-डे पर कविता, ग्रीटिंग कार्ड निर्माण, अपने पिता की तस्वीर, पोस्टर्स बच्चों ने बनाये। वहीं विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि फादरस-डे सेल्फी कॉन्टेस्ट 27 जून प्रात: 10 बजे तक चलेगा एवं 28 जून को इसका रिजल्ट जारी किया जाएगा।

## फुलवरिया विरहोर टोला को अंधेरे में रखने पर आरके बसंत ने जताया आक्रोश

**कोडरमा।** सूचना अधिकार मंच के सचिव आरके बसंत ने आजादी से लेकर आज तक कोडरमा मुख्यालय से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित फुलवरिया विरहोर टोला को अंधेरे में रखने पर कोडरमा के जनप्रतिनिधियों से लेकर सरकार एवं पदाधिकारियों पर आक्रोश जताया है। चुनाव के समय सारे जनप्रतिनिधि वोट मांगने जाते हैं और बिजली बहाली का झुनझुना पकड़ा कर आज तक ठगते आए हैं।

# सीएम का चतरा दौरा आज, मंत्री व अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज सोमवार को चतरा पहुंचेंगे। सीएम के आगमन के मद्देनजर मंत्री सत्यानन्द भोगता, पुलिस अधिक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता समेत जिले के सभी संबंधित पदाधिकारी तैयारी का जायजा लेने चतरा पुलिस लाईन पहुंचे। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों द्वारा की जा रही प्रशासनिक तैयारी कि जानकारी ली गई तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवयश्क दिशा निर्देश देते हुए सारी तैयारी ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम के मुताबिक मुख्यमंत्री 12.15 बजे हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन स्थित अस्थाई हैलीपेड पहुंचेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों व नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे और योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके पश्चात हेलिकॉप्टर से सिमरिया पहुंच कर कर्बला मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री चतरा पुलिस लाइन में करीब दो घंटे तक रहेंगे। 2.10 बजे सिमरिया पहुंचेंगे तथा यहां 1 घंटे तक रहेंगे। उक्त मौके पर अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, जिला नजारत उप समाहर्ता अमरदीप बल्होत्रा, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता शहनवाज खान समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## जल, जमीन और जंगल के उपज मुख्यमंत्री से जमीन बचाने की गुहार

**सिमरिया।** प्रखंड के इचाक खुर्द मे झारखंड के आधी आबादी गैरमजरूआ जमीन पर निवास करने के साथ अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे है। ऐसे मे गैरमजरूआ जमीन का रैयती मान्यता नही दे कर झारखंडियो को धोखा दिया जा रहा है। अपनी मांग को शांतिपूर्ण प्रदर्शन के निर्णय लेने पर प्रशासन द्वारा इसे कुचलने का कुचक्र रचा रहा जा रहा है। आंदोलनकारियो को जगह जगह पर दबाने की कोशिश की जा रही है। हम आंदोलन को दबने नही देंगे और रेलवे विभाग के मंसूबे को सफल नही होने देंगे।

## हर्षनाथपुर मैदान सजधज कर तैयार

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 19 जून के अपराहन 1:10 बजे सिमरिया पहुंचेंगे जहां उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए सिमरिया का हर्षनाथपुर मैदान सजधज कर तैयार है। जहां आजसू के पूर्व नेता मनोज कुमार चंद्रा भारी संख्या में अपने समर्थकों के साथ झामुमो का दामन थामेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समारोह पूर्वक उनको सदस्यता ग्रहण करवाएंगे। इससे को लेकर रविवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित किया गया। प्रेस वार्ता पूर्व आजसू जिला अध्यक्ष ने चंद्रदेव प्रसाद की। इस दौरान जिला के सभी जिला और प्रखंड कमेटी को भी झामुमो की सदस्यता ग्रहण कराई जाएगी।

### केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर डॉ.नीरा यादव ने केन्द्र सरकार की उपलब्धियों की दी जानकारी

# बिजली व्यवस्था को लेकर हेमंत सरकार पर जमकर बरसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर पूर्व शिक्षा मंत्री सह कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव ने शिव वाटिका झुमरीतिलैया में प्रेसवार्ता कर केन्द्र सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों की जानकारी दी। वहीं उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के सरकार में देश का मान सम्मान बढ़ा है, समाज के अंतिम व्यक्ति तक अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। वहीं उज्वला योजना, पीएम आवास योजना, जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना, आयुष्मान भारत योजना, गरीब कल्याण योजना, किसान सम्मान निधि योजना जैसी जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे बताया और कहा कि इनसे जरुरतमंद परिवारों का काफी मदद हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की महत्वकांक्षी योजना जोकि जल नल के जरिए प्रत्येक घर में पीने का शुद्ध पानी की व्यवस्था कराई जा रही है, लेकिन राज्य के हेमंत सरकार के नियत और नीति साफ नहीं रहने के कारण जल नल योजना को टुकड़ों में कर बोरिंग कर छोटे-छोटे जल मीनार लगाकर पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, जोकि कारगर साबित नहीं हो रहा है। विधायक ने आगे बताया कि प्रदेश के हेमंत सरकार की विफलताओं व कुशासन का दंश झारखंड की जनता को झेलना पड़ रहा है अब जनता बदलाव चाहती है। अबकी बार झारखंड में डबल इंजन की सरकार होगी। वहीं उन्होंने कहा कोडरमा में मेडिकल कॉलेज, इंजिनियरिंग कलेज, केंद्रीय विद्यालय का स्थापना एवं कई शिक्षण संसाधन कोडरमा में खोले गये, कई एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कई सड़कों का निर्माण व कई ऐम्स अस्पताल का निर्माण कराया गया, कई नए हवाई अड्डों का निर्माण कराया गया, कई यूनिवर्सिटी का निर्माण कराया गया। इतना ही नहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों शौचालय का निर्माण एवं शहरी क्षेत्रों में साफ सफाई के साथ घर-घर कचरा उठाव का अभियान चलाया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत 18 करोड से अधिक रोगियों को इलाज का लाभ पहुचा है। मैनें भी 100 टीब्री.रोगियों को मुफ्त इलाज हेतु गोद लिया था, जिसके तहत दवा के साथ-साथ रोगी को बिटामिन व प्रोटिन युक्त अनाज पैकेट मुहैया करवाया था, जिसमें दाल, चना, मुंगफली, गुड, सरसों तेल व सोया तेल उपलब्ध कराया गया। वहीं आवास योजना के तहत सवा करोड़ से अधिक लोगों को पक्का मकान मुहैया हुआ है। लोगों को निर्बाध बिजली मिल सके इसके लिए अपने विधानसभा अंतर्गत कुल सात विभिन्न स्थानों पर पावर सब स्टेशन का निर्माण करवाया। ग्रामों में लगभग 150 से अधिक ष्णा शेड एवं शमशान शेड बनवाई, अपने विधानसभा क्षेत्र में लगभग 500 किमी ग्रामीण एवं शहरी सड़क बनवाई। उन्होंने बताया कि पिछले 9 वर्षों का केंद्र सरकार के कार्यकाल बेमिसाल रहा है और इन 9 वर्षो में जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं, जिसका सीधा लाभ आम लोगों तक पहुंच रहा है। केंद्र सरकार के कार्यकाल के उपलब्धियां को हम सभी कार्यकर्ता विधानसभा के सभी घरों में जा जाकर बताना है। मौके पर नितेश चंद्रवंशी, रवि मोदी, रामचंद्र सिंह, चंद्रशेखर जोशी, संजीव यादव, जूही दासगुप्ता, प्रवीण पांडेय, सुनीति सेठ, विजय सिंह, संजय शर्मा, नवीन चौधरी, राजा यादव, चंदन बर्णवाल, अमित सिंह आदि लोग शामिल थे।

## तिलैया थाना के समीप दो पहिया जांच अभियान चला

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना के समीप शनिवार की देर संध्या एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर यातायात निरीक्षक सावन खड़िया के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में बिना हेलमेट 2 से अधिक व्यक्ति नहीं बैठने, बिना ड्राइवरी लाइसेंस, तेज गति में वाहन ना चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें, शराब पीकर वाहन ना चलाएं, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे वाहन ना चलाने को लेकर जांच अभियान चलाया गया। जिसके बाद करीब 15 वाहन मालिकों से 15 हजार जुर्माना वसूला गया। वहीं यातायात इंस्पेक्टर ने बताया कि कोडरमा पुलिस परिवार की ओर से लगातार सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिससे कि सड़क दुर्घटना ना हो। इसी कड़ी में वाहन जांच भी किया गया जिसमें बिना हेलमेट और तेज रफ्तार चलाने वाले दर्जनों वाहनों को जप्त किया कर लगभग 15 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया।

## टैंकर व पिकअप वैन में जोरदार टक्कर, एक की मौत, दो गंभीर



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित बरियारडीह पुलिस पिकेट के समीप रविवार सुबह 4:45 बजे एक अलकतरा टैंकर व पिकअप वैन की जोरदार टक्कर में पिकअप वैन चालक की दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं मृतक की पहचान चंदवारा थाना क्षेत्र के भोंडो निवासी 24 वर्षीय संतोष साव पिता नारायण साव के रूप में की गयी। जबकि पिकअप वैन के उपचालक एवं टैंकर चालक गंभीर रुप से घायल हो गये। जिसकी पहचान 27 वर्षीय चंदन कुमार साव पिता राजू साव साकिन थाना चंदवारा एवं अलकतरा टैंकर के चालक 22 वर्षीय टिंकू कुमार यादव पिता कार्तिक यादव साकिन पुरनानगर थाना नवलशाही के रूप में की गयी। मिली जानकारी के अनुसार आम लदा पिकअप वैन जेएच12एन/4332 गिरिडीह से कोडरमा की ओर जा रही थी, वहीं विपरीत दिशा से अलकतरा टैंकर डब्लूबी76बी/0962 नवलशाही से गिरिडीह की ओर जा रही थी।

# वन कर्मियों को बनाया गया बंधक

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर सुरक्षित वन क्षेत्र के बरवारी जंगल से तोड़े हुए अवैध गिट्टी की ट्रैक्टर से ढुलाई किये जाने की सूचना पर शनिवार की रात्रि में छापेमारी करने गये आधा दर्जन वनकर्मियों के द्वारा एक ग्रामीण की पिटाई किये जाने से आक्रोशित बरवारी गांव के ग्रामीणों ने चार वनकर्मियों को पकड़कर दो घंटे तक बंधक बनाये जाने की सूचना है। हालांकि इस दौरान अन्य वनकर्मी ग्रामीणों के चंगुल से भागने में सफल हो गये। बाद में वनकर्मियों द्वारा मिले सूचना पर पहुंचे भवनाथपुर थाना के एएसआई रब्बुल अंसारी दलबल के साथ पहुंचकर ग्रामीणों को समझा-बुझाकर बंधक बने कर्मियों को छुड़ाकर ले आये। साथ ही दोनों पक्षों को थाना बुलाया गया है। जिन्हें ग्रामीणों ने बंधक बनाया था उनमें ओमप्रकाश उरांव, सचित कच्छप, विकास कुमार तथा राकेश कुमार का नाम शामिल है। इसकी पुष्टि करते हुए थाना के एएसआई रब्बुल अंसारी ने करते हुए बताया कि सूचना पर हम बरवारी गये थे, जहां पर ग्रामीण के पिटाई के विरोध में बंधक बनाए गए चार वनकमीर्यों को छुड़ाकर लाया था और दोनों पक्षों को थाना पर बुलाया गया था, रविवार को दोपहर में बरवारी निवासी दयानंद यादव के साथ दर्जनों ग्रामीणों थाना पहुंचे थे। आपको बता दें कि गुप्त सूचना पर बाइक पर सवार होकर सिविल ड्रेस में सात वनकर्मी की छापेमारी करने जाने की सूचना है। इस दौरान रात्रि में मोबाइल का लाइट जलाने से नाराज होकर एक वनकर्मी द्वारा बरवारी निवासी दयानंद यादव की पिटाई कर दिया। जिससे आक्रोशित बरवारी के ग्रामीणों ने वनकर्मियों को बंधक बना डाला। इस मामले में बरवारी निवासी दयानंद यादव ने बताया कि वन विभाग की टीम शनिवार की रात्रि में समय लगभग 8 बजे 7 बाईक के साथ गिट्टी से लदा हुआ ट्रैक्टर के साथ में गांव से जा रहे थे।



थाना में ग्रामीण

# सीओ की छापामारी टीम पर हमले की एसडीओ ने की जांच

खबर मन्त्र संवाददाता



जांच करते एसडीओ

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के बुढ़ीखांड़ गांव स्थित प्रतिबंधित बांकी से अवैध बालू उत्खनन कर उठाव कर ले जाने के क्रम में शनिवार की सुबह अंचलाधिकारी रामजी गुप्ता के प्राइवेट नौकर एवं चालक पर ग्रामीणों द्वारा हमला किए जाने को लेकर रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम, एसडीपीओ अवध कुमार यादव एवं पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार घटनास्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। साथ ही जिले के अधिकारियों ने इस चिलचिलाती धूप में बुढ़ीखांड़ गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के समीप घंटों बैठकर ग्रामीणों से घटनाक्रम की जानकारी लेना चाह रहे थे। लेकिन किसी ग्रामीणों ने जिले के अधिकारियों के समक्ष हाजिर नहीं हुए। इसके बाद जिले के अधिकारियों के दिशा निर्देश के अनुसार मौजूद थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो के नेतृत्व में एसआई विकास एवं महिला व पुरुष पुलिस बल के साथ नामजद अभियुक्तों के घर गिरफ्तारी करने एवं ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ने हेतु छापामारी किया गया। लेकिन कोई सफलता नहीं मिला। गांव में सन्नाटा पसरा रहा और साथ ही नामजद अभियुक्तों के घर मे ताला लटका हुआ पाया और तो और पुलिस ने फरार ट्रैक्टर ट्रॉली एवं अन्य लोगों को भी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद जिले के अधिकारी थाना पहुंचे। प्रशासनिक दृष्टिकोण से थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो को कानूनी कार्रवाई के तहत अविलंब नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तार करने की निर्देश दिया। वहीं सूचना के आलोक में लेट लतीफ पहुंचे अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता से भी जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने घटित घटना क्रम की विस्तृत जानकारी लिया। बताते चलें कि गत शनिवार की अहले सुबह 5 बजे प्रतिबंधित नदी से अवैध बालू उठाव को लेकर बुढ़ीखांड़ छापामारी करने निकले अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता एवं उनके अंगरक्षक सूर्य केश्वर कुमार रवि तथा पुरहे गांव के तीन निजी ट्रैक्टर चालक नीतेश कुमार ठाकुर, आशीष कुमार ठाकुर एवं वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा को साथ लेकर अंचलाधिकारी बगैर पुलिस को सूचना दिए अवैध बालू के विरुद्ध छापामारी करने बुढ़ीखांड़ एवं खरसोता गांव की ओर शनिवार को निकले हुए थे। वहीं वापसी के क्रम में बुढ़ीखांड़ गांव से सटे बांकी नदी से बालू का अवैध खनन करते देखा। जहां पर ट्रैक्टर में बालू भरा जा रहा था।

## पेट्रो जलप्रपात में नहाने के दौरान युवक की डूबकर मौतघ आठ दोस्तों के साथ बिहार से पिकनिक मनाने आया था

सतगावां (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत पेट्रो जलप्रपात मेंघ निचले कुंड में नहाने के दौरान एकघ युवक की मौत पानी में डूबने से होघ गई। बताते चलें कि घटना शनिवार शाम 4 बजेघ की है। वहीं मृतक की पहचान 31 वर्षीय दीपक कुमार शर्मा बिहारघ राज्य के नालंदा जिला के लहेरीघ थाना अंतर्गत चांदनी मोहल्लाघ निवासी के रूप में की गई है। इस संबंध मेंघ मृतक के साथ आए दोस्त नीतीशघ कुमार ने बताया कि 8 दोस्तों केघ साथ वे लोग पेट्रो जलप्रपात मेंघ पिकनिक मनाने आए थे। वे लोगघ खाना बना रहे थे इसी दौरान दीपकघ अकेले नहाने के लिए निचले कुंडघ में चला गया, जहां लोग उसे डूबताघ देख हल्ला करने लगे। जब तक वेघ लोग कुंड के पास पहुंचे और जानघ बचाने के लिए कूद गए। लेकिन वेघ लोग भी डूबने लगे।

एक नजर में

## सनकी पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के पाराडीह गांव से एक हैरान कर देने वाला मामला प्रकाश में आया है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। जहां एक पति अपनी पत्नी के नाजायज संबंध से नाराज था। इस दौरान उसने पत्नी की लाठी से पीटकर हत्या कर दी और फिर उसका शव जंगल में फेंककर फरार हो गया। जिसके बाद खुद से फोन कर ग्रामीणों को अपनी पत्नी की हत्या कर शव को जंगल मे फेंके जाने की सूचना भी दी। ग्रामीणों को जैसे ही इसकी सूचना मिली तो ग्रामीणों ने आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना पाकर एसडीपीओ अविनाश कुमार मौके पर दल बल के साथ पहुंचे और महिला के शव को अपने कब्जे मे लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस मामले की पड़ताल कर आरोपी पति को गिरफ्तार करने में जुटी हुई है। घटना को लेकर ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार महिला का बधार गांव निवासी महेन्द्र साव के साथ पिछले कुछ वर्ष.से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसको लेकर कई बार गांव में पंचायत भी कराई गई थी। बावजूद इसके दोनों का प्रेम प्रसंग जारी था। महिला के परिवारवालों और पति को नागवार गुजरा तो महिला की लाठी से पीटकर हत्या कर दी।

## ग्राम वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने कमलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कान्हाचट्टी।** रविवार को बकचुम्बा स्कूल के प्रांगण में वन संरक्षण ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसका अध्यक्षता मुखिया पार्वती देवी किया गया। इस बैठक में बकचुम्मा गांव को लेकर ग्राम वन प्रबंधन तथा संरक्षण समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष चुनाव किया गया। ग्रामीण मतदाताओं के द्वारा कुल 612 वोट मिला। वही कमलेश कुमार दांगी ने अजय कुमार सिंह को हराकर अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी बने । कमलेश कुमार को कुल वोट 319 मिला जबकि विपक्षी अजय कुमार सिंह को 293 वोट प्राप्त हुआ? अजय कुमार ने मात्र 26 वोट से पराजित हुए। वही कमलेश कुमार को जितने पर ग्रामीणों ने माला पहनाकर स्वागत किए।

## ब्राह्मण समाज का हुआ गठन, प्रखंड अध्यक्ष बने संजय पांडेय



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत स्थित बटेश्वर शिव मंदिर के प्रांगण में कान्यकुब्ज ज्योतिष ब्राह्मण समाज चतरा जिला के कार्यकारिणी का विस्तार हेतु बैठक रविवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय पांडेय ने किया। एवं संचालन जिला सचिव राजन पांडेय ने किया। बैठक की शुरूआत परशुराम भगवान के सामने स्वस्ति वाचन करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। बैठक में जिला के नौ प्रखंड से लोग उपस्थित हुए। बता दें कि प्रखंड में गिद्धौर, पत्थलगड़ा,सिमरिया, टंडवा, इटखोरी, मयूरहंड, कन्हाचट्टी, चतरा, लावालॉगं से ब्राह्मण उपस्थित थे।

इन सभी के बिच जिला कार्यकारिणी विस्तार के लिए सभी प्रखंडों से चार चार सदस्यों का नामंकन किया गया। जो कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के जिला कार्यकारिणी के सदस्य होंगे। इन सभी को समाज का विस्तृत जानकारी प्रस्ताव के माध्यम से बताया गया। जिसमें बताया गया।

## पेड़ से गिरकर 2 नाबालिक बच्चियों की मौत, गांव में पसरा मातम

**चतरा।** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के पूणार्डीह गांव में जामुन के पेड़ से गिरने से 2 नाबालिग बच्चियों की मौत हो गई है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि लावालौंग थाना क्षेत्र के पूणार्डीह गांव में जामुन के पेड़ पर से गिर जाने से 14-14 साल की 2 बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई है। गांव वालों के अनुसार शनिवार को अमिरकू गंझू की पुत्री फूलमती कुमारी एवं रामपति गंझू की पुत्री छोटी कुमारी दोनों जामुन खाने के लिए पेड़ पर चढ़ कर जामुन तोड़ रही थी। इसी दौरान अचानक पेड़ की टहनी टूटने से दोनों बच्ची पेड़ से नीचे गिर गई और दोनों की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवार वालों ने रविवार को दोनों बच्चियों के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पीड़ित परिवार वालों ने प्रखंड प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। वहीं लावालौंग बीडीओ ने पीड़ित परिवार को हर संभव सरकारी मदद दिलाने का भरोसा दिया है।

## सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर दीभा चतरा के सभागार में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। झारखंड माध्यमिक परीक्षा 2023 के 10वीं जैक बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। समारोह की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में विद्यालय के टॉप टेन आए छात्र-छात्राओं को स्मार्ट वॉच व शेष सफल छात्रों को प्रोजेक्ट फाइल और अभिभावकों को रामायण की पुस्तक भेंट की गई। मौके पर डीइओ ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि विद्यालय में जो संस्कार सभी बच्चों को दिया जाता है उसे बनाए रखना अभिभावकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे अपेक्षा भी रखी कि इस संस्था से अभावग्रस्त बच्चों को भी यहां सुसंस्कृत और संस्कारयुक्त शिक्षा मिल सके। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतन पांडेय ने कहा कि बच्चों के शैक्षणिक विकास में माता-पिता के अमूल्य योगदान को नहीं भुलाया जा सकता।

## मनिका में मनरेगा के कूप योजना में 20 हजार रूपए मांगने का बीडीओ एवं मुखिया पर लगा आरोप

# बीपीओ के साथ हाथापाई पर उतरे लोग, पुलिस ने आकर किया मामला शांत

- योजनाओं की एंट्री में अनियमितता के खिलाफ उप मुखिया और वार्ड सदस्यों ने बीपीओ का किया घेराव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ब्लॉक परिसर में लगा भीड़।

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजनाओं में लगातार भ्रष्टाचारी करने का आरोप लगते आ रहा है लेकिन मनरेगा कर्मी, बिचौलिए एवं अधिकारियों के मिलीभगत के कारण इस पर कोई सुधार नहीं हो पा रहा है। ताजा मामला कोपे पंचायत की है जहां की उप मुखिया शीला देवी, वार्ड सदस्य राजमती देवी, रीना देवी, नेमी देवी ने दिन शनिवार को मनरेगा के टीसीबी योजना में भारी अनियमितता बरतने के खिलाफ बीपीओ संतोष कुमार का घेराव कर लिया और प्रखंड कार्यालय परिसर में ही हंगामा करने लगे। उप मुखिया एवं वार्ड सदस्य इतने गुस्से में थे कि बीपीओ के साथ हाथापाई पर उतर आए जहां से अपना बीच बचाव करते हुए बीपीओ संतोष कुमार कंप्यूटर रूम में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। जिसके बाद मनिका थाना के पुलिस के आने के बाद भीड़ को शांत करते हुए सभी को प्रखंड कार्यालय परिसर के अंदर से बाहर निकाला गया। मामले के विषय में जानकारी देते हुए कोपे पंचायत की उप मुखिया शीला देवी ने बताया कि हमारे पंचायत के मुखिया विनीता देवी पति सुदेश्वर सिंह के दो बिचौलिया हैं जिनका नाम रवीना बीबी और सोहन सिंह है और हमारे पंचायत क्षेत्र में इनके इशारे से ही सारी योजनाओं की एंट्री होती है। उन्होंने बताया कि हाल में सरकार द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में 25 मनरेगा योजना का लाभ देना है जिसमें से हर एक गांव को 5 योजना मिली है लेकिन कोपे पंचायत में 72 टीसीबी योजनाओं की एंट्री की गई है। उप मुखिया ने बताया कि हम लोगों के नाम से किसी भी योजना की एंट्री नहीं की गई है। बिचौलियों के कारण मनरेगा बीपीओ अपना मनमानी तरीके से योजनाओं की एंट्री कर रहे हैं और पूछने पर जवाब देने से भाग रहे हैं। उप मुखिया ने बताया कि अभी सरकार द्वारा संचालित कूप निर्माण योजनाओं की एंट्री के लिए हम लोगों से मुखिया पति सुदेश्वर सिंह के द्वारा 20 हजार रुपए की मांग की जा रही है सुदेश्वर सिंह का कहना है कि 20 हजार रुपए में बीडीओ समेत अन्य का भी हिस्सा है पैसे देने के बाद ही उन्हें कूप निर्माण योजना का लाभ मिल पाएगा। आपको बताते चलें कि मनिका प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना इन दिनों बिचौलियों को मोटी रकम कमाने का जरिया बना हुआ है पूरा प्रखंड कार्यालय ही बिचौलियों के इशारे में चल रहा है। पहले भी टीसीबी योजना में भारी अनियमितता का मामला प्रकाश में आया था जिस पर संलिप्त कर्मियों के ऊपर कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने योजनाओं को रद्द करने का आदेश जारी किया था। मौके पर उप मुखिया शीला देवी, समेत वार्ड सदस्यों ने मनरेगा योजना के भ्रष्टाचारी में संलिप्त बीडीओ, मुखिया, बीपीओ, मनरेगा कर्मी, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, समेत अन्यों के ऊपर जांच उपरांत कार्रवाई करने की जिला प्रशासन से मांग किया है।

## क्या कहते हैं मनरेगा बीपीओ

### क्या कहते हैं पंचायत के मुखिया पति

वहीं कोपे पंचायत के मुखिया विनीता देवी के पति सुदेश्वर सिंह से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि उप मुखिया और वार्ड सदस्यों को अगर योजना लेना है तो आकर मुझसे मिले ना कि बीपीओ का घेराव करें। 20 हजार रुपए मांगने की बात पर उन्होंने कहा कि मेरे ऊपर गलत आरोप लगाया जा रहा है।

वहीं इस मामले के विषय पर जब मनरेगा बीपीओ संतोष कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा योजनाओं की एंट्री में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं की जा रही है उप मुखिया एवं वार्ड सदस्यों के द्वारा लगाया गया सारा आरोप गलत है।


जानकारी देती उप मुखिया एवं वार्ड सदस्य।

### बीडीओ ने बात नहीं की

वहीं इस मामले से संबंधित जानकारी लेने के लिए जब प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो से फोन के माध्यम से संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। बताते चलें कि वर्तमान बीडीओ वीरेंद्र किंडो के कार्यकाल में मनरेगा योजनाओं में भारी अनियमितता का मामला कई बार पहले भी प्रकाश में आ चुका है लेकिन इस पर अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ।

## स्पीड न्यूज

### दूंदू पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के लिए समाजसेवी ने विधायक को सौंपा ज्ञापन


ज्ञापन सौंपते समाजसेवी व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित दूंदू पंचायत के चौकिया गांव निवासी युवा समाजसेवी अख्तर अंसारी ने अपने पंचायत क्षेत्र में सड़क, पुलिया, श्मशान घाट, छठ घाट, मिनी पार्क, समेत इत्यादि विकास कार्यों को लेकर दिन रविवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा है। वहीं विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा समाजसेवी के दिए गए ज्ञापन पर विचार कर जल्द से जल्द विकास कार्यों के लिए पहल करने की आश्वासन दिया गया है। वहीं इस विषय में जानकारी देते हुए युवा समाजसेवी अख्तर अंसारी ने बताया कि हमारे पंचायत क्षेत्र में छोटी-छोटी गांव के लिए सड़कों की जरूरत है। जिससे लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सके। उक्त सभी योजनाओं के बनने से पंचायत क्षेत्र का विकास होगा। मौके पर फूलचंद यादव, धनलाल उरांव, मनलाल उरांव, विजय ठाकुर, उस्मान अंसारी, मोहन ठाकुर, सुल्तान अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### ट्रक हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के बनियों ग्राम के समीप एक ट्रक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या जेएच 02 एस 7459 पलामू जिले रेहला से केमिकल लेकर गिरिडीह जा रहा था। इसी दौरान बनियों ग्राम के पास ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और पेड़ में जाकर टक्कर मार दी। दुर्घटना में चालक को मामूली चोटें लगी है। वहीं घटना के बाद क्रेन की मदद से उक्त ट्रक को बाहर निकला गया।

### अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगाया गया घर में आग थाना में दिया आवेदन

**लातेहार।** सदर प्रखंड के पांडेपुरा पंचायत के ग्राम कड़ीमा में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा घर में लगाया गया। थाना में दिया आवेदन में बताया गया कि शनिवार की रात में करीब 12:30 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर में आग लगाया गया। जिससे हजारों का नुकसान हो गया। छत पर सोए घर के लोगों ने घर से धूआ उठते देखा तो हल्ला किया। जिससे आसपास के ग्रामीणों द्वारा आग में काबू पाया गया। वहीं मकान मालिक लोकेश यादव ने बताया कि आग लगने से दो बकरी तीन मुर्गी समेत कई सामान जलकर खाक हो गया है। लोकेश यादव ने आगे बताया कि घर में पुआल रखा हुआ था। अगर थोड़ा सा भी देरी होता तो पूरे घर खाक में मिल जाता। गनीमत रही कि आसपास के लोगों द्वारा मिलजुल कर आग बुझा दिया गया। जिससे बहुत बड़ी क्षति होने से बच गया। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाया कि जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई की जाए।

### जेजेएमपी के उग्रवादी लवलेश गंझू के घर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार


इश्तेहार चिपकाती पुलिस।

**बालूमाथ।** जेजेएमपी के 5 लाख के इनामी उग्रवादी लवलेश गंझु के घर बालूमाथ पुलिस ने शनिवार को इस्तेहार चिपकाया। बालूमाथ सब इंस्पेक्टर कुबेर साव एवं धीरज कुमार सिंह ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू ग्राम के बर टोला स्थित लवलेश गंझू के घर पहुंचा एवं इश्तेहार चिपकाया। चिपकाए गए इस्तेहार में कहा गया है कि न्यायालय के आदेश अनुसार अगर 1 माह के अंदर लवलेश गंझू सरेंडर नहीं करता है तो घर को कुर्क कर लिया जाएगा। सब इंस्पेक्टर कुबेर साव ने बताया कि बालूमाथ थाना कांड संख्या 217/ 18 धारा 341, 342, 323, 307, 384, 385, 427/ 34 भादवी 25 (1-बी) ए आर्म्स एक्ट 17 सीएलए के फरार अभियुक्त है। इस मौके पर बालूमाथ पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

## विधायक बैद्यनाथ राम ने नीलांबर-पीतांबर स्मारक निर्माण के लिए रखी आधारशिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**


पुजन करते विधायक बैद्यनाथ राम।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय समीप मोरशेरवा में रविवार को लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने स्वतंत्रता सेनानी नीलाम्बर-पीताम्बर के स्मारक निर्माण के लिए आधारशिला रखी। मौके पर पाहन रति गंझु ने स्मारक निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजा कराया। इससे पूर्व, विधायक बैद्यनाथ राम का स्वागत ढोल मांदर की थाप पर किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए भोक्ता समाज के कामेश्वर भोक्ता ने बताया कि भोक्ता समाज विकास संघ के बैनर तले उक्त स्थान पर स्वतंत्रता सेनानी शहीद नीलांबर पितांबर स्मारक का निर्माण कराया जाएगा। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, मो. इमरान, भोक्ता समाज प्रखंड अध्यक्ष विष्णु भोक्ता, परमेश्वर गंझु, नारायण भोक्ता, प्रदीप गंझु, लालदेव गंझु, श्यामसुंदर यादव, संतोष उरांव, राजेंद्र गंझु, सुरेश गंझु, बसंत गंझु, माधव सिंह, कपिलदेव उराँव, महेंद्र सोनी, फूलचंद गंझु, राजद नेता सुरेश राम, राजू गंझु, देवंती देवी सहित कई लोग उपस्थित थे। मौके पर बारियातु प्रखंड के चटूवाग ग्राम के ग्रामीणों ने लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम से गांव में सड़क नहीं होने से हो रही परेशानियों से अवगत कराया। जिस पर विधायक ने जल्द ही सड़क निर्माण कार्य कराने की बातें कही।

### एलवेस्टर तोड़कर दुकान से अज्ञात चोरों ने नगद सहित 50 हजार का किया चोरी

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा झलकीटोला मे बिते रात अज्ञात चोरों ने दुकान का एलवेस्टर तोड़कर नगद सहित दुकान का सामग्री चोरी कर लिया। भुक्तभोगी रामधनी उरांव ने जानकारी देते हुए बताया की भाटचतरा झलकी टोला मे किराये के मकान मे दुकान किए हैं। प्रतिदिन की तरह शनिवार शाम दुकान बंद कर अपना घर बिश्रामपुर चले गए। सुबह मेरे पुत्र बिरण उर्फ महाबीर उरांव दुकान खोलने आया तो देखा की दुकान का सामान इधर उधर बिखरा पड़ा है। वहीं छत के ऊपरी हिस्सा मे लगे एलवेस्टर तोड़कर नगद तीन हजार, डीजल 60 लीटर, पेट्रोल 26 लीटर, मोटरसाईकिल बनाने का कई पार्ट्स नगद सहित लगभग 50 हजार का चोरी कर ली गई। दुकान चोरी होने सूचना थाना मे देने की बात कही।

### बिजली बिल ब्याज माफी को लेकर लगा कैंप


कैंप में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निदेर्शानुसार विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल लातेहार के द्वारा रविवार को प्रखंड के अलौदिया पंचायत भवन परिसर में एकमुश्त भुगतान (ओटीएस) योजना के अंतर्गत ब्याज माफी को लेकर विशेष कैंप लगाया। कैंप में आसपास के दर्जनों की संख्या में बिजली उपभोक्ता अपनी फरियाद को लेकर पहुंचे, जिन की समस्याओं को विभाग के अधिकारियों के द्वारा सुना गया। शिविर के दौरान 7 बिजली उपभोक्ताओं ने ब्याज माफी को लेकर आवेदन किया, जिनके आवेदनों को स्वीकार करते हुए ब्याज माफी की गई। इस दौरान लगभग 72 हजार रुपये राजस्व की वसूली भी की गई। शिविर में मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो, मुखिया प्रतिनिधि संदीप टोप्पो, विभाग के सुनील कुमार गुप्ता, मो. अली, शंकर, बबलू समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### घांसी समाज के सम्मेलन में पहुंचे पदम बालमुकुंद नायक, लोगों ने किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**


डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते अतिथि ।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल लोटस हार्ट में रविवार को झारखंड राज्य घासी समाज संघ का सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पदम मुकुंद नायक, विशिष्ट अतिथि भानु नंदू बाबा, डॉ. रिझु नायक, विजय आनंद नायक, सोनी नायक, विनीता नायक, धनेश्वर नायक, महेश कुमार नायक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ पहनाकर व बैच लगाकर किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर समाज के लोगो को संबोधित करते हुए पदम बालमुकुंद नायक ने कहा की घासी समाज अन्य समाज की अपेक्षा पिछड़ा हुआ है। समाज के सांगठनिक, शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्तर की मजबूती एवं अपने हक अधिकार के लिए हमें एकजुट होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा हमें अपनी संस्कृति एवं सभ्यता को आने वाली पीढ़ी को जानकारी देनी होगी ताकि हमारा समाज और मजबूत हो सके। समाज का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब लोग सामाजिक कुरीतियों को त्याग करें। अंधविश्वास को दूर भगाएं। देश के विकास में सभी का सहयोग आवश्यक है। हम लोग मिलजुल कर रहे और समाज को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाये। उन्होंने समाज के लोगों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देना को कहा। मौके पर रिंकू नायक, रामप्रवेश नायक, सचिव इंद्रजीत नायक, अमित नायक, कुलदीप नायक, जगरनाथ नायक, महावीर नायक, रोहन नायक, रीना देवी, महेश कुमार, बुधन नायक, रोशन नायक, खुशमन नायक सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जलमिनार खराब, पेयजल के लिए भटक रहें है ग्रामीण



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के चुंगरू पंचायत के ग्राम चुंगरू में पिछले तीन महीने से सोलर जलमिनार खराब है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि शिकायत के बाद पिछले एक महीने पहले मिस्त्री द्वारा जलमिनार की मशीन खोलकर ले जाया गया है, लेकिन आज तक वापस नहीं लगाया गया है। जिससे लोगों को इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या झेलनी पड़ रही हैं। लोग दूसरे टोले से पानी लाने को विवश है। जलमीनार की ओर न तो जनप्रतिनिधि और न ही संबंधित विभाग का ध्यान है। जिस कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र में जितने भी जल मीनार लगाए गए है। उसमें से आधे से अधिक खराब पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से जल्द से जल्द सोलर जल मीनार को चालू कराने की मांग किया है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी, विदेशी प्रजापति सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### जिले में बैगर आरटीई मान्यता प्राप्त 144 निजी स्कूल है संचालित, राम भरोसे शिक्षा विभाग

**लातेहार।** जिले के आरटीआई एवं सामाजिक कार्यकर्ता लाल मोहन सिंह को जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान, सूचना के अधिकार के तहत उपलब्ध कराई गई सूचना से शिक्षा विभाग के उपर भी सवालीया निशान उठ रहा हैं। उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार लातेहार जिले में कुल 144 निजी स्कूल हैं। जो सरकारी स्तर से आरटीई मान्यता प्राप्त निजी स्कूल एक भी नहीं हैं। जब की अनिवार्य एवं बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) 01 अक्टूबर 2010 से पुरे भारत वर्ष में प्रभावी हैं एवं इस अधिनियम के तहत सरकारी स्तर से मान्यता लेना निहायत जरूरी हैं परंतु एक भी स्कूल का मान्यता नहीं होना शिक्षा विभाग के उपर सवालिया निशान खड़ा हो रहें हैं। आरटीआई से उपलब्ध सूचना से यह भी खुलासा हो रहा हैं कि दस ब्लॉक का इस जिले में मात्र दो बीईओ पहला जवाहर प्रसाद दूसरा हाकीम प्रमाणिक पदस्त हैं। जब की यहां पर दस बीईओ रहना चाहिए। आरटीआई से यह भी खुलासा हुआ हैं कि लातेहार जिले में निजी स्कूलों का आरटीई मान्यता के लिए किसी तरह का जिला स्तरीय कमिटी का गठन अब तक नहीं हुआ हैं। झारखंड शिक्षा सचिव के द्वारा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को इस बावत निर्देशित किया गया परंतु शिक्षा का अधिकार कानून का आज तेरह वर्ष हो गया इसका अनुपालन नहीं हैं।

## विश्व चैंपियन गौभक्त संजय सिंह पहलवान ने सनातन संस्कृति पर युवाओं के साथ की चर्चा

# गौ माता का दूध अमृत के समान जैसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**


चर्चा करते लोग।

**चंदवा।** संत गोपाल मणि महाराज के परम शिष्य व वर्ल्ड चैंपियन संजय सिंह पहलवान का आगमन शनिवार को चंदवा में हुआ, जहां गायत्री शक्ति मंदिर परिसर में ब्रह्मचर्य शाकाहार एवं गौ माता की महिमा पर अपने विचार रखते हुए विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले गौभक्त संजय सिंह पहलवान एवं गौभक्त कमलेश्वर भट्ट जो परम पूज्य गोपाल मणि महाराज के शिष्य हैं उन्होंने विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि गौ माता का दूध अमृत के समान है व जीवनदायिनी है। गाय के दूध से ही हमारा शरीर पुष्ट होता है। हमारे सभी ग्रंथों में गौ महिमा की गाथा गई है। गौ माता की रक्षा करना उनकी सेवा करना हमारा पुनीत कर्तव्य है। गौ माता का दूध ही नहीं बल्कि गोमूत्र दवा के रूप में प्रयोग किया जाता है, पंचगव्य की महिमा आयुर्वेद में विस्तार से वर्णित की गई है। आदिकाल से हमारे पूर्वज इसका सेवन करते रहे हैं। गाय के दूध से बुद्धि विकसित होती है। गौ माता की सेवा से चरित्र का निर्माण भी होता है। शाकाहार पर बोलते हुए संजय पहलवान ने कहा कि शाकाहार आज पूरे विश्व में बढ़ रहा है। लोग इसकी महिमा को समझ रहे हैं। मांसाहार से अनेक प्रकार के रोग हमारे शरीर में आ रहे हैं। इस बात को स्वीकार अब पश्चिमी देशों के चिकित्सकों ने भी किया है। उन लोगों के द्वारा भी शाकाहार भोजन पर बल दिया जा रहा है। डॉक्टर फिलिप एवं डॉक्टर ब्राऊन जैसे पश्चिमी चिकित्सकों का उल्लेख करते हुये कहा की उन्होंने अपने शोध में यह पाया कि शाकाहार शरीर के लिए आवश्यक है और इसे अपनाकर कई प्रकार के रोगों से शरीर को मुक्त रखा जा सकता है। उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि अगले गोपाष्टमी के अवसर पर दिल्ली में गौ भक्तों की एक विशाल सभा हो रही है। जिसके माध्यम से गौ माता को राष्ट्र माता के रूप में दर्जा दिलाने के लिए लोग पहुंचेंगे और सरकार पर इसके लिए दबाव बनाएंगे। उन्होंने प्रत्येक भारतवासी के संकल्प को दुहराते हुए कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में स्वदेशी सनातन संघ अपनी भूमिका निभा रहा है। जब तक राष्ट्र आत्मनिर्भर नहीं होगा तब तक हम समृद्ध राष्ट्र की संकल्पना नहीं कर सकते हैं। कार्यक्रम का आयोजन गौ भक्त पंचगव्य चिकित्सक कौशल अग्रवाल एवं नंदलाल अग्रवाल के सौजन्य से आयोजित किया गया था। मौके पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### रक्तदान कर कुंदन ने पेश की इंसानियत की मिसाल



**बरवाडीह।** बरवाडीह के युवा समाजसेवी कुंदन सिंह चौहान ने रविवार को एक बीमार महिला की जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाई। बीमारी के कारण महिला का हिमोग्लोबिन छह प्वाइंट रह गया था। महिला के जीवन को बचाने के लिए तत्काल दो यूनिट ड पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता थी। खबर मंत्र के माध्यम से सूचना मिलते ही युवक कुंदन ने तत्काल अस्पताल पहुंच महिला के लिए रक्तदान किया। जहां महिला के पति और परिवार के सदस्यों ने समाजसेवी कुंदन का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि किसी जरूरतमंद को खून देकर उसकी जान बचाने से बड़ा कोई श्रेष्ठ कार्य नहीं है। यही मानवता की सच्ची सेवा यही है। वहीं कुंदन ने कहा कि पहली बार रक्तदान कर उन्हें बहुत खुशी हो रही हैं। उनका रक्त किसी जरूरतमंद के काम आ जाए। इससे बड़ी बात हमारे लिए और क्या हो सकती हैं।

## कुव्यवस्था इंपैक्ट इंडिया शिविर में इलाज कराने वाले मरीज खुद प्लास्टर काटने को हुए मजबूर, रोष

# मरीजों के बीच सीएचसी में मेडिकल उपकरण का होना था वितरण

**लपरवाही**

- लातेहार, चतरा, पलामू, गुमला समेत दूसरे राज्यों से पहुंचे थे सैकड़ों गरीब, अधिकारियों ने खुद काटने को कह दिया प्लास्टर व पट्टी
- विरोध के बाद निकल गए सीएस, एसडीओ के पहुंचने के बाद दुरुस्ती की गई व्यवस्था

**खबर मन्त्र संवाददाता**


हो हंगामे के बाद व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर निर्देशित करते एसडीओ।


अपनी बच्ची का प्लास्टर काटती मां।


बालक का प्लास्टर काटते परिजन।

**चंदवा।** चंदवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को सरकारी व्यवस्था की पोल खुल कर रह गई। बीते दिनों इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के द्वारा चंदवा टोरी जंक्शन व चंदवा सीएचसी में लगाए गए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मुड़े हुए हाथ पैर का ऑपरेशन व सर्जरी कराने वाले मरीजों के परिजनों को रविवार को स्वयं ही मरीजों के पट्टी व प्लास्टर काटना पड़ा। मरीज के परिजन खुद ही ब्लेड, कांच के टुकड़े व हाथों से ही प्लास्टर हटाते नजर आए। परिजन अपने अपने मरीजों को लेकर लातेहार जिले के गारु, महुआडांड़, बरवाडीह, बालूमाथ, हेरहंज, बरियातू, पलामू, चतरा, सिमडेगा समेत दूसरे प्रदेश के लोग भी पहुंचे थे। उनसे पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इंपैक्ट इंडिया के लोग व अधिकारी लोग बोले हैं कि खुद ही प्लास्टर को पानी से भीगा कर पट्टी को खोलो, जिसके बाद हम लोग खुद ही प्लास्टर काटने को मजबुर है। कुव्यवस्था को देख कर प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव, एसडीओ शेखर कुमार को मरीजों को हो रही परेशानियों की समस्या से अवगत कराया साथ ही मौके पर मौजूद सीएस दिनेश कुमार से मरीजों के द्वारा खुद प्लास्टर काटे जाने को लेकर सवाल जवाब किया। जिसके बाद सीएस गोल मटोल जवाब देकर बचने का प्रयास करते नजर आने लगे। उनका कहना था कि मरीजों की संख्या काफी ज्यादा है, इतनी व्यवस्था उनके पास नहीं है कि सभी का प्लास्टर व पट्टी स्वस्थ्य कर्मी काट पाए। बढ़ते हो हंगामें के बाद सीएस यहां से चले गए।

### एसडीओ ने दिखायी ततपरता, व्यवस्था को कराया सही

जिसके बाद उपायुक्त के निर्देशन में एसडीओ शेखर कुमार अस्पताल पहुंचे व विधि व्यवस्था को दुरुस्त कराया। इस दौरान दूसरे राज्यों एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर इलाज करते हुए मेडिकल उपकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। यह दौरान एसडीओ स्वयं व्यवस्थाओं को दुरुस्त करते नजर आए साथ ही सुदूरवर्ती क्षेत्र से आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसको लेकर बीडीओ व सीएचसी प्रभारी को निर्देशित किया। बता दें कि उपायुक्त भोर सिंह यादव के नेक पहल पर जिले में पहल बार लाइफ लाइन एक्सप्रेस के माध्यम से 15 मई से 4 जून तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ था जो काफी सफल रहा था। शिविर में सैकड़ो की संख्या में गरीबों के आंख, हाथ, पैर, कान, दांत, कटे फटे होठ का सफल उपचार व ऑपरेशन किया गया था। जिसमें जिले के एसडीएम शेखर कुमार समेत कई अधिकारियों ने महती भमिका निभाई थी। रविवार को घटित घटना ने पूरे सफल आयोजन की किरकिरी कर दिया। अगर स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन समन्वय स्थापित कर काम करती थी, ऐसा वाकया सामने नही आता व सुखद कार्यक्रम का दुःखद अंत नही होता।

# गोली मारकर महिला की हत्या, बंद पड़े पत्थर खदान से शव बरामद

## मृत महिला के सिर और गर्दन में मिले हैं गोली के निशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंसडीहा।** बंद पड़े पत्थर खदान से रविवार को एक 32 वर्षीय महिला का शव मिलने से हंसडीहा थाना क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर हंसडीहा पुलिस घटना स्थल पर पहुंच बड़ी मशक्त के बाद रस्सी के सहारे शव को पत्थर खदान से बाहर निकाला। शव की शिनाख्त महिला के पास से बरामद पर्स में रखें आधार कार्ड और बैंक पासबुक से हुई है। मृतका की पहचान हंसडीहा निवासी विनोद जायसवाल की पत्नी मनीषा कुमारी के रूप में हुई। पुलिस घटना स्थल से मंगलसूत्र, लेडीज पर्स, लेडीज सेंडिल, खून लगे कपड़े और खून का सेम्पल बरामद किया है। घटना स्थल पर चार पहिये वाहन के निशान भी मिले हैं। जो शव को देखने पहुंचे लोगों के आवागमन से मिट चुका है। मनीषा के पहले पति विनोद जायसवाल की माने तो मनीषा का तलाक न्यायलय से दिसम्बर 2022 में हो गया है। तलाक के पहले से ही वे दुमका में रह रही थी। दोनों बच्चों को न्यायलय के द्वारा उन्हें सुपुर्द किया गया। मनीषा अक्सर अपने बच्चों से मिला करती थी। मनीषा मूल रूप से भागलपुर के एकचारी की रहने वाली थी। वर्ष 2008 में उसकी शादी हंसडीहा के बिनोद जायसवाल से हुई थी। शादी के बाद उसे एक पुत्री और एक पुत्र हुआ। तलाक के बाद मनीषा दुमका के रसिकपुर मुहल्ले में रहकर ब्यूटीपार्लर चलाया करती थी। इधर घटना की सूचना पर मनीषा के भाई और बहनोई हंसडीहा थाना पहुंचे। जिसके बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। पुलिस सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच कर रही हैं। महिला की गोली मारकर हत्या कर देने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीपीओ शिवेंद्र, सर्कल इंस्पेक्टर संजय सुमन, थाना प्रभारी रोहित कुमार, एसआई सचिन मिश्रा, खुर्शीद आलम, एएसआई अनुरंजन मिंज नें घटनास्थल पर पहुंच जांच में जुटे है। पुलिस मनीषा के वर्तमान पति प्रकाश मंडल से पूछताछ कर रही है। वहीं पुलिस द्वारा प्रकाश मंडल के काले रंग की स्कॉर्पियो को भी जप्त कर थाना लाया गया है।



फाईल फोटो मनीषा



शव को कब्जे में लेती पुलिस

### घटना को रहस्यमय तरीके से दिया गया अंजाम

घटना स्थल पर मिले साक्ष्य से ये कयास लगाया जा रहा है कि अपराधियों द्वारा घटना को अंजाम देने के बाद शव को पत्थर खदान के खाई में छुपा देने की साजिश थी जो कि नाकाम रही। बरामद शव के शरीर में रस्सी बंधा हुआ था। वहीं एक बोरे में पत्थर के टुकड़े भी मिले हैं। उक्क्त बोरे में भी रस्सी बंधा हुआ था। जिससे ये कयास लगाया जा रहा है कि अपराधी शव के साथ पत्थर भरे बोरे को बांध कर खाई में फेंकने के फिराक में थे। रस्सी टूट जाने व शव खाई के किनारे चले जाने की वजह से अपराधी पुनः अपने बनाये प्लान के अनुसार अंजाम देने में असफल रहे व शव को जस के तस स्थिति में छोड़कर फरार हो गए।

### मनीषा अक्सर अपने बच्चों से मिला जुला करती थी

मृतका के एक पुत्र और एक पुत्री है जो अपने पिता विनोद जायसवाल के साथ हंसडीहा में रहते हैं। हालांकि बच्चे को या बच्चे की मां को आपस में मिलने में कोई प्रतिबंध नहीं था। जब कभी उन लोगों को मिलने का मन करता था तो वे लोग आपस में मिला जुला करते थे।

### मृतका के शरीर पर पाए गए हैं गोलियों के निशान

मनीषा के सिर और गर्दन पर दो जगह गोलियों के निशान पाए गए हैं।वहीं शव के चेहरे पर खून लगे रहने के कारण शव को पहचान पाना मुश्किल हो रहा था। फिर शव के समीप से मिले पर्स में आधार कार्ड व बैंक पासबुक से शव की शिनाख्त हुई।

स्पीड न्यूज

### केंद्रीय कारा में जेल अदालत व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से केंद्रीय कारा में रविवार को जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत का आयोजन झालसा के निदेर्शानुसार प्राधिकार अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन पर हुई। जेल अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धमेंद्र कुमार के न्यायालय में वाद निष्पादन के निमित्त केंद्रीय कारा में संसिमित दो बंदियों का आवेदन, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी विजय कुमार यादव एवं एक बंदी का आवेदन न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सार्थक शर्मा के न्यायालय में वाद निष्पादन के लिए केंद्रीय कारा में संसीमित एक बंदी का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया। लेकिन चारों बंदियों का समय अवधि कम रहने के कारण आवेदन पर विचार नहीं किया गया। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के द्वारा जेल अदालत विधिक जागरूकता शिविर में बंदियों को विधिक जागरूकता अंतर्गत प्ली बारगेनिंग एवं रिमांड में बंदियों के कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही नवनियुक्त जेल पारा लीगल वॉलिंटियर को उनके द्वारा प्रशिक्षण भी दिया गया। जागरूकता शिविर में डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिकंदर मंडल, सदस्य अंकित कुमार सिंह एवं रोबिन कुमार, न्यायालय कर्मी नीरज कुमार, पंकज कुमार एवं बंदी उपस्थित थे।

### महाजनसंपर्क अभियान को लेकर सम्मेलन



सम्मेलन करते भाजपा के कार्यकर्ता।

**दुमका।** भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान के निमित्त विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन रविवार को जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के तालझारी के सामुदायिक भवन में आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। उसके बाद कार्यक्रम के प्रभारी गुंजन मरांडी ने संगठनात्मक वृत्त लेकर उपस्थिति का संकलन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अभयकांत प्रसाद ने कहा कि पीएम मोदी के 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए देश की जनता को समर्पित किया। अंत्योदय के तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन वितरण करने समेंत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताया। जिला अध्यक्ष परितोष सोरेन ने कहा प्रधानमंत्री किसान योजना समेत अन्य लाभकारी योजनाओं को बताया। भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री मनीष दुबे ने दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था समेत अन्य देशहित में उठाये गए अभुतपूर्व कदमों को सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार मंडल ने स्वागत भाषण कर देश में संस्कृति की विरासत का नया युग प्रारंभ करने का पीएम मोदी को श्रेय दिया। सम्मेलन का संचालन युवा मोर्चा देवघर के जिला अध्यक्ष अतुल सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री अमन राज ने किया। सम्मेलन में जरमुंडी विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष एवं मोर्चा अध्यक्ष समेत कार्यकत्त्रा मौजूद रहे। सम्मेलन को जरमुंडी विधानसभा के पूर्व विधायक देवेंद्र कुंवर, निवास मंडल, रविकांत मिश्रा विवेकानंद राय, पंकज भदौरिया, गौरवकांत आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुरली मंडल, अनूप कुमार, सुधीर सिंह, आशुतोष सिंह, अविनाश मंडल, अक्षय यादव, संदीप कुमार, पप्पू सिंह आदि मौजूद थे।

## तेज हवा से कई विशालकाय पेड़ गिरे, यातायात बाधित



सड़क पर गिरा विशालकाय पेड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उपराजधानी दुमकावासियों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली। हलांकि मौनसून के प्रवेश में थोड़ा विलंब तो जरूर हुआ। लेकिर रविवार को तेज हवा के साथ बारिश ने किसानों की उम्मीद ताजा किया, तो दूसरी तरफ लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। करीब आधे घंटे हुई बारिश से ही लोगों को काफी सकून मिला। इधर तेज हवा से कई पेड़ भी गिर गये। विशाल पेड़ गिरने से बस स्टैंड से सिदो कान्हू चैक जाने वाले रास्ता अवरूद्ध हो गया। तेज हवा से सिविल सर्जन कार्यालय के सामने स्थित पुराने सदर अस्पताल परिसर का एक विशाल इमली का पेड़ गिर गया। जिससे पोखरा चैक जाने वाली सड़क पर यातायात बाधित हो गया। प्रशासन पेड़ हटा यातायात बहाल करने के प्रयास में लग गई है। यहां बता दें कि मौसम वैज्ञानिक के बीते 17 जून को मौनसून की प्रवेश की जानकारी दी थी। लेकिन मौनसून के प्रवेश में देरी और भीषण गर्मी के कारण स्कूली बच्चों का गर्मी की छुट्टी पूरा होने के बावजूद राज्य सरकार तपती धूप में बच्चों को लू लगने की आशंका जताते हुए 19 जून तक अवकाश की घोषणा की थी। लेकिन मौसम विभाग से जारी सूचना के बाद भी मौनसून की प्रवेश में देरी पर राज्य सरकार द्वारा स्कूली की छुट्टी की अवधि दो दिन और बढ़ा 21 जून तक वर्ग 8 तक के बच्चों के स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया था। भीषण गर्मी से वन्य जीव समेत आमजन जीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा था। जहां बच्चों के शिक्षा और लोगों के व्यवसाय पर असर पर रहा था। लेकिन आज की बारिश से सभी राहत महसूस करेंगे।

## संताली भाषा के ओलचिकी लिपि के संरक्षण एवं संवर्द्धन को ओलचिकी हूल बैसी का हुआ गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



सम्मेलन करते ओलचिकी हूल बैंसी संगठन सदस्य

**दुमका।** ओलचिकी हूल सम्मेलन उपराजधानी दुमका के आउटडोर स्टेडियम में आयोजित हुई। सम्मेलन में हजारीबाग प्रमंडल सहित संताल परगना प्रमंडल के आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था के प्रतिनिधि एवं समाज के विभिन्न संगठन सदस्य शामिल हुए। विभिन्न संगठनों को मिलाकर ओलचिकी हूल बैसी का गठन ओलचिकी लिपि प्रचार-प्रसार, संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हुआ। सम्मेलन प्रारंभ होने से पूर्व शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को माल्यार्पण कर किया गया। संताली लिपि ओलचिकी लिपि समर्थकों ने सम्मेलन को लेकर इंडोर स्टेडियम को आवंटित नहीं करने पर जिला प्रशासन के रवैए पर नाराजगी जाहिर किया। खुले आसमान के नीचे चिलचिलाती धूप के बाद झमाझम बारिश में मूलवासी व आदिवासियों को कार्यक्रम करने को मजबूर करने पर संताल समाज ने आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में अंजाम भुगतने की चेतावनी तक दे डाली है। हेमंत सरकार को आगामी 27 जून तक ओलचिकी लिपि का प्रचार-प्रसार के लिए प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई आरंभ नहीं होने और संरक्षण संवर्धन को लेकर उचित पहल नहीं होने के स्थिति में 4 जुलाई एक दिवसीय संपूर्ण झारखंड बंदी की चेतावनी दी है। बंद के दौरान स्वास्थ सुविधा एम्बुलेंस, अस्पताल, नर्सिंग होम, दवा दुकान, स्वास्थ्य केंद्र को छोड़कर सभी सरकारी गैर सरकारी संस्थान, स्कूल, कॉलेज, सड़क, हाई-वे, परिवहन, दुकाने, बाजार, औद्योगिक प्रतिष्ठान एवं रेल सेवा सभी बंद रहेगा। इसके लिए प्रमंडल स्तरीय कमेटी गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष राविनाथ टुडू, उपाध्यक्ष एमेले मरांडी एवं आनंद मुर्मू, सचिव रविंद्र सोरेन, महेन्द्र हेम्ब्रम, दीपक मरांडी के साथ सभी जिलों से दो-दो सक्रिय सदस्य को शामिल किया गया है। अगले 15 दिन के अंदर संथाल परगना के जिलों में जिला स्तरीय कमेटी बना कर राज्य स्तरीय कमेटी को सुचित करना सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर वक्ताओं ने वर्तमान में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रत्येक विद्यालय में प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में पढ़ाई किया जाने की सराना किया है। सरकार द्वारा प्रत्येक भाषाओं का किताब व सामग्री तैयार किया जा रहा है। संथाली भाषा भारतीय संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल है इनका स्वतंत्र लिपि ओलचिकी है।जेसीईआरटी के निदेशक द्वारा वर्ग तीसरा, चैथा एवं पांचवा का गणित व पर्यावरण विषय के किताब देवनागरी लिपि में छापने का निर्णय का विरोध करते हुए ओलचिकी लिपि से किताब छापने का आग्रह किया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव से भी पत्राचार किया है राज्यपाल से भी इस संबंध में विचार-विमर्श के लिए समय मांगने की बात कही है। संताली भाषा के ओलचिकी लिपि को प्राथमिक स्तर से विश्वविद्यालय तक पढ़ाई आरंभ करने, पढ़ाने के लिए शिक्षकों की बहाली करने, भाषा संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु झारखंड में साहित्य अकादमी गठन करने एवं संथाली भाषा को झारखंड में प्रथम राजभाषा बनाने के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा वर्षों से आंदोलन करते हुए मांग किया जा रहा है।

# बिहार की खबरें

## बिहार के विवस्वान सव्यसाची गुवाहटी जोन के टॉपर

एजेंसी

**पटना।** देश के प्रतिष्ठित 23 आईआईटी संस्थानों में नामांकन को जेईई एडवांस का रिजल्ट आईआईटी गुवाहाटी ने रविवार सुबह 10 बजे जारी कर दिया। पटना के विवस्वान सव्यसाची को ऑल इंडिया में 80वीं रैंक मिली।

**बिहार के विवस्वान सव्यसाची गुवाहटी जोन के टॉपर**

देश के प्रतिष्ठित 23 आईआईटी संस्थानों में नामांकन को जेईई एडवांस का रिजल्ट आईआईटी गुवाहाटी ने रविवार सुबह 10 बजे जारी कर दिया। पटना के विवस्वान सव्यसाची को ऑल इंडिया में 80वीं रैंक मिली है। वे बिहार के साथ गुवाहटी जोन के टॉपर बने हैं। इन्हें जेईई मेन बिहार में चौथा स्थान आया था। गुवाहटी जोन में दूसरे स्थान पर यशस्वी राज हैं। यशस्वी बिहार के दूसरे टॉपर हैं और ऑल इंडिया में 145वीं रैंक है। तीसरे स्थान पर कोलकाता के रक्षिक दास (रैंक 355), चौथे स्थान पर अभिनव साह (398) और पांचवें स्थान पर वैभव सिंह (575वीं रैंक) है। छात्राओं में अक्षरा को 1238 वीं रैंक मिली है।

जेईई एडवांस के रिजल्ट में बिहार के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी है। इस साल जेईई एडवांस में 1 लाख 83 हजार 72 छात्रों में से 43 हजार 773 ने क्वालिफाई किया। हैदराबाद जोन के वीसी रेड्डी ने 360 में 341 अंक प्राप्त कर पहली रैंक हासिल की। छात्राओं में हैदराबाद जोन से नयकांति नागा भाव्या श्री को टॉपर घोषित किया गया है। इन्हें 360 में 298 अंक मिले।

**1.80 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए**

जेईई मेन के आधार पर 2.51 लाख छात्र जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई किये थे। पहली बार 1.89 लाख छात्रों ने पंजीयन किया, जिनमें 1.80 लाख से अधिक छात्र जेईई एडवांस में शामिल हुए, लेकिन पास होने वाले छात्रों की संख्या मात्र 43,773 रही। जेईई एडवांस 2020 में 1.62 लाख छात्रों ने पंजयीन कराया था, जिनमें से 1.50 लाख परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 43 हजार 204 छात्र सफल हुए थे।

## लू की चपेट में 35 जिले, 5 जिलों में वार्म नाइट का अलर्ट.. अब तक 40 से अधिक मौतें

एजेंसी



**पटना।** पूरा बिहार इस वक्त भीषण गर्मी की चपेट में है और पूरे प्रदेश में उष्ण लहर का प्रकोप बना हुआ है. हीट वेव ने 11 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है. अब तक पिछले 3 दिनों में 40 से अधिक लोगों की हीट वेव के कारण मौत हो चुकी है। हालांकि प्रशासन ने 10 लोगों की पुष्टि की है। बीते 24 घंटे में प्रदेश के 35 जिलों में हीट वेव दर्ज की गई है। जिसमें पटना समेत पांच जिलों में सीवियर हीट वेव के साथ-साथ वार्म नाइट भी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए एक बार फिर से सीवियर हीट वेव का पूवार्नुमान करते हुए हीट स्ट्रोक से बचने का अलर्ट जारी किया है। बीते 24 घंटे में शेखपुरा में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जबकि राजधानी पटना में अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पटना में ताप सूचकांक यानी आद्रता के स्थिति के साथ अधिकतम तापमान के साथ 50.52 डिग्री सेल्सियस का बना रहा. पटना, अरवल, जहानाबाद, भोजपुर, बक्सर, शेखपुरा, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, नालंदा और नवादा में अति भीषण उष्ण लहर का प्रभाव देखने को मिला है। जिसमें पटना, नवादा, नालंदा, भोजपुर, अरवल में उष्ण रात्रि भी दर्ज की गई है। किशनगंज, पूर्णिया और अररिया में मानसून की स्थिति बने रहने के कारण हीट वेव की स्थिति नहीं रही। गर्मी में पिछले 11 वर्षों का तोड़ा रिकॉर्ड मौसम विज्ञान केंद्र पटना के मौसम वैज्ञानिक आशीष कुमार ने बताया कि लंबे समय के बाद इतना लंबा हीट वेव का स्पैन देखने को मिला है। इससे पहले 2012 के जून महीने में 19 दिनों के हीटवेव का स्पैन चला था। इस बार भी 31 मई से लगातार हीट वेव चल रहा है और आज 18 जून को इसे 19 दिन हो जा रहा है. उन्होंने बताया कि कल 19 जून से प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिलेगी और हीट वेव की चपेट में रहने वाले जिलों की संख्या कम रहेगी। उसके बाद 20 जून से मानसून सक्रिय होने लगेगा और प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश होने की संभावना जताई जा सकती है।

एक नजर में

### आस्था व विश्वास का प्रतिक पीपल का पेड़ बचाने को लोगों ने उपायुक्त से लगाया गुहार

**दुमका।** आस्था, विश्वास और पर्यावरण संरक्षक पीपल का पेड़ बचाने को लेकर पूरा मुहल्ला एकसाथ हो गया है। यह वाकया है नगर थाना के ग्रांट स्टेट मोहल्ले की। जहां स्थानीय लोगों ने अंचलाधिकारी के माध्यम से उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा है। जिसमें जमीन मालिक संदीप रक्षित पर जमीन की चाहरदीवारी देने के नाम पर पेड़ को काटने की साजिश का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों ने जमीन मालिक का विरोध करते हुए आस्था व विश्वास का प्रतिक पीपल का पेड़ बचाने को लेकर जरूरत पड़ने पर धरना व अनशन शुरू करने की बात कही है। यहां बता दें कि ग्रांट स्टेट स्थित लाल पोखर के सामने भाजपा नेत्री सह पूर्व नगर पर्षद चेयरमैन अमिता रक्षित, पति संदीप रक्षित का एक पुश्तैनी जमीन है। जमीन के चाहरदीवारी से सटा एक पीपल का पेड़ है। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह पेड़ सड़क किनारे है। पेड़ सरकारी जमीन में है। लोगों ने जमीन मालिक जमीन की मापी भी करवाने की बात कही है। पूर्व वार्ड पार्षद सह भाजपा नेत्री सोनी हेम्ब्रम ने कहा कि साल 2009 में स्थानीय लोगों ने विधिवत पूजा अर्चना कर यह पेड़ लगाया था। पूर्व में जमीन मालिक ने पेड़ को काटने का प्रयास किया था। लेकिन मोहल्लेवासियों के विरोध की वजह से जमीन मालिक अपने प्रयास में विफल रहा। उन्होंने कहा कि अब जमीन मालिक अपनी जमीन के अलावा सरकारी भूमि का अतिक्रमण कर पीलर का निर्माण करवा रहे है। पेड़ की जड़ को जेसीबी से काटने की वजह से यह कभी भी गिर सकता है। इस पेड़ की रोजाना लोग पूजा करते है। मोहल्ले के चंद्रेश्वर सिंह ने कहा कि किसी सूरत में इस पेड़ को लोग काटने नही देंगे। यह पेड़ लोगों के आस्था व विश्वास से जुड़ा हुआ है। जरूरत पड़ी तो मोहल्लेवासी पेड़ को बचाने के लिए धरना व अनशन पर बैठेंगे। स्थानीय लोगों में जयप्रकाश शर्मा, मुन्ना सिंह, तेज नारायण कुमार, विशेश्वर राव, संजय कुमार पांडे, रतन यादव, प्रेम कुमार यादव आदि मौजूद थे।

### कार्यकर्ता सम्मेलन के बहाने मंत्री जोबा माझी ने किया चुनावी शंखनाद




**चक्रधरपुर।** मनोहरपुर की विधायक सह सूबे की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा माझी ने मनोहरपुर विस क्षेत्र में चुनावी शंखनाद कर दिया है। रविवार को मनोहरपुर प्रखंड के ढीपा पंचायत अन्तर्गत पटनापोस गांव में झामुमो का ढीपा व रायडीह पंचायत का पंचायत स्तरीय संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मंत्री जोबा माझी ने शिरकत की। इस दौरान मंत्री जोबा माझी ने न केवल अपनी व सरकार की उपलब्धियां गिनायी बल्कि कार्यकताओं से चुनाव के लिए तैयार रहने का आह्वान भी किया। यहीं नहीं मंत्री जोबा माझी ने भाजपा व आजसू में सेंधमारी कर कई कार्यकताओं व समर्थकों में झामुमो की सदस्यता दिलायी। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री जोबा माझी ने कहा जब पहली बार वह विधायक चुनी गई थी उस समय और आज की स्थिति में क्या बदलाव नजर आ रहा है ये किसी से छिपी नहीं है। कहा कि गांव को पंचायत और पंचायत को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ा जा रहा है। आज गुदड़ी और आनंदपुर जैसे सुदूर और पिछड़े प्रखंडों में भी बड़े पुल-पुलिया और सड़क का निर्माण तेज गति से हो रहा है। इसके बावजूद उन्होंने माना कि अब भी क्षेत्र में कई समस्याएं है जिसका निदान के लिए प्रयासरत है। जोबा माझी ने कि मनोहरपुर विस क्षेत्र का संपूर्ण और सर्वांगीण विकास ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर भी कार्यकताओं व समर्थकों से तैयार रहने को कहा। कहा कि ऐसा सांसद चुनना है जो केंद्र प्रायोजित योजनाएं लाएं और केंद्र सरकार से जुड़ी समस्याओं का समाधान कर सके। सम्मेलन का संचालन बंधना उरांव ने किया। सम्मेलन को ढीपा के मुखिया अशोक बहांदा, रायडीह की मुखिया आतेन सुरीन, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मानुएल बेक, पंकज महतो आदि ने संबोधित किया। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता हेमंचद महतो, सागर महतो, अमर महतो, अजहर अली, किशोर खलखो, अंबिका चौधरी, मारसलन सुरीन समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज 1 का शेष

### जेइइ एडवांस्ड में लोहरदगा...

एलेक्स सिंह ने एसटी रैंक-59 प्राप्त किया है। विद्यालय परिवार इस बात को लेकर आशान्वित है, कि विद्यालय के 50 से ज्यादा विद्यार्थी इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता अर्जित करेंगे, क्योंकि परिणामों का आना जारी है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्राचार्य डॉ राम सिंह अत्यंत हर्षित एवं अभिभूत दिखे। उन्होंने छात्रों के साथ इस बेशकीमती पल को साझा किया और विद्यार्थियो के सराहनीय प्रदर्शन के लिए उनके माता-पिता और शिक्षकों को बधाई दी। साथ ही, सफल प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

### 2025 तक टीबीमुक्त भारत...

उन्होंने अपनी बात की शुरुआत यह कहते हुए किया कि इस बार अमेरिका यात्रा के कारण 'मन की बात' समय से पहले कर रहा हूं। मैं अगले हफ्ते अमेरिका में रहूंगा और वहां कार्यक्रम काफी व्यस्त होने वाला है, और इसलिए मैंने सोचा कि मैं जाने से पहले आपसे बात कर लूं, इससे बेहतर क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग कहते हैं कि पीएम के रूप में मैंने कुछ अच्छा काम किया है, या कोई और महान काम किया है। मोदी ने चक्रवात बिरपजॉय से निपटने के लिए कच्छ के लोगों को याद किया। कच्छ में चक्रवाती तूफान ने भारी तबाही मचायी लेकिन कच्छ के लोगों ने जिस साहस और तैयारी के साथ इतने खतरनाक चक्रवात का मुकाबला किया, वह भी उतना ही अभूतपूर्व है।

### चाईबासा में फिर...

इधर घटना के संबंध में एसपी अभिषेक ने कहा कि सूचना मिला लेकिन अभी तक विस्तार जानकारी नहीं मिला है पुलिस इसकी जांच कर रही है। पुलिस की ओर से भाकपा माओवादी नक्सलियों का खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान अब तक कई निर्दोष ग्रामीणों का मौत हो चुकी है।

### उम्मीद बढ़ी : वंदे भारत...

पटना से वंदे भारत एक्सप्रेस को कोडरमा स्टेशन पर लाने वाले ड्राइवर और गार्ड को चेंज किया गया और कोडरमा स्टेशन पर दूसरे ड्राइवर और गार्ड कोडरमा से रांची लेकर रवाना हुए।

### आज नेत्रदान के बाद...

परंपरा के अनुसार, चार जून को स्नान पूर्णिमा के दिन अत्याधिक स्नान से प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा बीमार पड़ गये थे। इसके बाद मंदिर के अणसर गृह में देशी नुस्खों के साथ उपचार किया गया। अलग-अलग प्रकार की जड़ी-बूटी से तैयार दवा दी गयी। अब प्रभु जगन्नाथ स्वस्थ्य हो गये हैं।

स्पीड न्यूज

## नेपाल में भूस्खलन से एक की मौत, 25 लापता

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्वी हिस्से में बाढ़ और भूस्खलन से जन-धन की हानि हुई है। पुलिस के के मुताबिक, भूस्खलन और बाढ़ के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई है और 25 लापता हैं। संखुवासभा जिले के हेवाखोला में शनिवार रात आई बाढ़ में सात घर बह गए। पुलिस ने बताया है कि सुपर हेवाखोला जलविद्युत में काम करने वाले 16 मजदूरों का बाढ़ के कारण संपर्क टूट गया है । रविवार सुबह सिर्फ एक मजदूर का शव मिला।

## लंदन में भारतीय मूल के युवक की हत्या

**लंदन।** भारतीय मूल के अरविंद शशिकुमार (38) की दक्षिण लंदन में चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। तीन दिन पहले भी चाकू से वार कर ब्रिटिश-भारतीय किशोर और हैदराबाद के एक छात्र की हत्या की जा चुकी है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि अरविंद शशिकुमार की शुक्रवार को साउथेम्प्टन-वे में एक आवासीय संपत्ति के बाहर सीने पर चाकू से वार किए जाने के बाद मौत हो गई। शशिकुमार भारत के केरल के रहने वाले थे।

## बीजापुर में तीन माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने तीन माओवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक टिफिन बम सहित कई अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। माओवादियों के कब्जे से एक टिफिन बम, जिलेटिन की छड़ें, फ्यूज, बिजली के तार, नक्सली साहित्य और पर्चे बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार माओवादियों की पहचान रमेश पुनेम (28), भीमा पुनेम (21) और सुक्कू ध्रुव (38) के रूप में हुई है।

## भाजपा उम्मीदवार के संबंधी का शव मिला

पश्चिम बंगाल में आठ जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव के मद्देनजर हुई हिंसा के बीच कूचबिहार जिले में भाजपा के एक उम्मीदवार के रिश्तेदार का शव मिला। पुलिस ने बताया कि 30 वर्षीय शम्भू दास को शनिवार रात अज्ञात युवकों ने घर के बाहर बुलाया। पुलिस ने बताया कि कुछ घंटों के बाद उसका शव एक तालाब के पास मिला, जिस पर चाकू से वार किए गए थे।

## सूडान में वायुसेना ने बरसाए बम, 17 मरे

**खार्तूम।** सूडान में छिड़े गृहयुद्ध के बीच राजधानी खार्तूम के दक्षिणी हिस्से में देश की वायुसेना के हमले में पांच बच्चों सहित कम से कम 17 नागरिकों की मौत हो गई। मृतकों में महिलाएं भी शामिल हैं। वायुसेना की इस बमबारी पर सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने फेसबुक पर बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि खार्तूम के दक्षिणी हिस्से में स्थित अल-यरमौक और मेयो इलाके हवाई हमले की चपेट में आ गए। इस बमबारी में पांच बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित 17 लोगों की मौत हुई। बमबारी में 25 मकान जमींदोज हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सूडानी की वायुसेना के शक्तिशाली बमों के धमाकों से आसमान धुआं-धुआं हो गया।

## बिग बॉस ओटीटी 2 में नजर आएंगी पूजा भट्ट



**मुंबई।** बिग बॉस ओटीटी 2 का दूसरा सीजन जल्द ही दर्शकों के सामने आएगा। शो के पहले सीजन को पिछली बार करण जौहर ने होस्ट किया था। हालांकि, इस बार सलमान खान शो को टीवी के साथ-साथ ओटीटी पर भी होस्ट करेंगे। बिग बॉस के दूसरे सीजन की घोषणा के बाद से ही फैंस यह जानने के लिए बेताब हैं कि इस बार ह्यबिग बॉस ओटीटी 2 के घर में कौन से कलाकार एंट्री करेंगे।

# राजनीतिक जीवन में कभी अहंकार नहीं पाला : राजनाथ

## अधिकारी हां और नेता ना कहना सीख जाएंगे तो विश्वास का संकट दूर हो जाएगा

एजेंसी

▸▸ जिस दिन व्यक्ति के अंदर अहंकार आ जाता है, उसी दिन से शुरू होता है उसका पतन

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ध्येय फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने राजनीतिक जीवन में कभी अहंकार नहीं पाला। जिस दिन व्यक्ति के अंदर अहंकार आ जाता है, उसी दिन से उसका पतन शुरू हो जाता है। इसलिए कभी मन में अहंकार नहीं आना चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जिस दिन अधिकारी हां और नेता ना कहना सीख जाएंगे, उस दिन विश्वास का संकट दूर हो जाएगा।

रक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में चयनित सफल अभ्यर्थियों के स्वागत के लिए आयोजित एक समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा जनता में आम धारणा है कि नौकरशाह जनता के साथ उस तरह व्यवहार नहीं करते, जैसा उन्हें करना चाहिए।उन्होंने कहा कि जिस दिन अधिकारी हां और नेता ना कहना सीख जाएंगे, उस दिन विश्वास का संकट दूर हो जाएगा।

लखनऊ के स्थानीय सांसद राजनाथ ने उप्र के मुख्यमंत्री और देश में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार और नरेन्द्र मोदी की सरकार में अपने व्यापक अनुभवों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज जब मैं यहां आपके बीच आया तो सोचा कि बच्चों की आंखों से आंखें मिलीं तो उनकी



आंखों में क्या देखूंगा। मैंने कहा, इन बच्चों की आंखों में भारत का भविष्य देखूंगासिंह ने इस अवसर पर कहा कि पिछले नौ सालों में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का कद बढ़ा है और दुनिया अब इसे ध्यान से सुनती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब संयुक्त राज्य अमेरिका जैसी महाशक्ति भारत के प्रधानमंत्री के स्वागत और मेजबानी के लिए लगन से तैयारी करती है और विदेशी मीडिया देश की सफलता की कहानी के बारे में बात करता है। उन्होंने कहा कि आपके कंधों पर एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। आप ऐसे समय में सेवा करने जा रहे हैं जब देश अमृत काल में प्रवेश कर चुका है। जब आप 2047 में अपने कार्यकाल के अंत में होंगे, तब देश अपनी स्वतंत्रता का 100वां वर्ष मना रहा होगा। अपने भीतर के बच्चे को हमेशा जीवित रखने का सुझाव देते हुए

रक्षा मंत्री ने कहा कि आपके लिए अलग-अलग तरह की चुनौतियां होंगी, लेकिन मैं आपसे आग्रह करता हूं कि चाहे कितनी भी चुनौतियां और कठिनाइयां क्यों न आ जाएं, आपको कभी भी अपने भीतर के बच्चे को मरने नहीं देना चाहिए। आपके भीतर का बच्चा हमेशा जिंदा रहना चाहिए।

### जनहित का संकल्प लेकर आगे बढ़ें अधिकारी

सिंह ने कहा कि अधिकारी देश हित और जनहित का संकल्प लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने नौकरशाहों को सजग करते हुए कहा कि आईएएस होने का अहंकार मन में नहीं आना चाहिए, यह कहने का साहस मैं इसलिए जुटा पा रहा हूं कि राजनीति में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का पद छोड़कर कोई ऐसा पद नहीं बचा है जिसे मैंने हासिल नहीं किया। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति व्यक्ति नहीं होते, बल्कि संस्था होते हैं। उन्होंने जीवन में अहंकार से बचने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कोई निर्णय लेते समय महात्मा गांधी के उस बयान को याद रखें, जिसमें उन्होंने कहा था कि आप सबसे गरीब आदमी का चेहरा याद करें और अपने दिल से पूछें कि जो कदम उठा रहे हो वह उसके लिए कितना उपयोगी और लाभकारी होगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि जिस दिन से आप इस सोच के साथ काम करना शुरू करेंगे, यकीन मानिए आपको आत्म-संतुष्टि की समझ आ जाएगी। उन्होंने आईएएस में चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि मैं भी आईएएस की तैयारी कर रहा था, लेकिन यह चर्चा करने में संकोच नहीं है कि मैं थोड़ा उग्र तेवर का था और किसी ने कुछ गड़बड़ किया तो लड़ जाता था।

## रक्षा मंत्रालय का चिंतन बैठक आज से

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय बेहतर शासन और कामकाज के लिए अपने विभागों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए 19-20 जून को नई दिल्ली में चिंतन बैठक करेगा। रक्षा विभाग, रक्षा उत्पादन विभाग, सैन्य मामलों का विभाग (डीएमए), पूर्व सैनिक कल्याण विभाग ने विभिन्न मुद्दों की पहचान की है, जिन पर रक्षा विभागों के अधिकारी विशेषज्ञों के साथ अपने विचारों को साझा करके चर्चा करेंगे। रक्षा मंत्रालय अपने विभागों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करने और बेहतर शासन देने के लिए दो दिवसीय चिंतन बैठक का आयोजन कर रहा है, ताकि इनका समाधान करके नए विचारों को विकसित किया जा सके।

## आत्मनिर्भर भारत : पहला स्वदेशी ड्रोन तापस रखेगा सीमा पर नजर

# पलभर में होगा दुश्मन का खात्मा

एजेंसी

▸▸ डीआरडीओ और नौसेना ने यूएवी की कमांड और नियंत्रण क्षमताओं का किया सफल प्रदर्शन

▸▸ तापस यूएवी ने 20 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ान भरकर दिखायी क्षमता

**नयी दिल्ली।** डीआरडीओ और भारतीय नौसेना की टीम ने स्वदेशी तापस ड्रोन की कमांड और नियंत्रण क्षमताओं का सफल प्रदर्शन किया है। कारवार नौसैनिक अड्डे से 148 किमी दूर आईएनएस सुभद्रा पर एक दूरस्थ ग्राउंड स्टेशन से किये गए प्रदर्शन में यूएवी ने निर्बाध रूप से 20 हजार फीट की ऊंचाई के आसपास उड़ान भरी। आईएनएस सुभद्रा ने 3.30 घंटे की उड़ान अवधि के दौरान 40 मिनट के लिए यूएवी संचालन को नियंत्रित किया। तापस ड्रोन केवल सीमाओं पर निगरानी रखने ही नहीं, बल्कि दुश्मनों पर हमला करने के लिए भी इस्तेमाल में लाया जा सकता है।

डीआरडीओ ने रविवार को बताया कि भारतीय नौसेना की टीम के साथ यह प्रदर्शन 16 जून को किया गया। स्वदेशी ड्रोन तापस ने 07.35 बजे कारवार नौसैनिक अड्डे से 285 किमी दूर एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर), चित्रदुर्ग से उड़ान भरी। यह प्रदर्शन कारवार नौसैनिक अड्डे से 148 किमी दूर आईएनएस सुभद्रा पर एक दूरस्थ ग्राउंड स्टेशन से किया गया। इसका मकसद तापस यूएवी की कमांड और नियंत्रण क्षमताओं को स्थानांतरित करना था। यूएवी ने 20 हजार फीट की ऊंचाई के आसपास उड़ान भरने का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। आईएनएस सुभद्रा ने 3.30 घंटे की उड़ान के दौरान 40 मिनट के लिए यूएवी संचालन को नियंत्रित किया।

### अमेरिका के एमक्यू-1 प्रीडेटर ड्रोन जैसा ही है



**यह** एक मीडियम एल्टीट्यूट लॉन्ग-इंड्यूरेंस ड्रोन है, जो अमेरिका के एमक्यू-1 प्रीडेटर ड्रोन जैसा ही है। तापस अपने आप ही टेक ऑफ और लैंड करने की क्षमता रखने वाला ड्रोन है। इसे पहले रुस्तम-2 के नाम से पुकारा जाता था, जिसकी अधिकतम रफ्तार 224 किलोमीटर प्रति घंटा थी। 20.6 मीटर के विंग स्पैन वाला ड्रोन लगातार 1000 किलोमीटर तक उड़ान भर सकता है। यह 28 हजार फीट की ऊंचाई पर 18 घंटे से ज्यादा की उड़ान भर सकता है।

डीआरडीओ के अधिकारियों का कहना है कि स्वदेशी यूएवी को नियंत्रित करने के लिए आईएनएस सुभद्रा में एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन (जीसीएस) और दो शिप डेटा टर्मिनल स्थापित किए गए थे। परीक्षण के बाद तापस एटीआर में वापस उतरा। तापस ड्रोन की 30 हजार फीट की ऊंचाई से मारक क्षमता 250 किमी है और यह दिन और रात के मिशन में सक्षम है। यह 350 किलोग्राम तक का पेलोड ले जा सकता है। इसे भारतीय सशस्त्र बलों के लिए खुफिया, निगरानी, टोही मिशन करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह अपने मिशन के दौरान विस्तृत क्षेत्र में छोटे लक्ष्यों की पहचान करके उन्हें मार गिराने में सक्षम है। तापस का पूरा नाम टेक्टिकल एयरबॉर्न प्लेटफॉर्म फॉर एरियल सर्विलांस बेयॉन्ड होराइजन (टीएपीएएस) है।

## जेइइ एडवांस के रिजल्ट जारी, रेड्डी ने किया टॉप

**नयी दिल्ली।** हैदराबाद जोन के वाविलला चिदविलास रेड्डी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में दाखिले के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड में शीर्ष स्थान हासिल किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जेईई-एडवांस्ड परीक्षा के नतीजे रविवार को घोषित किए गए.इस साल परीक्षा का आयोजन करने वाले आईआईटी गुवाहाटी के अनुसार, रेड्डी ने 360 अंकों में से 341 अंक हासिल किए। अधिकारियों के मुताबिक, आईआईटी हैदराबाद जोन की ही नयाकांति नगा भव्या श्री 298 अंक प्राप्त कर लड़कियों में शीर्ष स्थान पर रहीं। आईआईटी गुवाहाटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, आईआईटी-जेईई एडवांस्ड के



हैदराबाद जोन की ही नयाकांति नगा भव्या श्री 298 अंक प्राप्त कर लड़कियों में शीर्ष स्थान पर रहीं

दोनों पत्रों की परीक्षा में कुल 1,80,372 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 36,204 लड़कों और 7,509 लड़कियों ने जेईई एडवांस्ड 2023 की परीक्षा उत्तीर्ण की। देशभर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन, जेईई-एडवांस्ड के लिए योग्यता परीक्षा है। यह परीक्षा चार जून को आयोजित की गई थी।

## गीता प्रेस को मिलेगा गांधी शांति पुरस्कार




नयी दिल्ली। वर्ष 2021 का गांधी शांति पुरस्कार गीता प्रेस, गोरखपुर को प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली जूरी ने रविवार को विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से इस संबंध में निर्णय लिया। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अनुसार अहिंसक और अन्य गांधीवादी तरीकों के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए गीता प्रेस, गोरखपुर को गांधी शांति पुरस्कार के लिए चुना गया है। पुरस्कार मानवता के सामूहिक उत्थान में योगदान देने के लिए गीता प्रेस के महत्वपूर्ण और अद्वितीय योगदान को मान्यता देता है। यही सच्चे अर्थों में गांधीवादी जीवन का प्रतीक है।

# अमेरिका में मोदी के स्वागत की तैयारी जारों पर

एजेंसी

### न्यूयॉर्क और वाशिंगटन में कार्यक्रमों के दौरान प्रस्तुति देंगी हॉलीवुड अभिनेत्री मिलबेन

**ये है कार्यक्रम**

▸▸ 21 जून को नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे पीएम

▸▸ 22 को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे

**वाशिंगटन।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत के लिए अमेरिका में तैयारियां शबाब पर हैं। इसके लिए जोरदार तैयारी की गई है। प्रधानमंत्री मोदी अगले हफ्ते अमेरिका की पहली आधिकारिक राजकीय यात्रा पर पहुंच रहे हैं। हॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री एवं गायिका मैरी मिलबेन न्यूयॉर्क और वाशिंगटन डीसी में होने वाली उनके कार्यक्रमों में प्रस्तुति देंगी। यह जानकारी शनिवार को विज्ञप्ति में दी गई। अभिनेत्री मिलबेन (38) अफ्रीकी मूल की अमेरिकी नागरिक हैं। मिलबेन भारत के राष्ट्रगान-जन गण मन और भजन-ओम जय जगदीश हरेको अपनी आवाज देकर भारतीयों के बीच लोकप्रिय हो चुकी हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक मिलबेन 21 जून को नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय (यूएनएचक्यू) के नॉर्थ लॉन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। अभिनेत्री मिलबने ने कहा है वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी, संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज और न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने को लेकर उत्सुक हूं। विज्ञप्ति के मुताबिक मिलबेन को 23 जून को वाशिंगटन की रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग में आयोजित होने वाले भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए भी आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर 21 जून से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे।



बाइडन और उनकी पत्नी 22 जून को राजकीय रात्रिभोज में मोदी की मेजबानी करेंगे। भारत के प्रधानमंत्री मोदी 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। वह 23 जून को वाशिंगटन में इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर और रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग में देशभर से आए भारतीय-अमेरिकियों की सभा को भी संबोधित करेंगे। मिलबेन कहना है कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा को लेकर वह आशान्वित और उत्साहित है। यह यात्रा भारत-अमेरिकी संबंधों का महोत्सव है। यह दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र का संगम है। विश्व के सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी देशों की आत्मीयता का सर्वोच्च उदाहरण है।

## संघ ने की मणिपुर में शांति की अपील

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मणिपुर में जारी हिंसा के बीच शांति की अपील की है। संघ ने विस्थापितों और मणिपुर हिंसा के पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाते हुए विश्वास के अभाव को दूर करने के प्रयास और बातचीत के जरिए समाधान खोजने की अपील की है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने एक संदेश में कहा कि संघ सभी से अपील करता है कि वे एक दूसरे के बीच विश्वास की कमी को दूर करें जो वर्तमान संकट का कारण हैं। इसके लिए दोनों समुदायों के व्यापक प्रयासों की आवश्यकता है। इसका समाधान मैतेई लोगों के बीच असुरक्षा एवं लाचारी की भावना और कुकी समुदाय की वास्तविक चिंताओं को एक साथ संबोधित करके किया जा सकता है। होसबाले ने कहा कि संघ का यह सुविचारित मत है कि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में हिंसा और घृणा के लिए कोई स्थान नहीं है। किसी भी समस्या का समाधान आपसी संवाद और शांतिपूर्ण वातावरण में भाईचारे की अभिव्यक्ति से ही संभव है।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित


निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस

# हार्ट ऑफ स्टोन में विलेन बनेंगी आलिया भट्ट

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपनी अपकमिंग हॉलीवुड फिल्म ह्यहार्ट ऑफ स्टोन को लेकर सुर्खियों में हैं। फिलहाल, आलिया इस फिल्म के प्रमोशन के लिए ब्राजील में हैं। आलिया की इस हॉलीवुड फिल्म में गैल गैडोट और जेमी डोर्नन मुख्य भूमिका में हैं। कुछ दिनों पहले इस फिल्म का फर्स्ट लुक वीडियो रिलीज किया गया था, जिसमें आलिया भट्ट एक्शन अवतार में नजर आ रही थीं। इसका ट्रेलर भी हाल ही में रिलीज हुआ है। इस ट्रेलर में आलिया भट्ट गैल गैडोट के साथ एक्शन करती नजर आ रही हैं। फिल्म में आलिया एक सीक्रेट एजेंट की भूमिका निभा रही हैं।



इतना ही नहीं, ट्रेलर से साफ है कि आलिया नेगेटिव रोल में नजर आएंगी। आलिया बहुत कम सीन्स में नजर आती हैं, लेकिन उनका रोल काफी अहम है।

## शादी के बंधन में बंधे करण देओल और द्रिशा

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के पोते और सनी देओल के बेटे करण देओल और प्रोड्यूसर बिमल रॉय की पोती द्रिशा आचार्य की शादी इस समय काफी चर्चा में है। रविवार को करण देओल और द्रिशा के शादी के बंधन में बंध चुके हैं। शादी के बाद दोनों की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है।

इस फोटो में करण और द्रिशा दूल्हा-दुल्हन की जोड़ी के रूप में बेहद खूबसूरत लग रहे हैं। शादी के दौरान द्रिशा ने लाल रंग का लहंगा पहना हुआ है। जबकि करण ने क्रीम कलर की शेरवानी और मैचिंग पगड़ी पहन रखी है।पिछले तीन दिनों से करण की प्री-वेडिंग रस्में चल रही थीं। इस बीच सोशल मीडिया पर कई वीडियो और फोटो वायरल हुए। बेटे की शादी को धर्मेंद्र के साथ-साथ सनी देओल भी एन्जॉय कर रहे हैं।



## शक्तिपीठ राजप्पा

**रजरप्पा** स्थित सिद्धपीठ देश की 51 सिद्ध शक्तिपीठों में से एक है। यह हजारीबाग जिला के रामगढ़ से करीब 31 किलोमीटर दूर है। दो नदियों, भैरवी और दामोदर के संगम पर मां छिन्नमस्तिका



का मंदिर है। इसे पर्यटन स्थल के रूप में सरकार ने मान्यता दे रखी है।

## बैद्यनाथधाम

**देवघर** जिला का यह प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिव की नगरी के नाम से पूरे देश में चर्चित है। वैद्यनाथ शिवलिंग द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रमुख है। वैद्यनाथ मंदिर में सावन (जुलाई-अगस्त) में जो मेला लगता है, उसमें देश-विदेश से लाखों हिंदू तीर्थयात्री पहुंचते हैं। मंदिर लगभग 22 मीटर उंचा है। इसके अतिरिक्त देवघर में नौलखा मंदिर, लीला मंदिर, सतसंग आदि भी दर्शनीय हैं। मुख्य शहर से 6 किलो मीटर दक्षिण पूर्व में तपोवन है, जहां प्राकृतिक गुफाएं और शिलाखंड आकर्षित करती है। शहर से 16 किलोमीटर दूर त्रिकुट पर्वत है, जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। देवघर से 43 किलोमीटर दूर बासुकीनाथ का भव्य मंदिर है।

## सम्मेत शिखरजी

**गिरिडीह** जिला स्थित पारसनाथ पर्वत झारखंड राज्य की अमूल्य सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर है। यह झारखंड का सबसे उंचा और सबसे बड़ा पहाड़ है। इसकी उंचाई करीब 4500 फीट है। पूरा पहाड़ जंगल से घिरा हुआ है। यहां की प्राकृतिक छटा अद्भुत है। कई ऐसी जड़ी-बूटियों के लिए भी यह पहाड़ प्रसिद्ध है, जो लुप्तप्राय हैं। यह पहाड़ जैन धर्मावलंबियों के लिए पवित्र तीर्थ स्थल है। इस पहाड़ पर जैन धर्म के कुल 24 में से 20 तीर्थंकरों को निर्वाण प्राप्त हुआ था।

प्रथम तीर्थकर श्री श्रृषभदेव थे, जिन्होंने जैन धर्म की स्थापना की थी। चौबीसवें तीर्थकर श्री महावीर थे, जिनके कारण जैन धर्म विश्व भर में फैला। इसलिए हर जैनी की यह हार्दिक इच्छा होती है कि वह साल में कम से कम एक बार दर्शन लाभ के लिए इस पर्वत के शिखर पर पहुंचे। पारसनाथ पहाड़ पर प्रथम, बारहवें, बाइसवें और चौबीसवें तीर्थकर छोड़ शेष बीस तीर्थकरों को निर्वाण प्राप्त



हुआ था। 23वें तीर्थकर श्री पार्श्वनाथ के नाम पर ही पहाड़ का नाम पारसनाथ पहाड़ पड़ा। पहाड़ के शिखर पर बीसों तीर्थकरों के चरण चिन्ह अंकित हैं। इस शिखर को 'सम्मेत शिखरजी' कहा जाता है। तीर्थकरों के चरण चिन्हों को 'टेंक' कहा जाता है। उन बीस टींकों के अलावा शिखर पर 11 अन्य टींक भी हैं, जो अन्य मुनियों एवं धर्मगुरुओं के हैं। यहां एक जलमंदिर भी है, जिसमें 20 तीर्थकरों की प्रतिमाएं हैं। जलमंदिर की विशेषता यह है कि इसमें सालों भर पहाड़ से पानी आता रहता है और मंदिर के चारों तरफ बने हौदों से निकलता जाता है।

सम्मेत शिखर तक की पूरी चढ़ाई नौ किलोमीटर की है। यह चढ़ाई आनंददायक भी है और रोमांचकारी भी। पैदल चढ़ने में चार से पांच घंटे लगते हैं। शिखर से नीचे तलहटी में देखने पर चारों ओर का नजारा देखते ही यात्री अपनी सारी थकन भूल जाते हैं। इस पवित्र तीर्थ को दिगंबर और श्वेतांबर दोनों संप्रदायों के जैनी पूजते हैं।

पहाड़ी के नीचे की बस्ती है- मधुबन। यहां बड़ी-बड़ी जैन धर्मशालाएं हैं, जिनमें ठहरने की निशुल्क व्यवस्था है। यहां भी नये-नये संस्थान और मंदिर स्थापित किये जा रहे हैं। हजारीबाग से करीब 80 किलोमीटर उत्तार पूर्व में स्थित इस तीर्थ स्थल पर सफेद एवं रंगीन पत्थरों से बना सामोसरण मंदिर, भूमिया बाबा मंदिर, राजदाहा जलाशय जैसे दर्शनीय स्थल भी हैं।



यहां जाकर सकून पाये

# पर्यटन के साथ मन की शांति

**झारखंड में पर्यटन स्थलों की भरमार है। कई ऐसे पर्यटन स्थल है जहां जाने के लिए आपको ज्यादा खर्च करने की जरुरत नहीं है। आप अपने बजट के अनुसार पर्यटन स्थल का चुनाव कर सकते हैं। आज हम आपको ऐसे झारखंड के ऐसे जगहों के बारे में बता रहे हैं। जहां आने के बाद आपको सिर्फ आनंद ही नहीं मिलता बल्कि आपको मन की शांति भी मिलती है।**

झारखंड की राजधनी रांची प्रकृति की गोद में है। यहां शहर के बीच 'रांची पहाड़ी' है। घुमावदार सीढ़ियों से शिखर पर पहुंचें तो पूरा शहर नजर आता है। यहां 'टैगोर हिल' भी है। आकार में रांची पहाड़ी से भी बड़ा। कवि गुरु रवींद्रनाथ ठाकुर साहित्य सृजन के लिए इसी पहाड़ी पर एकांतवास करते थे। उन्होंने पहाड़ी पर सुंदर सा मकान भी बनवाया था। पहाड़ी के एक निर्जन कोने में छोटा सा चबूतरा बना हुआ है, उपर सीमेंट की छतरी। वहां से सूर्यास्त और सूर्योदय के वक्त सामने दूर तक फैले प्रकृति के सौंदर्य को देखा जा सकता और उसके मौन संगीत को सुना जा सकता है। कहा जाता है कि कवि गुरू रवींद्र ने अपनी अमर कृति 'गीतांजलि' के कई अंशों की रचना यहीं की थी। शहर से करीब छह मील दक्षिण पश्चिम की पहाड़ी पर प्राचीन जगन्नाथ मंदिर है। यह उड़ीसा के प्रसिद्ध पुरी जगन्नाथ मंदिर की अनुकृति जैसा है। मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमाएं हैं। इसका निर्माण 1691 में नागवंशी राजा ठाकुर ऐनी शाह ने किया था। पुरी की तरह यहां भी रथ-यात्रा का आयोजन किया जाता है। इसके अलावे रांची में कई गिरजाघर हैं, जो वास्तुकला के जीवंत नमूने हैं और उनके लाल पत्थर अतीत की कहानी कहते हैं। रांची के आसपास हुंडरू जलप्रपात, जोन्हा जलप्रपात, दसम जलप्रपात और हिरणी जलप्रपात तो हैं ही, मुख्य शहर में कांके डैम और शहर से सिर्फ 12 किलोमीटर दूर हटिया डैम हैं, जो अपने मनमोहक प्राकृतिक सौंदर्य से पर्यटकों को बरबस अपनी ओर खींच लेते हैं। ये तमाम स्थल बढ़िया पिकनिक स्थल हैं।

## मलूटी

**दुमका** जिले का यह गांव 'मंदिरों का गांव' के रूप में विख्यात है। पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित दुमका जिला का प्राचीन मलूटी गांव द्वारका नदी के तट पर बसा है। दुमका से करीब 55 किलोमीटर दूर। रामपुर हाट इस गांव का निकटतम रेलवे स्टेशन है। यहां तक दुमका-रामपुर सड़क पर सूरी चुआ नामक स्थान पर बस से उतर कर उत्तर की ओर 5 किलोमीटर की दूरी तय कर पहुंचा जा सकता है।

यहां 74 मंदिर जीर्णावस्था में थे। उनमें से 42 मंदिरों के संरक्षण का कार्य पूरा हो चुका है। बिहार के पुरातत्व विभाग ने 1984 में पूरे गांव को पुरातात्विक प्रांगण के रूप में विकसित करने की योजना के तहत मंदिरों का संरक्षण कार्य शुरू किया। आज पूरा गांव पर्यटन स्थल के रूप में





विकसित हो रहा है।

मंदिरों की पाषाण मूर्तियां और फलक प्राचीन स्थापत्य कला के अनोखे और दुर्लभ प्रमाण हैं। यहां स्थित देवी मौलिक्षा मंदिर तो अभी भी एक जीवंत शक्तिपीठ माना जाता है। मलूटी का पश्चिम बंगाल की प्रसिद्ध तांत्रिक शक्तिपीठ 'तारापीठ' से सीधा संबंध है। कहा जाता है कि प्रसिद्ध साध्क 'वामाखेपा' की साधना देवी मौलिक्षा के अंक में ही पूरी हुई थी। वामाखेपा की जीवन लीला मां तारा से जुड़ी थी और उनकी समाधि तारापीठ में है। आज भी वामाखेपा का त्रिशूल मलूटी में स्थापित है। यहां के मंदिरों में रामायण के विभिन्न दृश्य उकेरे हुए हैं। कृष्ण लीलाएं भी चित्रित हैं। एक प्रतिमा ऐसी भी है, जिसमें राम-कृष्ण-शंकर और विष्णु को एकाकार दिखाने का प्रयास अनोखा है।

मलूटी से पूर्व पाषाण काल के पत्थर के औजार और पालकालीन मूर्तियों के अवशेष भी मिले हैं। यह पुरातात्विक और ऐतिहासिक दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण और दर्शनीय गांव है। अब तो गांव और आसपास के क्षेत्रों को रमणीक और आकर्षक बना दिया गया है। यहां काली पूजा के अवसर पर बहुत बड़ा मेला लगता है। यहां तीर्थयात्री भी पहुंचते हैं और आम सैलानी भी।

## जुबली पार्क

**टाटा** आयरन एंड स्टील कंपनी के संस्थापक जमशेदजी नौशेरवानजी टाटा की स्मृति में इस भव्य पार्क का निर्माण



किया गया। यह छोटे रूप में कर्नाटक राज्य में स्थित प्रसिद्ध वृंदावन गार्डन जैसा है। यहां सैकड़ों किस्म के गुलाब सहित तरह-तरह के फूलों की बहार और कई-कई दुर्लभ प्रजातियों के पेड़ों की हरियाली का नजारा पर्यटकों को आकर्षित करता है। पानी के रंग-बिरंगे फव्वारे, कृत्रिम झरने और करीब 40 एकड़ में फैली झील और झील के बीच में पानी का उंचा फव्वारा। शाम होते ही जुबली पार्क का दृश्य बदल जाता है। बिजली की रंग-बिरंगी रोशनियों का जादू जैसे जमीन के छोटे से टुकड़े पर स्वर्ग को उतार लाता है। जुबली झील में नौकाविहार का आनंद लिया जा सकता है। झील के साथ ही जुड़ा है बोट हाउस नुमा जलपान गृह। हर साल तीन मार्च के दिन जमशेदजी टाटा के जन्म दिन के अवसर पर पूरा जमशेदपुर जश्न मनाता है। उस दिन पूरा शहर त्योहार मनाता है। पूरे शहर में मेला जैसा नजारा होता है। उसमें जुबली पार्क जैसे खूबसूरत शहर के माथे पर आकर्षक सतरंगी टीका। उसे देखे बिना किसी की आंखों की प्यास नहीं बुझती। इस पार्क के निर्माण की शुरुआत 1935 में पर्सी लंकास्टर ने की थी। जीएच क्रमवीगेल और वीएस निरोदी ने इसे 1955 में पूरा किया। वे मैसूर के वृंदावन गार्डन और दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के प्रसिद्ध मुगल गार्डन के शिल्पी भी रहे हैं। जुबली पार्क का उद्घाटन भारत के प्रथम प्रधनमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने किया था।

## नेतरहाट

समुद्रतल से करीब 3700 फीट की उंचाई पर अवस्थित नेतरहाट शहर का मौसम सालों भर समशीतोष्ण रहता है। वर्षा के मौसम में यहां सिर्फ पानी की बौछारें नहीं बल्कि बादलों के बीच से गुजरता है यह शहर। यहां का सूर्योदय और सूर्यास्त विशेष आकर्षण का केंद्र है। पर्यटकों के लिए यहां बने टूरिस्ट बंगला और पलामू बंगला से यह नजारा देखा जा सकता है। मुख्य शहर से करीब 10 किमी दूर 'मैगनोलिया प्वाइंट' है। यह सूर्यास्त के दृश्य को देखने के लिए सबसे उपयुक्त जगह है। नेतरहाट का समूचा क्षेत्र घने जंगलों, उंची-नीची पहाड़ियों और नदियों-झरनों से घिरा हुआ है। मुख्य शहर से करीब 8 किलोमीटर दूर 'अपर घघरी' जलप्रपात है। यह लोकप्रिय पिकनिक स्थल है। यहां से सिर्फ दो किलोमीटर की दूरी पर 'लोअर घघरी' जलप्रपात है। यह भी पिकनिक स्थल है। शहर से करीब 35 किलोमीटर दूर है 'सदनी' जलप्रपात। सर्पिल आकार का यह जलप्रपात भी पिकनिक स्पॉट है। 'लोध' जलप्रपात भी संभवत झारखंड के सबसे उंचे जलप्रपातों में से एक है। यह करीब 468 फीट की उंचाई से गिरता है। बलखाती 'कोयल' नदी भी नेतरहाट के पास ही है। इसे 'कोयल व्यू प्वाइंट' से घंटों निहारा जा सकता है।

## हजारीबाग नेशनल पार्क

यहां के कैपरी हिल से पूरे शहर को निहारा जा सकता है। 25 किलोमीटर दूर नेशनल पार्क के नाम से प्रसिद्ध हजारीबाग अभयारण्य है। यहां रात के समय भी मोटर गाड़ियों में बैठकर सर्च लाईट के जरिये वन्य पशुओं को देखा जा सकता है - सांभर, नीलगाय, चीतल और भालू सहित बाघ, चीते, तेंदुए और गैंडे भी। रजरप्पा में छिन्नमस्तिका का मंदिर है ही। उसके अतिरिक्त कोनार डैम, तिलैया डैम और हजारीबाग लेक भी है। हजारीबाग लेक जलक्रीड़ा के लिए प्रसिद्ध है। पुराना हजारीबाग जिला के चतरा पहुंचने वाले लोग कौलेश्वरी पहाड़ी का मंदिर देखना नहीं भूलते। यह स्थान ऐसा है, जहां सिख पंथ के प्रथम गुरु नानकदेव के उपदेश गूंजे थे। वहां सिखों की ऐसी आबादी बसी हुई है, जो स्थानीय संस्कृति से घुल-मिल गयी है और धर्म व संस्कृति का देश काल से परे एक नये अलग स्वरूप का दर्शन कराती है। सिखों की वह आबादी सिख गुरुओं के निर्देशों का पालन करते हुए ही दो-तीन सौ साल पहले स्थानीय संस्कृति में रच-बस गयी। वही पहाड़ी पर स्थित कलेश्वरी मंदिर की टस्ट्री है। वहां सालों भर हिंदू, सिख और बौद्ध व जैन धर्मावलंबी यात्रियों की भीड़ लगी रहती है।

## धनबाद

यह कोयलांचल है। **'काला सोना'** की नगरी। यहां शोर्धिथयों और तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने वालों को बार-बार आना ही पड़ता है क्योंकि यहीं केंद्रीय खान अनुसंधानशाला और राष्ट्रीय ईंधन अनुसंधनशाला हैं। सिंदरी में बीआइटी है, जो कभी अपनी पढ़ाई के लिए आइआइटी के समकक्ष माना जाता था। हालांकि आज भी टेक्नोलॉजी की शिक्षा और शोध के मामले में विस्तृत जानकारियों के लिए बीआइटी छात्रों-युवकों को आकर्षित करता है। जो लोग किसी भी कार्यवश धनबाद पहुंचते हैं, वे मैथन और पंचैत डैम घूम आना नहीं भूलते। मैथन डैम धनबाद से 58 और पंचैत डैम 54 किलोमीटर दूर है। मैथन एशिया के सबसे बड़े बांधें में से एक है। बाराकर नदी पर बना यह डैम 162 फीट उंचा है और करीब 15712 फीट लंबा है। इसका जल-विस्तार 66 वर्ग किलोमीटर है। मैथन शब्द 'माई स्थान' से निकला है। यहां विश्व प्रसिद्ध शक्ति पीठ 'कल्याणेश्वरी' मंदिर है। ग्रामीण समाज में देवी का वास जहां होता है, उसे माई का स्थान कहते हैं। विकास के आधुनिक मंदिरों की पूजा करने वाले लोगों के लिए मैथन डैम सचमुच में माई का स्थान है- तीर्थ स्थल भी और पिकनिक स्पॉट भी। पंचैत डैम दामोदर नदी पर बना हुआ है। इस डैम की उंचाई 134 फीट और लंबाई 22155 फीट है। जो मैथन जाते हैं, उनके पांव अनायास पंचैत की ओर मुड़ जाते हैं। दोनों डैमों में भूमिगत पावर हाउस हैं, जो पनबिजली पैदा करते हैं। धनबाद शहर से 52 किलोमीटर दूर गोविंदपुर-गिरिडीह मार्ग पर मुख्य सड़क से दो किलो मीटर अंदर उसरी जलप्रपात है। जंगल की हरी वादियों में खंडोजी पहाड़ से उतरता यह झरना पर्यटकों को आकर्षित करता है। मुनीडीह (धनबाद से बोकारो जाने के रास्ते पर) खान के पास जंगल में भटिंडा जलप्रपात है।

### 700 साल पूराना है देवड़ी मंदिर

मां देवड़ी मंदिर में देश-दुनिया भर के श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। राजधानी रांची स्थित मां देवड़ी मंदिर का अपना विशेष महत्व है। जानकारों के अनुसार यह मंदिर करीब 700 साल पुराना है। मां देवड़ी मंदिर में करीब साढ़े तीन फुट ऊंची 16 भुजाओं वाली देवी काली की मूर्ति है. मंदिर के निर्माण के बारे में कहा जाता है कि ये 10वीं से 12वीं शताब्दी के बीच का है। मंदिर बनते किसी ने नहीं देखा, पुजारी बताते हैं कि एक भक्त को मंदिर की उपस्थिति के बारे में स्वप्न आया था. जब ढूंढा गया तो जंगल की झाड़ियों के बीच देवड़ी माता का मंदिर मिला. हालांकि मंदिर के निर्माण के बारे में एक कथा ये भी है कि तमाड़ के राजा ने इसकी स्थापना युद्ध में परास्त होकर लौटते समय की थी। कहते हैं कि देवी ने सपने में आकर राजा को मंदिर स्थापना करने का आदेश दिया था, जिसके बाद राजा केरा को उनका राज्य दोबारा प्राप्त हो गया था।

मां देवड़ी मंदिर में करीब साढ़े तीन फुट ऊंची 16 भुजाओं वाली देवी काली की मूर्ति है. बताया जाता है कि इस मंदिर की मूर्ति ओडिशा की मूर्ति कला पर आधारित है। माना जाता है कि इस मंदिर की स्थापना पूर्व मध्यकाल में तकरीबन 1300 ई. में हुई है। भारत प्राचीन सभ्यताओं को सहेजने वाला देश है, जिसकी पहचान है कला संस्कृति और इसे अपने आप में समेटे हुए हैं।

मंदिर के निर्माण के बारे में कहा जाता है कि ये 10वीं से 12वीं शताब्दी के बीच का है। मंदिर बनते किसी ने नहीं देखा, पुजारी बताते हैं कि एक भक्त को मंदिर की उपस्थिति के बारे में स्वप्न आया था।